www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -222 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



तेलंगाना विस चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे ... 02

- महापर्व छठ को लेकर राजधानी तैयार
- छठ की आस्था से खिलवाड़ कर रही है दिल्ली सरकार : नीरज तिवारी 03

- अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमत
- अमेरिकी रिपब्लिकन ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस किया लॉन्च 07

मौनी रॉय ने स्टारडम की अपनी यात्रा के हर ... 10

# मप्र में एक ही चरण, छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान आज

## मध्य प्रदेश में 230 व छत्तीसगढ़ में 70 सीटों पर डाले जाएंगे वोट



**भोपाल/रायपुर,** 15 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों शुक्रवार को मतदान होगा। मध्यप्रदेश में आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गई हैं।

- मध्य प्रदेश में कुल 2,533 उम्मीदवार आजमा रहे भाग्य
- निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां की पूरी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में आज प्रेस वार्ता की। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

# छत्तीसगढ़ में कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच होगा मतदान

## 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण की 70 विधानसभा सीटों पर कल मतदान होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है। मतदान को शान्तिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किए जा रहे है। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज शाम यहां पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। उन्होंने बताया कि इस चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

### सुबह आठ बजे शुरू होगा मतदान

सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 727 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी। उन्होंने बताया कि इस चरण में मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।








# ऑस्ट्रेलिया आठवीं बार विश्व कप फाइनल में

**कोलकाता,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स ग्राउंड पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 3 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 8वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। यह पांचवां मौका है, जब अफ्रीकी टीम वनडे विश्वकप के सेमीफाइनल में हारी है। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को हुए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। टीम 49.4 ओवर में 212 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 47.2 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- दूसरे सेमीफाइनल में द. अफ्रीका को 3 विकेट हराया
- फाइनल में 19 को भारत से होगी भिड़त


## सार संक्षेप

### दूसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आज




**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 के आखिरी वर्चुअल शिखर सम्मेलन के पहले शुक्रवार को दूसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आज वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें इजरायल फिलीस्तीन मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

### पंचतत्व में विलीन सुब्रत रॉय, पोते ने दी मुखाग्नि



**लखनऊ।** सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय गुरुवार शाम पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम श्मशान घाट में किया गया। यह वही श्मशान घाट है जिसका उन्होंने जीर्णोद्धार कराया था। अंतिम संस्कार रॉय के पोते हिमांक रॉय ने किया क्योंकि उनके बेटे सुशांतो और सीमांतो विदेश में रहते हैं और दाह संस्कार के लिए समय पर भारत वापस नहीं आ सके।

### भारत-श्रीलंका के बीच सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' शुरू



**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2023' का नौवां संस्करण गुरुवार को पुणे के औंध में शुरू हुआ। दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियां 16 से 29 नवंबर तक अभ्यास करेंगी। अभ्यास में भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के 120 सैनिकों द्वारा किया जा रहा है। श्रीलंकाई पक्ष का प्रतिनिधित्व 53 इन्फैंट्री डिवीजन के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है।

### इंडोनेशिया व वियतनाम के रक्षा मंत्रियों से मिले राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 10 वीं बैठक एडीएमएम-प्लस के मौके पर अपने इंडोनेशियाई और वियतनामी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। श्री सिंह ने इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों की समीक्षा की और विशेषकर समुद्री क्षेत्र में सहयोग को अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### आरबीआई ने एक्सिस बैंक पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों के उल्लंघन के लिए एक्सिस बैंक पर 90.93 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने गुरुवार को बताया कि यह जुर्माना आदेशों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है।

### राजस्थान में भाजपा का घोषणा पत्र जारी

# भाजपा का 5 साल में ढाई लाख नौकरियां देने का वादा

**जयपुर,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने वादा किया है कि गेहूं की फसल 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। इसके साथ ही जिन किसानों की जमीन कुर्क हो गई है, उन्हें मुआवजा देने के लिए एक कमेटी बनवाई जाएगी। इसके साथ ही भाजपा ने पांच साल में ढाई लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर शहर में एंटी रोमियो फोर्स तैयार की जाएगी और हर थाने में एक महिला डेस्क बनाई जाएगी।



- पेपर लीक की जांच के लिए एसआईटी बनेगी

### गहलोत सरकार के घोटालों की जांच के कराएंगे

भाजपा ने वादा किया है कि उसकी सरकार आई तो गहलोत सरकार में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी। इसके तहत पेपर लीक, जल जीवन मिशन, वृद्धा पेंशन घोटाले समेत सभी घोटालों की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### लाडली की तर्ज पर लाडो प्रोत्साहन योजना

इसमें 2 लाख रुपए का सेविंग बॉन्ड हर नवजात बेटी को दिया जाएगा। छठी क्लास में 6 हजार रुपए, नौंवी क्लास में 8 हजार रुपए, 10वीं क्लास में 10 हजार, 12वीं क्लास में 14 हजार रुपए, प्रोफेशनल पढ़ाई के लिए 50 हजार रुपए और 21 साल की होने पर 1 लाख रुपए अकाउंट में डिपॉजिट होगा। यह योजना मप्र की लाडली लक्ष्मी योजना की तर्ज पर शुरू की जाएगी।

### वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार सख्त

# छह सदस्यीय टास्क फोर्स रोकेगी प्रदूषण

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी के अंदर ग्रेप चार को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली सरकार ने छह सदस्यीय स्पेशल टास्कफोर्स का गठन किया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि इस टास्कफोर्स में परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त, पुलिस उपयुक्त यातायात (मुख्यालय), राजस्व विभाग के उपायुक्त (मुख्यालय.), दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर सदस्य होंगे। इस टास्क फोर्स का काम संबंधित विभागों के साथ प्रतिदिन समन्वय करना और उनके समक्ष आने वाली दिक्कतों को दूर करना और कार्यान्वयन से सम्बंधित सरकार को अपनी रिपोर्ट देना होगा। श्री राय ने ग्रेप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद कहा कि अभी वर्तमान समय में प्रदूषण की जो स्थिति बनी हुई है उसे लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदूषण की बहुत ख़राब स्थिति ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रेप-4 के तहत बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल एलएमवी के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। अभी तक 16,689 बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल गाड़ियों का चालान किया गया है। ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा 84 टीम को लगाया गया है। साथ ही दिल्ली पुलिस की 284 टीम लगाई गई है।



- ग्रेप को कड़ाई से लागू करेगी सरकार
- दिल्ली पुलिस की 284 टीम लगाई गई

### फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंची आबोहवा



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार को सुबह नौ बजे 393 रहा।

# टनल में फंसे मजबूरों को निकालने का काम जारी

**उत्तरकाशी,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय नागर विमानन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (रिटा.) वीके सिंह ने सिलक्यारा टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन एवं ऑगर मशीन से ड्रिलिंग की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जनरल सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर रेस्क्यू अभियान की समीक्षा की और पत्रकारों से वार्ता कर रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टनल में फंसे मजदूरों को निकालना सरकार की पहली प्राथमिकता है। ऑगर मशीन की स्थापना का कार्य पूर्ण होने के बाद सुरंग के भीतर जमा मलवे में ड्रीलिंग शुरू हो चुकी है। 6 मीटर लंबे एक पाइप की ड्रिलिंग पूरी हो गई है। दूसरे पाइप की ड्रिलिंग जारी।



- 6 मीटर लंबे एक पाइप की ड्रिलिंग हुई पूरी
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह पहुंचे उत्तरकाशी

टनल विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय संगठन और विशिष्ट प्रकृति के रेस्क्यू कार्यों में उच्चतम कोटि की दक्षता व अनुभव रखने वाले संगठनों व विशेषज्ञों से भी लगातार सलाह मशविरा किया जा रहा है। सरकार मजदूरों को जल्द से जल्द बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और वैकल्पिक रणनीति भी तैयार रखी गई है।

### अब सुरंग निर्माण कार्यों की समीक्षा खुद करेगी सरकार

उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में हुए भूधंसाव के चलते पिछले 5 दिनों से मजदूर टनल में फंसे हुए हैं। मजदूरों को टनल से बाहर निकलने के लिए आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार प्राथमिकता के आधार पर टनल में फंसे लोगों को निकलने की कवायद में जुटी हुई है। इसी बीच अब उत्तराखंड सरकार ने इस हादसे से सबक लेते हुए बड़ा निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत भविष्य में होने वाले टनल निर्माण कार्यों की सरकार खुद समीक्षा करेगी।

### पीएमजीकेएवाई योजना पर कांग्रेस ने पूछा सवाल

# पांच साल बढ़ाने की घोषणा की थी, बढ़ाई एक साल

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी से एक साल तक के लिए बढ़ा दी गई है।

इसको लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़ा करते हुए कहाकि प्रधानमंत्री ने इसे पांच साल तक के बढाए जाने की घोषणा की थी,लेकिन सरकार के प्रेस नोट में इसका कोई जिक्र नहीं है और योजना को महज एक साल के लिए बढाया गया है। मोदी सरकार पर तंज करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि पीएमजीकेएवाई राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम,2013 को अगले पांच सालों के लिए बढ़ाया जा रहा है। लेकिन बुधवार शाम मोदी सरकार की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि पीएमजीकेएवाई को 1 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।



- प्रधानमंत्री की घोषणा उनकी सरकार की प्रेस नोट में क्यों नहीं दिखती

# चिकनगुनिया का पहला टीका फ्रांस ने किया तैयार

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। चिकनगुनिया का पहला टीका फ्रांस ने तैयार किया है। फ्रांसीसी बायोटेक कंपनी वलनेवा द्वारा तैयार किए गए चिकनगुनिया के टीके को यूएस फूड एंड डग एडमिनिस्टेटिव से मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली कंपनी हो गई है,जिसे अधिकृत रूप से चिकनगुनिया का टीका बनाने का लाइसेंस हासिल हो गया है। कंपनी जल्द ही इस टीके को भारत में लांच करने की तैयारी में है। वलनेवा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जुआन कार्लोस जारामिलो ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वह कोएलिशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन और ब्राजील की इंस्टीट्यूटो बुटानटन के साथ साझेदारी करके भारत में यह टीका बनाने की तैयारी में हैं।

- फ्रांसीसी कंपनी भारत में लांच करेगी टीका

### निर्णय — राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का एमबीबीएस सीटों पर फैसला

# 10 लाख की आबादी पर सौ सीटों के फैसले पर लगी रोक

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण भारत के राज्यों के विरोध के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने हर 10 लाख की आबादी पर एमबीबीएस की साटें सौ तक सीमित करने के अपने फैसले पर एक साल की रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण के राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक और पुडुचेरी जहां बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज हैं,** ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर एनएमसी के इस फैसले पर आपत्ति दर्ज कराई थी। बीते एक नवम्बर को मंत्रालय ने चिकित्सा नियामक से अपने इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था। इसके बाद आयोग ने राज्यों को खत लिखकर कहा है कि अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा नए मेडिकल संस्थानों की स्थापना के तहत स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों के लिए दिशानिर्देशों के अध्याय-1 के तहत नए मेडिकल पाठ्यक्रमों की शुरुआत,मौजूदा पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की वृद्धि और मूल्यांकन रेंटिंग विनियम, 2023 अब शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू किया जाएगा। बतादें कि गत 16 अगस्त को आयोग ने अपनी अधिसूचना में कहा था कि आगामी अकादमिक सत्र से स्थापित मेडिकल कॉलेजों में अधिकतम 150 सीटें होंगी। साथ ही हर 10 लाख की आबादी पर केवल 100 एमबीबीएस सीटों की मान्यता होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का मानना है कि इन नियम के आधार पर सीटों की सीमा तय करने से स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता के मामले में क्षेत्रीय असमानता दूर होगी।

दक्षिण के राज्यों ने एनएमसी के फैसले पर दर्ज कराई थी आपत्ति



# देश

**उवाच**



"महतारी वंदन योजना वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित किसी योजना का नाम नहीं है और न ही इसे कोई विभाग संचालित करता है। भाजपा ने केवल महिलाओं को भ्रमित करने के लिए अपनी चुनावी घोषणा का फार्म भरवाना शुरू किया है।

–मोहम्मद अकबर, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.0 | 17.0 |
| मुंबई | 31.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# राजस्थान में भाजपा का संकल्प पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा : कांग्रेस

**जयपुर,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि

■ **चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश करने का लगाया आरोप**

भाजपा का संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए महज रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं किया। भाजपा देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इनका एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं है। भाजपा ने संकल्प पत्र में महंगाई, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, ओपीएस और चिरंजीवी योजना जैसे मुद्दों को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पार्टी राजस्थान में ओपीएस, चिरंजीवी जैसी जनहितकारी योजनाओं को बंद करने की मंशा रखती है। राजस्थान सरकार ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देना शुरू किया, तब भाजपा ने इसे रेवड़ी बताया। अब कांग्रेस की ओर से दिए जा रहे राहतों के अंबार के चलते भाजपा के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। ऐसे में उन्हें माताओं, बहनों और सिलेंडर सब्सिडी देने की याद आ गई। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र राजस्थान की जनता की नजरों में झूठ के पुलिंदे और रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं है। भाजपा के आज तक के संकल्पों का हाल जनता पहले ही देख चुकी है। चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश, सत्ता हथियाने की साम-दाम-दंड-भेद की राजनीति, विपक्ष के खिलाफ दबाव की रणनीति भाजपा का एकमात्र ध्येय है। जनता से झूठे वादे करना ही भाजपा का असली संकल्प है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना, हर थाने में महिला डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, केजी से पीजी तक बालिका शिक्षा फ्री, पेपर लीक पर एसआईटी का गठन जैसी बातें कहीं, जबकि राजस्थान में पहले से ही मेधावी छात्राओं को फ्री स्कूटी दी जा रही है। वहीं थानों में पहले से महिला डेस्क स्थापित की जा चुकी हैं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार पहले ही महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए निर्भया स्क्वॉड संचालित कर रही है। इसी तरह केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा भी राजस्थान में पहले ही कांग्रेस सरकार में फ्री दी जा रही है। राजस्थान की मौजूदा कांग्रेस सरकार ओबीसी, अल्पसंख्यक, दिव्यांग सहित अन्य वर्गों के कल्याण के लिए ढेरों कदम पहले ही उठा चुकी है।



**देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही भाजपा का एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं : लोकेश शर्मा**

## भाजपा ने केवल जनता को ठगने का काम किया : कांग्रेस

लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने महज कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अलग नाम देकर जनता के सामने रखने का काम किया है, जबकि राजस्थान की जनता पिछले पांच सालों से इनका लाभ उठा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिन सात गारंटियों को लागू करने की बात कही है, वे इस तरह की कोई भी योजना आम जनता के हित में नहीं बता पाए। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया जो विशेष रूप से राजस्थान की जनता को लेकर किया गया हो। भाजपा ने इस संकल्प पत्र के नाम पर केवल केंद्र सरकार की योजनाओं को वापस नाम परिवर्तित कर आम जनता के सामने रखने का काम किया है। भाजपा ने ऐसा करके केवल जनता को ठगने का काम किया है।

# तेलंगाना विस चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणा पत्र) जारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहेंगे। अपने इस चुनावी दौरे के दौरान अमित शाह शनिवार को तेलंगाना में 3 अलग-अलग इलाकों में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे और साथ ही राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) भी जारी करेंगे। आपको बता दें कि तेलंगाना में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रही भाजपा ने पहले ही राज्य में 51 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़ा राजनीतिक दांव खेल रखा है।



अमित शाह पहले ही तेलंगाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह वायदा कर चुके हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर ओबीसी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा जहां एक तरफ राज्य के ओबीसी और दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े वादे कर सकती है। वहीं, पार्टी सत्ता में आने पर तेलंगाना की केसीआर सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्चस्तरीय अथवा एसआईटी जांच करवाने का भी वादा कर सकती है। राज्य के चुनावी माहौल एवं बीआरएस और कांग्रेस द्वारा वोटरों से किए जा रहे वादों को देखते हुए भाजपा भी अपने घोषणा पत्र में लुभावने वायदों की झड़ी लगा सकती है।

# छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण में गुरु-शिष्य के बीच कांटे की टक्कर

**रायपुर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट इस बार भी हाई प्रोफाइल है। कांग्रेस ने रायपुर जिले की हाई प्रोफाइल वीआईपी सीट रायपुर दक्षिण से पिछली बार चुनाव लड़ चुके कन्हैया अग्रवाल का टिकट काट कर सीएम के करीबी और प्राचीन दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को टिकट दिया है। ऐसे में यहां पर चुनावी लड़ाई काफी रोचक हो गई है। अब इस सीट पर पूरे प्रदेश की नजर टिकी हुई है। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल महंत को अपना गुरु मानते हैं। ऐसे में गुरु और शिष्य के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। बृजमोहन अग्रवाल और महंत राम सुंदर दास के बेहतर संबंध हैं। अग्रवाल मठ के कार्यक्रमों में लगातार शिरकत करते रहे हैं। बृजमोहन अपने पिता के साथ स्कूली जीवन से ही मठ जाते रहे हैं। महंत रामसुंदर दास के गुरु से मिलते रहे हैं। उनका आशीर्वाद लेते रहे हैं। क्योंकि ये मठ रायपुर दक्षिण विधानसभा में पड़ता है। बृजमोहन अग्रवाल के सामने लगातार 8वीं बार जीत के क्रम को दोहराने की चुनौती है तो कांग्रेस को इस सीट पर कब्जा करने के लिए बेचैनी है। हर बार कांग्रेस इस सीट पर नया चेहरा लाती है पर अब तक वो वो रायपुर दक्षिण किले पर फतह हासिल नहीं कर सकी है। महंत रामसुंदर दास का कहना है कि वो इससे पहले भी दो बार कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं। जाजंगीर चांपा से विधायक रह चुका हूं और इस बार के लिए भी मैं जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। कांग्रेस हाईकमान और वरिष्ठों ने मुझे रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी बनाया है।



**दांव पर लगी महंत की प्रतिष्ठा**

## सात बार से विधायक हैं बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल सात बार यानी 35 साल से इस सीट से विधायक हैं। वर्ष 2018 में इस सीट से कांग्रेस ने कन्हैया अग्रवाल को टिकट दिया था। बृजमोहन ने 52.70 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि कन्हैया अग्रवाल को महज 40.82 वोट मिले थे और उनकी हार हुई थी। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बने। फिर साल 1993 और 1998 में अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन बार विधायक रहे। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद वो लगातार यहां से 4 बार वर्ष 2003, 2008, 2013, 2018 में चुनाव जीतते आ रहे हैं। साल 2018 के चुनाव में प्रदेशभर में कांग्रेस की लहर थी, लेकिन उस समय भी दक्षिण से भाजपा ने जीत हासिल की थी।

## सार संक्षेप

### भूपेश व बैज ने की मतदाताओं से मतदान की अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दूसरे एवं आखिरी चरण के चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है। बघेल ने मतदाताओं से कहा कि मतदान के दिन सारे कामों को पीछे छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें यह आपका पहला नागरिक कर्तव्य है। निर्भीक होकर सोच समझकर मतदान करें। आपका मत नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने जाएं, अपने मुद्दों पर मतदान करें जिससे आपका जीवन सुधरेगा उन मुद्दों पर मतदान करे जब मत डाले तो यह जरूर देखें कौन आप के सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके जीवन स्तर को सुधारने को काम करेगा।

### मप्र में सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गईं हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। राजन ने कहा कि 17 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा।

### जनसंपर्क के दौरान विधायक बैरवा की तबीयत बिगड़ी

**धौलपुर।** धौलपुर में बसेड़ी विधायक एवं निर्दलीय प्रत्याशी खिलाड़ी लाल बैरवा की बुधवार को जनसंपर्क के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। शुगर लेवल एवं बीपी हाई लेवल पर पहुंचने से कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ गई। कार्यकर्ताओं ने आनन-फानन में जिला अस्पताल के कार्डिक आईसीयू में भर्ती कराया है। खिलाड़ी लाल बैरवा ने बताया, बुधवार को बसेड़ी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। जनसंपर्क के दौरान अचानक घबराहट और बेचैनी बढ़ गई। चक्कर आने पर विधायक बेहोश भी हो गए।

### गड़करी ने दिया कुमारी के समर्थन में मांगे वोट

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने गुरुवार को जयपुर के विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दिया कुमारी के समर्थन में रोड शो में भाग लिया। गडकरी ने विद्याधरनगर के परशुराम सर्किल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद दिया कुमारी एवं उनके हजारों समर्थको के साथ मुरलीपुरा के विभिन्न इलाकों से होते हुए नाड़ी का फाटक पहुंचे।

# मप्र में मतदाताओं को वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्प

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदान के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में हैं और उन तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है, वो वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्पों के जरिए भी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केंद्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिए फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार या पीएसयू या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों या विधायकों या एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड, में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर 17 नवम्बर को मतदान कर सकता है।




आदिलाबाद में आयोजित चुनावी सभा में बोले केसीआर

# तेलंगाना को धोखा देने वाली भाजपा को न दें वोट

**आदिलाबाद,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को आदिलाबाद में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक केसीआर जीवित हैं, तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष रहेगा। कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में देखा। यदि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान अल्पसंख्यकों पर 2000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, तो हमने दस साल की बीआरएस सरकार के दौरान 12,000 करोड़ रुपए खर्च किए। हमने अल्पसंख्यक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय और आवासीय महाविद्यालय स्थापित किए हैं। तेलंगाना को धोखा देने वाली बीजेपी को एक भी वोट नहीं दें। प्रदेश में हमारी बीआरएस सरकार दोबारा जरूर आएगी। मेरा आपसे अनुरोध है कि जोगु रमन्ना को दिल से आशीर्वाद दें और कार चुनाव चिन्ह को वोट देकर बीआरएस को जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आदिलाबाद के इतिहास में केवल एक जोगु रमन्ना है जिसने चणका-कोराटा बैराज का काम पूरा कराया। इस नहर से लगभग 50 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होती है। जोगु रमन्ना उत्कृष्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने आदिलाबाद में इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज लाया है। जो काम कांग्रेस ने नहीं संभाला वो सभी योजनाएं बीआरएस पार्टी पूरा करेगी। कांग्रेस के जमाने में बिजली नहीं थी। अब चौबीस घंटे बिजली है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मैने प्रधानमंत्री मोदी को सौ पत्र लिखा लेकिन तेलंगाना के लिए एक मेडिकल कॉलेज या एक नवोदय स्कूल नहीं दिया गया है। इसलिए भाजपा को वोट न दें।



**कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा : के.चंद्रशेखर राव**

**लोकतंत्र में सावधानी से हो वोट के हथियार का इस्तेमाल**

विकसित देशों में लोकतंत्र परिपक्व हो गया है। यह अभी तक हमारे देश में नहीं आया है। लोकतंत्र में जनता के वोट के हथियार का इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। कल्याणलक्ष्मी, शादी मुबारक जैसे कई कल्याणकारी कार्यक्रम आपकी आंखों के सामने चल रहे हैं। हमने किसानों के कल्याण के लिए बेहतरीन नीति अपनाई है जो देश के किसी भी राज्य में नहीं है। बीआरएस ने किसानों को पानी की आपूर्ति का पुराना बकाया माफ कर दिया है। हम कृषि स्थिरीकरण के हिस्से के रूप में पानी की आपूर्ति के साथ किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान कर रहे हैं।

## बीआरएस उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने बीआरएस उम्मीदवार जोगु रमन्ना को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि चुनाव में उम्मीदवारों के गुण ही नहीं, उनके पीछे की पार्टियों के पिछले इतिहास को भी ध्यान में रखकर वोट दिया जाना चाहिए। बीआरएस पार्टी का जन्म तेलंगाना के लोगों के लिए और तेलंगाना राज्य की उपलब्धि के लिए हुआ है। बीआरएस सरकार आपके आशीर्वाद से चल रही है। जब नया राज्य बना, तो तेलंगाना में बिजली, ताजा पानी और सिंचाई का पानी नहीं था। किसानों की भुखमरी और श्रमिकों की आत्महत्या जैसी कई समस्याएँ थीं। एक-एक करके हम प्रत्येक दिशा में विकास कर रहे हैं। हमने सैकड़ों रुपए की पेंशन को हजारों रुपए तक पहुंचाया।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में 2,290 उम्मीदवार

**हैदराबाद,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवम्बर को होने वाले चुनाव में कुल 2,290 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 608 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। 15 नवम्बर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख थी। इससे पहले 606 नामांकन खारिज होने के बाद 2,898 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए थे। हैदराबाद में एलबी नगर निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 48 है, उसके बाद गजवेल में संख्या 44 है। गजवेल में जहां मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां से 114 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, उनमें से 70 ने अपना नामांकन वापस ले लिया। यह सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वापसी की सबसे अधिक संख्या थी। इस बार केसीआर कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 39 उम्मीदवार मैदान में हैं।



## बसपा नेता की गिरफ्तारी पर लगी रोक

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कागजनगर पुलिस को हत्या और डकैती के प्रयास के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया, जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती। कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर कस्बे में बसपा और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सोमवार को प्रवीण कुमार और उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रवीण कुमार ने याचिका दायर कर कागजनगर थाने में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का आदेश देने की मांग की है। उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार न किया जाए जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**सिहोर,**16 नवम्बर (एजेंसियां)। निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर ने एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। ये निलंबन तत्काल प्रभाव से माना जाएगा। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आष्टा जनपद अंतर्गत प्राथमिक शाला गादिया के शिक्षक धनलाल कलम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में कलम का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सीहोर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आष्टा विधानसभा की मतदान सामग्री वितरण के दौरान मतदान दल क्रमांक-529 में नियुक्त पीठासीन अधिकारी धनलाल कलम प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गदिया को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान शराब पीकर उपस्थित होने के कारण दल रवाना नहीं किया जा सका। इस कारण रिटर्निंग ऑफिसर-157 आष्टा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।

# मप्र विस चुनाव ने सिंधिया-गांधी परिवार के बीच बढ़ाई खटास

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव में विरोधी दलों के एक दूसरे पर हमले आम बात है। व्यक्तिगत हमले काम ही होते हैं, मगर मध्य प्रदेश में ऐसे व्यक्तिगत हमले हुए कि उसने गांधी और सिंधिया परिवार के बीच खटास बढ़ाने का काम कर दिया है। चुनावी मौसम में ज्योतिरादित्य सिंधिया को अहंकारी तक कह दिया। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में राहुल, प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच गजब की कैमिस्ट्री देखने को मिली थी।

इन चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त पाई और सरकार भी बनाई। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया और वह भाजपा का हिस्सा बन गए परिणाम स्वरूप कांग्रेस की सरकार गिर गई वर्तमान में ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री हैं। भले ही सिंधिया कांग्रेस के अलग हो गए, मगर उनके और गांधी परिवार के बीच खटास नजर नहीं आई थी। संसद से तो एक ऐसी तस्वीर सामने आई थी, जिसमें सिंधिया सोनिया गांधी के साथ बैठे हुए थे। आमतौर पर यही चर्चा थी कि भले ही सिंधिया कांग्रेस छोड़कर चले गए हों, मगर दोनों परिवारों के बीच दूरियां नहीं बढ़ी हैं। प्रियंका गांधी का पिछले दिनों ग्वालियर आना हुआ, मगर उन्होंने सीधे तौर पर सिंधिया पर हमला नहीं किया। प्रियंका गांधी का बीते रोज दतिया आना हुआ और यहां उन्होंने जनसभा में सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया पर ही नहीं, बल्कि उनके खानदान तक पर हमला बोल दिया।



■ **चुनावी मौसम में सिंधिया को अहंकारी तक बताया**

**मतदान** *मध्य प्रदेश के सीहोर में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण*

# नौ लाख से अधिक मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**सीहोर,16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में आज मतदान होगा। सीहोर जिले में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1238 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बुधनी में 363, आष्टा में 335।**

इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि कुल 6206 कर्मचारी मतदान सम्पन्न कराएंगे। मतदान कराने वाले कर्मचारियों में 4719 पुरूष तथा 1487 महिला कर्मी हैं। जिले में 90 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनका पूरी तरह संचालन महिला कर्मी करेंगी। इन पोलिंग बूथ में 661 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन महिला कर्मियों को सुचारू रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। बुधनी विधानसभा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 20 मतदान केंद्रों में 162 महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार आष्टा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 25 मतदान केंद्रों में 160 महिला कर्मियों, इछावर के 15 मतदान केन्द्रों में 60 महिला कर्मियों तथा सीहोर में 40 मतदान केंद्रों में 279 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1487 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधनी विधानसभा से 402, आष्टा से 366, इछावर से 184 तथा सीहोर से 535 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 327 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए जाएंगे, इन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। बुधनी में 118, आष्टा में 74, इछावर में 23 तथा सीहोर में 139 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए गए हैं। जिले की चारों विधानसभा के 1238 मतदान केन्द्रों में 17 वल्नरेबल तथा 307 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। बुधनी विधानसभा में 122, आष्टा में 61, इछावर में 62 तथा सीहोर में 62 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों के साथ ही 626 केन्द्रों पर सीसीटीवी, वेबकॉस्टिंग तथा 200 केंद्रों पर माइक्रो आर्ब्जवर की व्यवस्था तथा 90 मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए एफएसटी, एसएसटी तथा वीएसटी दलों द्वारा सघन जांच एवं निगरानी की जा रही हैं। जिले में कुल 16 एफएसटी, 26 एसएसटी, 4 वीवीटी तथा 8 वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। बुधनी विधानसभा में जांच के लिए 5 एफएसटी, 8 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। इसी प्रकार आष्टा में 4 एफएसटी, 7 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है।



■ **90 पोलिंग बूथ का संचालन करेंगी 661 महिला कर्मी**

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# महापर्व छठ को लेकर राजधानी तैयार

## छठ पूजा के महा आयोजन की तैयारी में जोर-जोर से जुटी दिल्ली सरकार : सोमनाथ भारती



- दिल्ली में एक हजार से ज्यादा घाट तैयार
- सोमनाथ भारती ने कालिंदी कुंज में यमुना नदी का किया दौरा

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में महापर्व छठ की तैयारी सरकार की ओर से लगभग पूरी हो चुकी है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने जानकारी देते हुए कहा कि यहां एक हजार से ज्यादा घाट तैयार किए गए हैं। वहीं उन्होंने कालिंदी कुंज में यमुना नदी का दौरा किया और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में बने घाटों पर ड्रोन की मदद से तैयारियों का जायजा लिया गया। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार छठ पूजा के महा आयोजन की तैयारी में जोर-जोर से जुटी हुई है। दिल्ली में 1000 से ज्यादा छठ घाट दिल्ली सरकार द्वारा बनाए गए हैं। जिससे कि छठ व्रती अपने घर के आसपास ही किसी घाट पर अर्घ्य दे सकें। वहीं सोमनाथ भारती ने कहा कि मैंने कालिंदी कुंज बैराज के पास दिल्ली जल बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे यमुना नदी में डिफोमिंग के काम का जायजा लिया। बैराज के एक तरफ जहां कोई फोम नहीं है वहीं दूसरे तरफ यमुना नदी का पानी ऊंचाई से गिरने के कारण थोड़ा फोम बन जाता है।

भाजपा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह भी बता दूं कि कालिंदी कुंज बैराज का कंट्रोल भाजपा शासित उत्तर प्रदेश सरकार के पास है। वह शायद जानबूझकर बैराज के वही गेट खोलते हैं जो दिल्ली की तरफ हैं। छठ पूजा की तैयारियों के बीच यमुना नदी में जहरीले झागों को हटाने के लिए केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है। यमुना नदी में जहरीले झाग देखे गए हैं। कालिंदी कुंज में ज्यादा झाग इसलिए बनता है, क्योंकि इस हिस्से में नदी पूरी तरह प्रदूषित रहती है और पानी ओखला बैराज से ऊंचाई से छोड़ा जाता है। आक्सीजनेशन की प्रक्रिया सर्दी शुरू होने के साथ कम हो जाती है। छठ व्रतियों को लिए ज्यादा पानी छोड़ा जाता है, जिसमें ज्यादा फॉस्फेट होता है। कार्बनिक अणुओं के सड़ने से झाग बनता है।

### मेयर ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने दिल्ली के नजफगढ़ जोन के डाबरी वार्ड 117, सागरपुर वार्ड 118 और मंगलापुरी वार्ड 119 क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले छठ घाटों का निरीक्षण किया और आगामी छठ पूजा की व्यवस्था का जायजा लिया। डाबरी वार्ड के सूर्य उपासना छट घाट पर सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने अधिकारियों को घाट की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और छठ स्थल पर उचित रोशनी के लिए लाइटें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाट से निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट (सी एंड डी वेस्ट) और अन्य कचरे को तत्काल हटाने के लिए कहा और पुजा स्थल के आसपास सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर ने बताया कि दिल्ली के सभी वार्डों में छठ घाट बनकर तैयार हो गए हैं। इसके अलावा दिल्ली नगर निगम ने अपने सभी 250 वार्डों में छठ घाटों के रख-रखाव के लिए प्रति वार्ड 40 हजार रुपये की राशि आवंटित की है। दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, छठ पूजा महापर्व के दौरान पूर्वांचल के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या से जूझना न पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा छठ घाटों की समय से सफाई सुनिश्चित की जा रही है और वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग भी की जा रही है।

## एम्स अस्पताल के निकट रोगियों और तीमारदारों को कंबल बांटे



**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। त्योहारों के इस मौसम में हम में से ज्यादातर लोग घर की सजावट, नए कपड़े, मिठाइयां आदि खरीदने में व्यस्त रहते हैं। लेकिन, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें इन सब के बीच उनकी चिंता भी है जो इस ठंड में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक नाम हैं सोनल गोयल त्रिपुरा भवन में रेजिडेंट कमिश्नर के तौर पर तैनात सोनल एक वरिष्ठ आईएएस अफसर हैं, जो दीपावली के बाद एम्स अस्पताल के निकट रोगियों, तीमारदारों और ज़रूरतमंदों को कम्बल, मिठाई आदि बांटती नजर आयीं। सोनल ने कुछ रोगियों के साथ हल्की-फुल्की बातचीत कर उनका मनोबल भी बढ़ाया और उन्हें जल्द ठीक होने का हौसला दिया। सोनल ने बताया कि इस डोनेशन ड्राइव का मकसद उनके पिता के कदमों पर चलते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देना है और यह सुनिश्चित करना है कि हमारे आस- पास कोई भी त्यौहारों की खुशियों की रोशनी से महरूम न रहे।

## छठ की आस्था से खिलवाड़ कर रही है दिल्ली सरकार : नीरज तिवारी

### दिल्ली सरकार पर बोला हमला



**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ पर्व की आस्था के साथ खिलवाड़ के खिलाफ भाजपा दिल्ली प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर जोरदार हमला बोला है। मालूम हो कि भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा द्वारा दिल्ली में छठ पर्व की तैयारी में आप सरकार द्वारा की जा रही राजनीति पर सवाल खड़े किए थे जिसके जवाब में आज आप के तीन विधायकों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया।

गुरुवार को भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि जब कल 17 तारीख को नहाय खाय से छठ पर्व की शुरुआत हो रही है उसके दस घण्टे पहले दस सूत्री घोषणा करना केजरीवाल सरकार का पाखंड करार दिया है। तिवारी ने भाजपा के सांसद मनोज तिवारी पर विधायकों द्वारा व्यक्तिगत आरोप लगाना भी उनकी हतासा का परिचायक है मनोज तिवारी हमारे हमारे सम्मानित नेता हैं इन्होंने छठ मईया के गीत गाकर छठ संस्कृति को पूरे विश्व में फैलाया है केजरीवाल सरकार को सद्बुद्धि हो वो छठी मईया का अपमान न करे। आप विधायकों को इससे ही समझ लेना चाहिए कि हमारी छठ मईया की कितनी महिमा है।

नीरज तिवारी ने कहा कि पहले आप की मंत्री आतिशी छठ घाटों के निर्माण की बात कर रही थी अब उनकी भाषा बदल गई है यही दिल्ली सरकार के वादों का खोखलापन है ये छठ पर्व के नाम पर लगातार झूठ बोल रहे हैं पूर्वांचल की जनता केजरीवाल सरकार के पाखंड को समझ चुकी है छठ पर्व पर आप सरकार द्वारा किए जा रहे पाखंड के खिलाफ भाजपा दिल्ली प्रदेश और पूर्वांचल मोर्चा अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

## सार संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल टिहरी एक्रो फेस्टिवल 24 नवम्बर से

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पर्यटन मानचित्र में टिहरी झील सबसे तेजी से उभरता हुआ नया स्थल है। एडवेंचर टूरिज्म के शौकीनों के लिए यह स्थान हॉट फेवरेट साबित हो रहा है। यही वजह है कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड के अंतर्गत राज्य की धामी सरकार द्वारा यहां नियमित रूप से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब टिहरी झील में 24 से 28 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 का आयोजन होने जा रहा है। दिल्ली में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि टिहरी झील में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान यूफोरिया, पांडवास जैसे नामी बैंड भी शाम के समय अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं भारत समेत दुनिया भर के 26 देश इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को साहसिक पर्यटन के खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नित नए आयोजन किये जा रहे हैं। टिहरी झील में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल इस दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर पायलट की गई जान, तीन माह में तीसरी मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दिल का दौरा पड़ने से एयर इंडिया के एक पायलट की मौत हो गई है। आपात स्थिति में साथी कर्मचारियों ने कैप्टन हिमानील कुमार को सीपीआर दी। इसके बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। मिली जानकारी के मुताबिक, बीते तीन महीनों में यह पायलट की तीसरी मौत है। रिपोर्ट के मुताबिक, 16 नवंबर को 11 बजकर 35 मिनट पर एयर इंडिया एयरलाइंस के कमांडर हिमानील कुमार को एयर इंडिया ऑफिस में लेवल तीन का कार्डियक अरेस्ट आया। कैप्टन की उम्र 37 साल बताई जा रही है। सहयोगियों की मदद से सीपीआर दी गई। इसके तुरंत बाद ही मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया। सीपीआर देने और डॉक्टर के इलाज के बाद भी उनकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टर नवीन ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैप्टन हिमानील कुमार का 23 अगस्त 2023 को इलाज हुआ है। जिसके बाद उन्हें फिट बताया गया। इसके बाद उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में सरस मेले का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आयोजित सरस मेले का औपचारिक शुभारम्भ आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सिंह ने देश के कोने-कोने से आयी हुई दीदियों को बधाई देते हुए कहा की उनकी मेहनत से सरस आजीविका मेला आज राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। मेले का उद्घाटन करते हुए सिंह ने सरस मेलों को एसएचजी दीदियों की आजीविका संवर्धन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सिंह ने कहा की ग्रामीण विकास मंत्रालय माननीय मंत्री जी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री के एसएचजी दीदियों में से दो करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं ओर इस दिशा में सरस मेला एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। दो करोड़ एसएचजी दीदी को लखपति बनाने हेतु मंत्रालय विभिन्ना इंटेरवेंसन एसएचजी दीदी को उपलब्ध करा रहा है, उसमें से मार्केटिंग एक अहम रोल अदा करता है।

## दिल्ली व पंजाब सरकारों को उठाना चाहिए प्रदूषण नियंत्रण के तत्काल कदम : सचदेवा

### राजधानी के खराब होते हालत पर जताई चिंता



**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र में दिल्ली और पंजाब सरकार की प्रदूषण के कारणों को नियंत्रित करने में विफलता के लिए निंदा की है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली के हालत खराब होकर दिल्ली एक गैस चैम्बर बन गई है। पत्र में कहा गया है कि यह अफसोस की बात है कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दोनों सरकारें पंजाब के किसानों द्वारा पराली जलाने से रोकने एवं दिल्ली की सड़कों के रखरखाव और प्रदूषक वाहनों को हटाने और सड़कों एवं सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने जैसे प्रदूषण विरोधी कदमों पर पूरी तरह से दृष्टिहीन हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आग्रह किया है कि वे कल्पना करें कि अगर केंद्र सरकार ने दिल्ली में ईस्टर्न वेस्टर्न पेरीफेल्स और अन्य राजमार्गों जैसे दिल्ली मेरठ हाईवे, द्वारका एक्सप्रेसवे, धौला कौन महिपालपुर रोड, तीसरी रिंग आदि का निर्माण नहीं किया होता और 700 इलैक्ट्रानिक बसों का उपहार दिल्ली को नहीं दिया होता तो दिल्लीवासियों को क्या झेलना पड़ता। पत्र में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने पंजाब सरकार द्वारा पंजाब के किसानों द्वारा पराली जलाने को रोकने में मदद करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई हजारों करोड़ रुपये की मशीनों और धन का उपयोग नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। पत्र में पीडब्ल्यूडी और एमसीडी दोनों की टूटी सड़कों को बनाने या सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करने में केजरीवाल सरकार की विफलता पर आश्चर्य व्यक्त किया गया है।

## त्वचा फंगल संक्रमण का तुरंत उपचार जरूरी : डॉ. अभिनव सिंह



**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध एमबीबीएस और एमडी त्वचा विशेषज्ञ एवं हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अभिनव सिंह ने बताया कि त्वचा फंगल संक्रमण होने के कारण, इसके लक्षण और उपचार के बारे में एक विस्तृत जानकारी दी है, जिसे वैज्ञानिक रूप से डर्माटोफाइटोटिस या टिनिया के नाम से जाना जाता है। फंगल संक्रमण सामान्य रूप से फंगल प्रजातियों के कारण होते हैं, जो विशेष रूप से गर्म और नमीयुक्त वातावरण में पनपती है। इनमें आम प्रजातियां ट्राइकोफाइटन, एपिडर्मोफाइटन और माइक्रोस्पोरम हैं। त्वचा के फंगल संक्रमण से बचाव और उपचार के लिये कुछ खास बातों का ख्याल रखना जरूरी है, जैसे कि व्यक्तिगत सफाई के साथ अपने आस-पास की स्वच्छता बनाए रखना, त्वचा को शुष्क रखना, व्यक्तिगत इस्तेमाल में आने वाली चीजों को साझा करने से बचना, और सामुदायिक स्थानों में उपयुक्त जूते का उपयोग करना शामिल है। त्वचा संक्रमण के उपचार के लिए त्वचा विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित एंटीफंगल क्रीम, लोशन या ओरल दवाएं दी जाती हैं।

## खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए वेबसाइट हुई लांच

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्ण सत्य, भारत में पोषण संबंधी साक्षरता और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित देश के पहले और अनोखे प्लेटफॉर्म ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेबसाइट को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने की घोषणा की।

इस वेबसाइट का उद्देश्य ग्राहकों को ऐसी जानकारी उपलब्ध कराना है जिससे उन्हें पोषक तत्वों की मात्रा से संबंधित निर्णय लेने में मदद मिल सके।

यह भारत की पहली ऐसी वेबसाइट होगी जो लोगों को विभिन्न प्रकार के लोकप्रिय और ऑर्गेनिक ब्रैंड्स के बीच उनके पसंद के खानपान के विकल्पों को देखने, उनकी तुलना करने और उनके बारे में जानने का आसान तरीका उपलब्ध कराएगी। इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत पवन अग्रवाल, पूर्व एफएसएसएआई सीईओ, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और 10 लाख फॉलोअर्स वाले जाने-माने हेल्थ एवं वेलनेस इंफ्लूएंसर रेवंत हिमत सिंगका समेत देश में खाद्य व स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी संस्थाओं से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति में की गई।

इस उद्घाटन समारोह में खानपान के प्रति जागरूकता का महत्व विषय पर सामूहिक चर्चा का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन डॉ. प्रतीचि मिश्रा ने किया।

## फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली की आबोहवा

### वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की हिस्सेदारी सबसे अधिक

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया।

दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के हालिया निष्कर्षों से पता चला कि बुधवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत था। गुरुवार को यह आंकड़ा 40 फीसद तक बढ़ने का अनुमान है। माध्यमिक अकार्बनिक एयरोसोल-सल्फेट और नाइट्रेट जैसे कण जो बिजली संयंत्रों, रिफाइनरियों और वाहनों जैसे स्त्रोतों से गैसों और कण प्रदूषकों की परस्पर क्रिया के कारण वायुमंडल में बनते हैं दिल्ली की हवा में प्रदूषण के दूसरे प्रमुख योगदानकर्ता हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में शहर के प्रदूषण में माध्यमिक अकार्बनिक एयरोसोल का योगदान 30 से 35 प्रतिशत रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हवा नहीं चलने और कम तापमान के कारण प्रदूषक तत्व हवा में बने हुए हैं और अगले कुछ दिन तक भी राहत के आसार नहीं हैं।

**बैठक** *ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की बैठक आयोजित*

## यूनानी उपनिदेशक की नहीं हो रही नियुक्ति : शकील

- दिल्ली सरकार के आयुष विभाग के कार्यशैली की समीक्षा की गई

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की बैठक डॉ. शकील अहमद की अध्यक्षता में दरियागंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शकील अहमद ने कहा कि दिल्ली सरकार के आयुष विभाग के कार्यशैली से पता चलता है कि वह यूनानी चिकित्सा को पूर्ण रूप से बढ़ावा नहीं देना चाहता और भेदभाव जारी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का आयुष विभाग यूनानी उपनिदेशक की नियुक्ति नहीं कर रहा है जबकि हम पिछले दो दशकों से हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह आयुष विभाग ने एकतरफा योजना के तहत दिल्ली में एकमात्र आयुर्वेदिक संस्थान तो स्थापित कर लिया लेकिन यूनानी। चिकित्सा के लिए कुछ खास नहीं किया है। डॉ. शकील अहमद ने आगे कहा कि भारत में इंट्रीगेशन के अग्रणी मसीह उल मुल्क हकीम अजमल खान ने आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सौ साल पहले करोल बाग में तिब्बिया कॉलेज की स्थापना की थी, उस में दिल्ली सरकार के कई दफ्तर खोल दिए गए है लेकिन आयुष विभाग यहां भी मौन है, यदि आयुष विभाग संजीदा होता तो सौ साला जश्न के अवसर पर तिब्बिया कॉलेज को हकीम अजमल खान आयुर्वेद एवं यूनानी विवि बनाने में सफल हो जाता।



इस अवसर पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने सर्वसम्मति से दिल्ली सरकार के आयुष विभाग में एक उप निदेशक यूनानी की नियुक्ति करने और तिब्बिया कॉलेज को मसीह उल मुल्क हकीम अजमल खान आयुर्वेद एवं यूनानी विश्वविद्यालय बनाने के प्रस्ताव को दोहराया। बैठक में प्रमुख प्रतिभागियों में डॉ. मिर्जा मुहम्मद आसिफ बेग, डॉ. फहीम मलिक, डॉ. मुहम्मद नसीम, डॉ. अल्ताफ अहमद, डॉ. राजकुमार, डॉ. अतहर महमूद, डॉ. शमसुद्दीन, हकीम अता उर रहमान अजमली, हकीम आफताब, आदि के नाम शामिल हैं।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:-

**रेलगाड़ी सं. 05073/05074 गोरखपुर-आनन्द विहार (टर्मि.)-गोरखपुर विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 05073 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05074 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:55 | गोरखपुर | 07:30 | --- |
| 12:30 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 14:30 |

**चलने के दिन:** **05073 गोरखपुर** से 21.11.2023 एवं 24.11.2023 को (मंगलवार एवं शुक्रवार) और **05074 आनन्द विहार (टर्मि.)** से 22.11.2023 एवं 25.11.2023 को (बुधवार एवं शनिवार)।
**ठहराव:** खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05075/05076 छपरा जं.-आनन्द विहार (टर्मि.)-छपरा जं. विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 05075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:45 | छपरा जं. | 09:30 | --- |
| 14:00 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 16:00 |

**चलने के दिन:** **05075 छपरा जं.** से 20.11.2023 एवं 23.11.2023 को (सोमवार एवं बृहस्पतिवार) और **05076 आनन्द विहार (टर्मि.)** से 21.11.2023 एवं 24.11.2023 को (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
**ठहराव:** सीवान, देवरिया, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., एवं मुरादाबाद स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05041/05042 छपरा कचहरी-अमृतसर-छपरा कचहरी विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 05041 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05042 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:30 | छपरा कचहरी | 22:00 | --- |
| 14:00 | --- | अमृतसर | --- | 17:45 |

**चलने के दिन:** **05041 छपरा कचहरी** से 21.11.2023 एवं 25.11.2023 को (मंगलवार एवं शनिवार) और **05042 अमृतसर** से 22.11.2023 एवं 26.11.2023 को (बुधवार एवं रविवार)।
**ठहराव:** मशरख, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं सहारनपुर स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 09623/09624 अजमेर जं.-बरौनी जं.-अजमेर जं. विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 09623 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09624 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:10 | अजमेर जं. | 13:35 | --- |
| 19:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 11:00 |

**चलने के दिन:** **09623 अजमेर जं.** से 18.11.2023 को (शनिवार) और **09624 बरौनी जं.** से 20.11.2023 को (सोमवार)।
**ठहराव:** किशनगढ़, जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर, बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., अहमदाबाद जं., आगरा किला, टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., माधोसिंह, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, छपरा जं., हाजीपुर जं. एवं बछवारा जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 02262/02261 नई दिल्ली-दरभंगा जं.-नई दिल्ली आरक्षित वातानुकूलित सुपरफास्ट विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 02262 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02261 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:55 | नई दिल्ली | 18:15 | --- |
| 19:45 | --- | दरभंगा जं. | --- | 22:00 |

**चलने के दिन:** **02262 नई दिल्ली** से 17.11.2023 को (शुक्रवार) और **02261 दरभंगा जं.** से 18.11.2023 को (शनिवार)।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. (रिवर्सल) स्टेशन।
**स्थान:** 3 टियर वाता. (इकॉनमी)

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
3578/23

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ शहर के सभी छठ घाटों की साफ सफाई, रंगाई पुताई, तालाब की खुदाई, पानी की व्यवस्था, गंगा जल की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि सब समय से होनी चाहिए।

सुनीता दयाल, महापौर

## मासूम बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-116 स्थित एक मकान में काम करने के दौरान मजदूर की बेटी को सांप ने डस लिया। बच्ची के परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद सेक्टर और



बच्ची के परिजनों में रोष है। सेक्टर के निवासियों का आरोप है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को झाड़ियां साफ करने को लेकर कई पत्र लिखा गया, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिससे एक मासूम बच्ची की जान चली गई।

■ **शरीर पड़ गया नीला, अस्पताल ले जाते समय हो गई मौत**

बुधवार को संतोष मजदूर का परिवार एक मकान का निर्माण काम कर रात के समय झुग्गी में सोने चला गया। इस दौरान रात में जहरीला सांप झुग्गी में घुस कर चारपाई पर सो रही बच्ची को डस लिया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर उसके परिजन उठ गए। बच्ची का शरीर नीला पड़ गया था। बच्ची के पैर पर सांप के डसने का निशान था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन इलाज से पहले ही तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। संतोष मूल निवासी जिला हमीरपुर का रहने वाला है। नोएडा के सेक्टर-117 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कोशिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर में स्थित खाली प्लाटों पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हैं। इन झाड़ियां में सांप, बिच्छू जैसे जहरीले जीव जंतुओं ने अपना बसेरा बना लिया है, जो आए दिन घरों में घुस जाते हैं। नोएडा प्राधिकरण के उद्योग विभाग और वर्क सर्किल अधिकारी को झाड़ियां कटवाने को लेकर पत्र लिखा गया था। इसके बाद भी अधिकारियों ने शिकायतों को अनदेखा किया। अगर समय रहते प्राधिकरण के अफसर शिकायत पर ध्यान देते तो आज बच्चे की जान नहीं जाती।

छठ की तैयारी

# निगम ने की घाटों पर विशेष व्यवस्था

**गाजियाबाद,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। महापर्व छठ पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने छठ की तैयारी के लिए 264 सफाई कर्मी व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

नगर आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा छठ स्थलों पर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की गई है जिसके क्रम में 64 डस्टबिन की व्यवस्था, आठ मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, 264 सफाई कर्मचारियों की टीम, 102 पानी की टोटी, 18 चेंजिंग रूम, व अन्य आवश्यक व्यवस्था को घाटों पर व्यवस्थित किया गया है। घाटों पर विसर्जन होने वाली पूजन सामग्री को बैरिकेटिंग के माध्यम से व्यवस्थित करने की भी योजना बनाई गई है। जल कुंभी को व्यवस्थित करने के लिए सिंचाई विभाग की टीम को बढ़ाने के लिए निर्देश दिए हैं।

निविदा आमंत्रित लगभग 67 छठ घाटों पर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी ने



■ **264 सफाई कर्मी, 64 डस्टबिन, 8 मोबाइल टॉयलेट, 102 पानी की टोटी, 18 चेंजिंग रूम की गई व्यवस्था**

बताया कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिन्हित छठ घाटों पर रंगी पुताई का कार्य तथा टूट-फूट को सही करने का कार्य किया जा रहा है। निर्धारित रूट पर भी मार्गों पर संबंधित अधिकारी गण निरीक्षण कर रहे हैं, श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

मार्गों के साथ-साथ छठ घाट पर भी प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई है नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में मुख्य छठ घाट हिंडन तट पर लाइट की विशेष व्यवस्था के लिए कहा गया है, छठ घाट को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम जुटा हुआ है।

## 50 घाटों का निर्माण कर रहा प्राधिकरण, सीईओ ने दिए निर्देश

### प्राधिकरण ने लांच की कामर्शियल भूखंड योजना

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को एक दर्जन से ज्यादा सेक्टरों में कमर्शियल बिल्डर प्लाट योजना को लांच कर दिया है। इसके लिए आवेदन कर्ता 6 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। इसकी प्री बिड बैठक 21 नवम्बर को प्राधिकरण में होगी। योजना के तहत प्लाट स्कीम सेक्टर-32,35,40,50,94,96,97,98, 105,108,124,132 और 136 के लिए है। यहां भूखंडों का आवंटन ई ऑक्शन के जरिए किया जाएगा। ये प्लाट 800 वर्ग मीटर से लेकर 51 हजार वर्ग मीटर तक के कुल 18 प्लॉट है। इसमें सबसे ज्यादा प्लाट सेक्टर-98 में है। यहां प्लाटों की संख्या तीन है। साथ ही 2 एफएआर से अधिकतम एफएआर 4 तक दिया गया है। भूखंड के आवंटन के बाद एक नियत समय में निर्माण पूरा करना होगा।

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ पर्व के लिए नोएडा प्राधिकरण 50 से अधिक घाटों का निर्माण करा रहा है। सीईओ लोकेश एम ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक में शुक्रवार तक निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने घाटों पर सफाई और अन्य व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि स्टेडियम में छठ घाट का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यह घाट 140 फीट लंबा, 40 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा है। उधर, सीईओ के निर्देश पर वर्क सर्किल के अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दी। सभी घाटों का निर्माण शुक्रवार तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ **घाटों की साफ-सफाई और लाइटिंग के दिए निर्देश**

सेक्टर-71 में घाट के निर्माण में देरी पर सीईओ ने नाराजगी जताई। सेक्टर-71 शहर के पुराने छठ पूजा स्थलों में शुमार है। सेक्टर-82 के सेंट्रल पार्क में घाट को लेकर लोगों ने शिकायत की थी कि यहां पानी नहीं भरा गया है। अधिकारियों ने पानी भरने की रिपोर्ट दी। सीईओ ने निर्देश दिया कि छठ पर्व में व्रतियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

सार संक्षेप

### कार सवार ने सड़क पर चल रहे कुत्ते को टक्कर मारी, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के नीति खंड 1 में एक कार सवार युवक ने सड़क पर चल रहे कुत्ते को टक्कर मार दी। जिससे कुत्ते की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। युवक ने इंदिरापुरम थाने में कराया केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिवांश नामक युवक ने बुधवार को इंदिरापुरम कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि नीतिखंड एक में 11 नवम्बर की सुबह सात बजे सोसायटी में गार्ड कुत्ता घूमा रहा था। इस दौरान सोसायटी निवासी अर्पित गाड़ी ले जा रहा था। आरोप लगाया गया है कि कार चालक ने लापरवाही से कुत्ते को टक्कर मारकर उसके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। गार्ड ने कार चालक को रोकने के लिए शोर मचाया लेकिन वह मदद करने का आश्वासन देकर तेजी से कार लेकर भाग गया। उधर एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चालक को तलाश की जा रही है। उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### कपड़ा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, भारी नुकसान

**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित जगदीश कॉम्प्लेक्स शहजादपुर रोड पर एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिससे लाखों का माल जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद



आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल ने बताया कि गुरुवार को फायर स्टेशन मोदीनगर में 07.26 बजे नितिन टैक्सटाइल्स जगदीश कॉम्प्लेक्स शहजादपुर रोड मुरादनगर फैक्ट्री में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 2 फायर टैंकर तथा 1 फायर टैंकर फायर स्टेशन कोतवाली से मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो फैक्ट्री से आग की लपटे व काला धुआं बहुत तेज था। फ़ायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करके आग को पूर्णरूप से बुझाया। उन्होंने बताया कि धागे के बड़े-बड़े बण्डलों को उलट-पलट कर आग को बुझाया गया। फायर यूनिट ने शीघ्रता से आग को भुजाकर आसपास में स्थित फैक्ट्रीयों को सुरक्षित बचा लिया गया। इस फैक्ट्री में धागा बनाने का काम होता है, इसमें कोई जन हानि नहीं हुई।

### जिला अस्पताल के आवासीय टावर में अकाउंटेंट के घर में चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल के एक आवासीय टावर में अकाउंटेंट के घर पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के गहने और नकदी चोरी की। पीड़ित भाई दूज के दिन परिवार समेत सभी लोग दिल्ली गए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता नितेश खरे ने पुलिस को बताया कि उनकी मां मीना खरे सीएमओ कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को परिवार के सभी लोग भाई दूज के दिन दिल्ली स्थित अपने रिश्तेदार के घर गए थे। उसी रात टावर-बी के 18वीं मंजिल स्थित उनके फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बंद घर से चोर करीब 2.5 लाख की ज्वैलरी, 40 हजार नकदी और लैपटॉप चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह उनको परिसर के सोशल मीडिया ग्रुप पर फ्लैट का ताला टूटा होने की सूचना मिली।

## सात डबल डेकर बस सीज, 43 के चालान

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को एक्सप्रेस वे पर दो डबल डेकर बसों में आग लग गई। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद गुरुवार को यातायात



पुलिस और सम्भागीय परिवहन अधिकारियों ने मिलकर डबल डेकर बसों के लिए अभियान चलाया। अभियान महामाया फ्लाईओवर और सेक्टर-37 पर चलाया गया। यही से ये बसें सवारी को लेकर आगे लखनऊ, कानुपर, बिहार और अन्य राज्यों को जाती है। अभियान के तहत कुल 7 डबल डेकर बसों को सीज किया गया। इनके पास कागज पूरे नहीं थे साथ ये बसे अनफिट थी।

■ **कल दो बसों में लगी थी आग**
■ **नहीं मिला फिटनेस, सवारी थी ओवरलोड**

सेक्टर 37 एवं महामाया फ्लाई ओवर पर संयुक्त अभियान चलाकर प्राइवेट यात्री वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर (ओवरलोड) चलने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, यातायात निरीक्षक एवं यातायात कर्मियों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान चलाकर कुल 7 बस वाहनों (डबल डेकर) के विरूद्ध सीज व 43 वाहनों के विरूद्ध ई-चालान की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड होने और फिटनेस नहीं होने की वजह से बसों में शॉट सर्किट हो रहा है। ये बसे बंद होती है। इसलिए इसमें तेजी से आग फैलती है। गनीमत रही कि कल दो बसों में आग लगी उसमे कोई हताहत नहीं हुआ। अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान यातायात पुलिस ने प्रमुख बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड और ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।



## निगम ने हिंडन नदी घाट पर रेड स्टोन पत्थर लगाकर किया सौन्दर्यीकरण

**गाजियाबाद,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के बाद नगर निगम अब छठ घाटों पर भी लगातार कार्य कर रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने सभी अधिकारियों को फिर से निर्देशित किया है कि शहर के सभी छठ घाटों की साफ सफाई, रंगाई पुताई, तालाब की खुदाई, पानी की व्यवस्था, गंगा जल की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि सब समय से होनी चाहिए। पूर्व में हिंडन घाट के सौंदर्यीकरण के लिए रेड स्टोन की बात आई जिसके लिए महापौर ने जल्द से जल्द निगम अधिकारियों को निर्देशित कर हिंडन नदी के घाट के सौंदर्यीकरण के लिए रेड स्टोन लगवाया गया है जिससे घाट बहुत साफ और सुंदर दिखाई दे रहा है, जल्द ही सभी छठ घाटों का कार्य समय से पूर्ण होगा। छठ पूजा के लिए महापौर सहित सभी अधिकारी, पार्षद एवं कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जिससे शहर में छठ का पर्व बहुत धूम धाम से मनाया जा सके।

■ **छठ घाटों पर जोरों से चल रहा कार्य**
■ **महापौर ने दिए समय से पूर्ण करने के निर्देश**

## एचपीडीए के बुलडोजर ने चार अवैध कॉलोनियों को किया तहस-नहस

■ **50000 वर्ग मीटर में विकसित की जा रही थी कॉलोनियां**

**हापुड़,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण के(एचपीडीए) का बुलडोजर गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्र में चला और यहां पर 50600 वर्ग मीटर में बिना मानचित्र की स्वीकृति के बसाई जा रही चार कॉलोनियों को पूरी तरह से जमीन दोह कर दिया। इसके साथ ही प्रवर्तन दल ने करने डेढ़ सौ मीटर भूमि पर बनाई गई तीन अवैध दुकानों को भी सील कर दिया।





एचपीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि प्रवर्तन दल ने आज लखन गांव के पास पुष्पेंद्र चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, अमित चौधरी द्वारा 40000 वर्ग मीटर भूमि में बिना मानचित्र स्वीकृत किए काटी जा रही अवैध कलानी को तोड़ दिया। इसी तरह खेड़ा देहात में अमित राणा व शिवकुमार द्वारा 3000 वर्ग मीटर भूमि में, जाहरवीर मंदिर के पीछे बृज लाला 3400 वर्ग मीटर भूमि में, शिवकुमार चांदी वाले वह हाजी शकील द्वारा जीएस मेडिकल कॉलेज के पीछे 4200 वर्ग मीटर भूमि में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। मीरपुर गैस गोदाम के पीछे योगेश तोमर द्वारा डेढ़ सौ वर्ग मीटर भूमि में अवैध रूप से बनाई गई तीन दुकानों को भी सील कर दिया। इस अभियान में प्रवर्तन प्रभारी तुषार कांत अवर अभियंता देशपाल व वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर किसानों ने की पंचायत, तैयार की रणनीति

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में अगाह पुर गांव के शिव मंदिर में नोएडा प्राधिकरण द्वारा 1976 से 1997 के किसानों के साथ उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन किए जाने व किसानों को हक लेने के लिए ग्रामीण जागरूकता अभियान के तहत पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ज्ञानचंद ने की। किसानों ने आगामी होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर किसान नेता राजेंद्र चौहान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण को बसाने वाले गांवों के साथ नोएडा प्राधिकरण के



अधिकारियों ने किस प्रकार दुर्व्यवहार कर अपने आप को करोड़पति बनाया। ग्रामीणों का शोषण किया गया है। आखिर नोएडा प्राधिकरण ने 1976 से 1997 के किसानों को क्या लाभ दिया ये नोएडा प्राधिकरण बताएं। इस मौके पर किसानों ने प्राधिकरण से मांग की कि उनको भी

आबादी के लिए 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए। 1976 से नोएडा प्राधिकरण ने भिन्न-भिन्न गांव की कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण अलग-अलग दर से किया कुछ लोग कम कीमत होने के कारण न्यायालय में अपील दायर कर दी जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में 297 रुपए प्रति गज के निर्णय कई गांव के लिए किया गया। ऐसे में सामान दर से सभी को मुआवजा दिया जाए। किसानों पर आश्रित भूमिहीनों को आवासीय भूखंड, नौकरी में आरक्षण का लाभ, शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में आरक्षण, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आबादी का निस्तारण किया जाए। अन्यथा की स्थिति में किसान प्राधिकरण पर बड़ा आंदोलन करेंगे।

## राष्ट्रपति ने थपथपाई चैलेंजर्स ग्रुप की पीठ

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। बाल दिवस के मौके पर चैलेंजर्स ग्रुप के बच्चे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले जहां बच्चों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों की सराहना राष्ट्रपति द्वारा की गई। उन्होंने संस्था की पीठ थपथपाई और आगे बढ़ने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। राष्ट्रपति ने अपने व्यस्त समय से 15 मिनट पाठशाला के उन बच्चों को दिए जो झुग्गी बस्तियों में रहते हैं। राष्ट्रपति द्वारा प्रोत्साहित किए जाने पर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की। इसके अलावा राष्ट्रपति ने संस्था द्वारा किए जा रहे सराहनीय कामों को लेकर अध्यक्ष प्रिंस शर्मा को इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ये बच्चे आने वाले समय के लिए देश का भविष्य निर्मित करेंगे। इन्हें रास्ता दिखाने वाली ऐसी संस्थाओं को में नमन करती हूं। इन बच्चों का सहारा बनकर इन्हें आगे बढाने के लिए काम करने की जरूरत है। साथ ही संस्था के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने इस दौरान राष्ट्रपति को चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा किए गए छह वर्षों के कार्यों से अवगत कराया इस पर उन्होंने पूरी टीम की प्रशंसा की। इस दौरान चैलेंजर्स की पाठशाला की मुहिम प्लास्टिक लाओ, शिक्षा पाओ अभियान के अंतर्गत उन्हें वेस्ट प्लास्टिक से बना उपहार भेंट किए गया। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए इस मुहीम को बड़े स्तर पर ले जाने के लिए कहा। इस मौके पर गीतिका, अर्जुन, आलीशान, सलोनी, चांदनी मौजूद रहे।

■ **बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति से मिले झुग्गी बस्तियों के बच्चे**
■ **राष्ट्रपति ने बढ़ाया बच्चों का हौसला**

## ऑनलाइन ऐप से होती थी सांप और वेनम की डील

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। एल्विश केस में आरोपी राहुल की रिमांड आज दोपहर 12 बजे पूरी हो जाएगी। रिमांड में पुलिस ने राहुल से उसकी डायरी में मिले फोन नंबर, लोकेशन और मीडिएटर के बारे में जानकारी ली। पुलिस जानना चाहती है कि राहुल कभी उन मीडिएटर से मिला है कि नहीं जिनके एक फोन पर पार्टी में साप और वेनम लेकर जाता था। इस बीच कुछ ऐसी सोशल नेटवर्किंग ऐप की जानकारी मिली जिनके जरिए डील होती थी। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी भी पूछताछ कर रहे है।

■ **मीडिएटर से सिर्फ बातचीत, फार्म हाउसों का पता निकाल रही पुलिस**
■ **सोशल नेटवर्किंग ऐप के जरिए होती थी डील**

ये ऐप गूगल प्ले स्टोर और अन्य नेटवर्किंग प्लेट फार्म पर आसानी से नहीं मिलते। जिसमें डेटा लीक होने का खतरा नहीं होता और इस पर ट्रैफिक कम होता है। वहीं एल्विश ने आज एक पोस्ट जारी किया। जिसमें वह अपने अधूरे शूट के लिए वापस मुंबई पहुंच गए है। जाहिर है कि अब एल्विश और राहुल को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की संभवना कम रह गई है। वहीं कल राहुल को एक बार फिर से सेक्टर-51 के हॉल ले जाया जा सकता है।

### रेव पार्टी में कम पैसों की डील इसको लेकर सघन पूछताछ

एक पार्टी में कम से कम सात से 11 साप, पांच सपेरे ट्रैनर लेकर जाना और महज 31 हजार ये कुछ और पैसे लेना नोएडा पुलिस को ये बात हजम नहीं हो रही है। पुलिस का मानना है कि राहुल अब भी उनसे कुछ छिपा रहा है। दरअसल, इन रेव पार्टी में नशा और विदेशी युवतियां सबसे अधिक आती है। ऐसे में कई और नाम भी है जिनका जल्द खुलासा नोएडा पुलिस करेगी।

### गाने की शूट के लिए मुबंई पहुंचा एल्विश

केस और दीवाली के लिए एल्विश यादव अपने घर हरियाणा आया था। इस दौरान नोएडा पुलिस ने उसे नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया। इसके बाद दोबारा नोटिस जारी किया गया। जिसमें कहा कि जरुरत पड़ने पर दोबारा से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ऐसे में अब एल्विश वापस मुंबई चला गया है। उसने अपनी पोस्ट में शेयर किया कि वह अपने अधूरे शूट को पूरा करने के लिए मुंबई आया है। उसके एक गाने का टीजर भी आ चुका है।

### ये सारा खेल था ऑनलाइल, किसी से नहीं होती थी फेस टू फेस मुलाकात

चौकाने वाली बात ये है कि ये पूरा खेल ऑनलाइन होता था। पार्टी आर्गनाइज करना, उसमें सांपों को लाना, मीडिएटर से बातचीत और पैसों की डील सभी कुछ ऑनलाइन होता था। यदि किसी ने मिलने के लिए बुलाया भी तो बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने जाता था। यही वजह थी कि पीएफए ने अपने स्टिंग की शुरुआत तीन से चार महीने पहले की। इसके बाद लगातार वो उससे वाट्सऐप कॉल पर बात करते रहे। वीडियो शेयर किए गए। बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने को तैयार हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह मीडिएटर को सिर्फ फोनिक जानता है उनसे मिला नहीं। फोन पर आर्डर और पेमेंट आता था इसके बाद बताई गई लोकेशन पर पहुंचकर पार्टी ज्वाइन करता था। पुलिस उससे उन फार्म हाउसों की लिस्ट और तारीख ले रही है जिसमें वह पार्टी करने गया। वहां जाकर ही उन पार्टीस के आर्गनाइज का पता चलेगा किन लोगों ने फार्म हाउस बुक किए।

## पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने वांछित आरोपी को नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपिल शर्मा पुत्र जिलेराम शर्मा हुई है। इसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व मोटर साइकिल बरामद की है। दरअसल, 13 नवम्बर को सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन पर पुष्पेंद्र मिश्र को कपिल शर्मा ने गोली मार दी थी। दोनों के बीच मेट्रो स्टेशन पर बहसबाजी हो गई थी। दोनों एक ही कंपनी में एक साथ काम करते है। गोली मारने के बाद कपिल मौके से फरार हो गया।



■ **13 नवम्बर को मेट्रो स्टेशन पर दोस्त को मारी थी गोली, तमंचा व बाइक दोनों बरामद**

पुष्पेंद्र नोएडा के बरौला का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि दोनों एक फर्म में काम करते है। पिछले कई दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। गोली लगने से घायल पुष्पेंद्र को जब अस्पताल लाया गया तो वो होश में था। उसी ने वीडियो रिकार्डिंग में बताया था कि उसे कपिल ने गोली मारी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू की।

सेक्टर-142 पुलिस ने बीट पुलिसिंग व लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से मिली गोपनीय जानकारी पर कपिल शर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गोली मारने के बाद आरोपी ने तमंचा और बाइक दोनों यमुना नदी में फेंक दी थी। आरोपी की निशानदेही पर दोनों की बरामदगी कराई गई। आरोपी को मेडिकल के बाद जेल भेज दिया गया है।

उवाच

सेक्टर पी-3 के सामुदायिक केंद्र में ड्रा निकाला जाएगा। ड्रा सुबह 10 बजे से होगा। इसके लिए सीईओ ने कमेटी गठित की है। उसी की निगरानी में ड्रा होगा।

शैलेंद्र भाटिया, निवेश सेल प्रभारी

# कैपिटल ज़ोन

## व्यापार मेले में मुख्यमंत्री योगी ने यीडा की परियोजनाओं का किया अवलोकन

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के 42वें संस्करण में

- **उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास में स्थापित करेगा नया कीर्तिमान : मुख्यमंत्री**
- **मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्टाल का भी किया निरीक्षण**

उत्तर प्रदेश पवेलियन में यूपी दिवस पर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरुवार को निरीक्षण किया गया। इस बार व्यापार मेले की थीम है वशुदेव कुटुम्बकुम। उत्तर प्रदेश पवेलियन प्रगति मैदान में हॉल नंबर दो पर दर्शाया गया है। इसमें प्रदेश के विभिन्न



प्राधिकरणों के स्टाल भी लगाए गए है।

प्रगति मैदान में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण, नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा भी स्टाल लगाया गया है। दोपहर में मुख्य सचिव, डीएस मिश्रा द्वारा यमुना प्राधिकरण स्टाल का भ्रमण किया गया, मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह द्वारा मुख्य सचिव को प्राधिकरण की योजनाओं से अवगत कराया गया। मुख्य सचिव द्वारा प्राधिकरण के प्रयासों की प्रसंशा





की गई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भारत मंडपम में हॉल नंबर दो पर स्थित उत्तर प्रदेश हॉल का निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को विगत 06 वर्षों के औद्योगिक विकास, अवस्थापना विकास सहित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पॉड टैक्सी, फिल्म सिटी, डेटा सेंटर पार्क आदि अन्य योजनाओ को प्रदर्शित किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह ने मुख्यमंत्री को प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में बताया। प्राधिकरण के स्टाल पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, यीडा के फिल्म सिटी प्रोजेक्ट, मेडिकल ड्वाइसेज पार्क, लॉजिस्टिक पार्क, अपेरल पार्क, टॉय पार्क सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की एफडीआई योजना के अंतर्गत पहला आवंटन यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण द्वारा डेटा सेंटर पार्क योजना के अंतर्गत किया गया है। प्राधिकरण द्वारा सिफी इंफिनिट स्पेसेस लिमिटेड को डेटा सेंटर के निर्माण हेतु भूखंड का आवंटन किया गया है। डेटा सेंटर पार्क में दो आवंटन कर दिये गये है. तथा शीघ्र ही अवशेष भूखंडों के आवंटन की नई योजना जारी की जाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्राधिकरण की फिल्म सिटी परियोजना तथा पॉड टैक्सी योजना की इंटरनेशनल बिड निकाली गई थी जिसमें बिड कि अंतिम तिथि 30 नवम्बर को नियत है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ कार्यक्रम में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र भाटिया, स्टाफ ऑफिसर नंदकिशोर सुन्दरियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान संगठनों के साथ बैठक

**जेवर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए लागू की गई योजनाओं का लाभ अधिक अधिक से उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरूवार को ब्लाक सभागार में विद्युत विभाग द्वारा किसान संगठनों, प्रधानों व कस्बे के सभासदों के साथ बैठक का आयोयन किया गया। जिसमें योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

विद्युत विभाग के जेवर उपखंड अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि विभाग के मुख्य अभियंता राजीव मोहन के नेतृत्व में आयोजित बैठक में अधीक्षण अभियंता नोएडा नन्दलाल, अधिशासी अभियंता जेवर आलोक प्रकाश ने प्रदेश शासन द्वारा उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए जारी की गई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा लोगों से प्रचार प्रसार में सहयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर भाकियू एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकमचंद शर्मा ने विवादित मामलों का हल करने की मांग की। भाकियू



लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह ने विजीलेंस टीम द्वारा जारी भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर विभागीय अधिकारी नियुक्त करने की मांग की।

इस मौके पर उपखंड अधिकारी जहांगीरपुर विशाल, संजीव शर्मा एई मीटर व समस्त अवर अभियंता तथा किसान नेता ठाकुर महेश सिंह, धर्मसिंह, ज्ञानी छातंगा, महेन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा व गौरव पाठक आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## यमुना प्राधिकरण सेक्टरों के रखरखाव के लिए बनाएगा मेंटीनेंस डिविजन

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेक्टरों में लगातार मरम्मत कार्य चलता रहे इसके लिए मेंटीनेंस डिवीजन बनाएगा। इससे सेक्टरों के रखरखाव के काम आसानी हो सकेगी। अभी रखरखाव का काम परियोजना विभाग ही करता रहा है। यमुना प्राधिकरण ने मेंटीनेंस डिवीजन बनाने का फैसला लिया है। अभी तक रखरखाव का काम परियोजना विभाग करता आ रहा है। अब मेंटीनेंस डिवीजन बनने से रखरखाव के काम में आसानी रहेगी। इस डिवीजन के बनने से

- **प्राधिकरण में अभी तक परियोजना विभाग ही कराता था मेंटीनेंस का कार्य**
- **प्राधिकरण स्मार्ट विलेज में सबसे पहले सीवर और पानी की लाइन का काम कराएगा**

परियोजना विभाग पर काम को बोझ कम होगा। इसका प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वहीं, स्मार्ट विलेज में होने वाले कामों में अब सबसे पहले सीवर और पानी की लाइन के काम होंगे। इसके बाद ही अन्य काम कराए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र अपने अधीन 29 गांव को स्मार्ट विलेज बनाने के लिए प्रयासरत है। अब तक 15 गांव को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने की घोषणा की जा चुकी है। कई गांव में काम चल रहा है। बचे हुए 14 गांव को भी जल्द ही स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने की घोषणा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पहले गांव में सीवर और पानी की पाइपलाइन का काम पूरा कर लिया जाए। उसके बाद सड़क और अन्य काम कराया जाए।

### यीडा में भ्रष्टाचार पर प्रहरी का पहरा

## प्रहरी ऐप से होगी पूरी टेंडर प्रक्रिया

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने विकास कार्यों के निविदा में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। विकास कार्यों के निविदा में पारदर्शिता लाने के लिए प्रहरी का पहरा लगाने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने विकास कार्यों के ठेका छोड़ने में पीडब्ल्यूडी के 'प्रहरी' ऐप को लागू करेगा। इसके लिए ठेका उन्हीं फर्मों

- **प्राधिकरण विकास कार्यों के ठेका छोड़ने में पीडब्ल्यूडी के 'प्रहरी' ऐप को करेगा लागू**
- **ऐप से फर्म की तकनीकी क्षमता समेत तमाम आकलन किया जाएगा**

को मिलेगा, जिनका पीडब्ल्यूडी में रजिस्ट्रेशन होगा। इसके अलावा इस ऐप के फर्म की तकनीकी क्षमता समेत तमाम आकलन किए जा सकेंगे।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में विकास कार्यों के ठेकों को और पारदर्शी बनाने के लिए काम शुरू हुआ है।



अभी प्राधिकरण में ई टेंडर की सुविधा लागू है। यमुना प्राधिकरण में विकास कार्यों में पीडब्ल्यूडी की शर्तों को लागू किया गया है। उन्हीं के नियमों के तहत काम कराया जाता है। पीडब्ल्यूडी में टेंडर में आने वाली फर्म का परीक्षण ऑनलाइन किया जाता है। इसके लिए प्रहरी ऐप को लागू किया है। अब यमुना प्राधिकरण भी प्रहरी ऐप को अपने यहां लागू करेगा ताकि और पारदर्शिता लाई जा सके। इस ऐप को लागू करने से पहले फर्म के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। इस ऐप के लागू होने से फर्म को पहले पीडब्ल्यूडी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। प्राधिकरण ने हाल ही में एक साल में छोड़े ठेकों का परीक्षण कराया। इसमें यह बात निकल कर आई कि सभी काम 7-8 फर्म को ही दिए गए हैं। आखिर इससे अधिक फर्म क्यों नहीं आती हैं। इसीलिए प्रहरी ऐप को लागू किया जा रहा है। प्रहरी ऐप कंप्यूटर बेस्ड है। यह रियल टाइम में फर्म का तकनीकी परीक्षण और अन्य काम करता है। इसमें गड़बड़ी नहीं की जा सकता है। यह ठेकेदारों के अनुरूप सिस्टम है।

### यमुना प्राधिकरण में आज ड्रॉ से होगा 109 औद्योगिक भूखंड का आवंटन

ग्रेटर नोएडा,16 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड योजना का ड्रा शुक्रवार को निकाला जाएगा। इसमें चार हजार वर्ग मीटर से कम क्षेत्र के भूखंड हैं। योजना में 109 भूखंड हैं। इसमें 2500 से अधिक आवेदन आए हैं। निवेश सेल के प्रभारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि सेक्टर पी-3 के सामुदायिक केंद्र में ड्रा निकाला जाएगा। ड्रा सुबह 10 बजे से होगा। इसके लिए सीईओ ने कमेटी गठित की है। उसी की निगरानी में ड्रा होगा।

विकास कार्यों के टेंडर में गड़बड़ी की लगातार शिकायत मिल रही थी। गड़बड़ी को रोकने के लिए कई बार परियोजना विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई। इसके बाद कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए निविदा में पारदर्शिता लाने के लिए प्रहरी ऐप सिस्टम लागू किया जा रहा है।

**डॉ. अरूणवीर सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## मोहबलीपुर में पसरा सन्नाटा, पुलिस बल तैनात



**जेवर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहबलीपुर में मंगलवार शाम को हुए पथराव व फायरिंग में एक किशोर की मौत व तीन लोगों के घायल होने के बाद गुरूवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने गुरूवार

- **पांच आरोपितों को भेजा जेल, दो तमंचा बरामद**
- **फरार आरोपितों की तलाश के पुलिस की दबिश जारी**

को हत्या व जानलेवा हमला करने के पांच आरोपितों को घटना में प्रयुक्त दो तमंचा के साथ हिरासत में लेकर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिसबल तैनात किया गया है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश दी जा रही है।

ज्ञात हो कि मोहबलीपुर गांव में मंगलवार देर शाम गांव स्थित चौराहे पर दो बाइकों की आपस में भिडंत हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग आमने सामने भिड़ गए तथा देखते ही देखते पथराव व फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें राकेश के पुत्र मोहित 15 के सिर में गोली लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई तथा गोली लगने से घायल कपिल, हरेन्द्र व होरीलाल का उपचार जारी है। पुलिस ने राकेष की षिकायत पर सोनू, गौरव, शिव, धमेन्द्र, रंजीत, अभिराज, निशांत व दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

**गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार**- पोस्मार्टम के बाद मोहित15 का शव बुधवार शाम को गांव पहुंचा। जहां पुलिस की मौजूदगी में गमगीन माहौल में ग्रामीणों द्वारा उसका अंतिम संस्कार किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा बुधवार को जहांगीरपुर से पांच आरोपितों सोनू, गौरव, रंजीत, निशांत व शिवनीत को हिरासत में लेते हुए सोनू व शिवनीत से हत्या में प्रयुक्त दो तमंचा व दो खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने पांचों आरोपितों को गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फरार आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई हैं जिनके द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### ऐस सिटी सोसायटी में चुनाव नहीं होने से लोगों में नाराजगी

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। एओए पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ऐस सिटी सोसायटी में निवासियों ने चुनाव कराए जाने की मांग की है। लोगों का आरोप है कि एओए पदाधिकारी पद नहीं छोड़ रहे हैं, 15 जून 2023 को एओए का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। उसके बावजूद भी पदाधिकारी एओए का चुनाव नहीं होने दे रहे हैं। चुनाव के लिए बनाई गई कमेटी भी रद की जा चुकी है। जिलाधिकारी से गुहार लगाने के बाद जिलाधिकारी ने एक माह में चुनाव कराने का आदेश दिया, लेकिन उनके आदेश के बाद भी सोसायटी में चुनाव नहीं हुआ है। सोसायटी के लोगों ने एक बार फिर जिलाधिकारी से मामले की शिकायत करने व सोसायटी में चुनाव कराए जाने की मांग करने का फैसला लिया है।

## एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में जीएल बजाज के प्रतिभागियों ने जीते इक्कीस पदक

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) के छात्रों ने एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 पदक जीते। बॉस्केटबॉल के महिला वर्ग, खो-खो के पुरुष और महिला वर्ग, वॉलीबॉल में महिला वर्ग, बैडमिंटन में पुरुष और महिला वर्ग, गोला फेंक महिला वर्ग, डिस्कस में महिला वर्ग, ऊंची कूद में महिला वर्ग सहित 10 स्वर्ण पदकों पर कब्ज़ा जमाया। वॉलीबॉल के पुरुष वर्ग, लंबी कूद के पुरुष वर्ग, गोला फेंक के महिला वर्ग, रिले के महिला वर्ग, टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग, शतरंज के महिला वर्ग, कबड्डी के महिला वर्ग सहित 9 रजत पदक जीते। 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। संस्थान के 55 छात्रों ने राज्य स्तर की




प्रतियोगिता में जगह बनाई जो लखनऊ में दिसम्बर में आयोजित होंगी। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम याकूबपुर में उपजिलाधिकारी, दादरी गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 603/एस0टी0-एस0डी0एम0/2014, दिनांक 17.05.2014, मृतक श्री पीतम सिंह भाटी पुत्र स्व0 श्री किशनलाल नि0 याकूबपुर परगना व तहसील दादरी जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 07.02.2014 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 721 725 | श्री पीतम सिंह भाटी पुत्र स्व0 श्री किशनलाल नि0 याकूबपुर परगना व तहसील दादरी जिला गौतमबुद्धनगर | श्री अजयपाल | पुत्र | 44 वर्ष | |
| | | | श्री श्रीपाल | पुत्र | 38 वर्ष | |
| | | | श्रीमती ओमवती | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बबीता | पुत्री | 37 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सविता | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती कविता | पुत्री | 30 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुलेरो के परखच्चे उड़े, चालक की मौत

**जेवर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। खुर्जा रोड पर नीमका पुलिस चौकी के समीप बुधवार देर षाम अज्ञात वाहन ने बुलेरो कार में टक्कर मार दी जिससे बुलेरो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बुलेरो का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पुलिस ने चालक को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जेवर बांगर स्थित आर एंड आर कॉलौनी के गांव रोही के रहने वाले नानक का पुत्र टीकम सिंह 27 अपनी बुलेरो कार से बुधवार शाम को मुढरह गांव गया था। मुढरह से रोही लौटते वक्त जैसे ही खुर्जा रोड पर गांव नीमका स्थित पुलिस चौकी के समीप पहुंचा तो जेवर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने सामने से बुलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुलेरो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से चालक टीकम सिंह को जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर गुरूवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीड़ित स्वजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-जुनपत की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जे.यू.एन.019, भूखण्ड संख्या-59, क्षेत्रफल-260 वर्ग मीटर को आवंटित श्री ब्रहमपाल पुत्र श्री लायकराम, निवासी-ग्राम-जुनपत, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवटी श्री ब्रहमपाल पुत्र श्री लायकराम की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती सर्वश्री पवन भाटी, नितीश भाटी पुत्रगण श्री राजवीर सिंह भतीजे स्व० श्री ब्रहमपाल सिंह, निवासी-ग्राम-जुनपत, परगना व तहसील - दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि0 वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-390, पृष्ठ संख्या-111 से 130 पर क्रमांक 472 दिनांक 02.05.2022 को उप निबन्धक, दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर सर्वश्री पवन भाटी, नितीश भाटी पुत्रगण श्री राजवीर सिंह भतीजे स्व० श्री ब्रहमपाल सिंह, निवासी-ग्राम-जुनपत, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## श्रवण और पठन कौशल को बढ़ावा देने के लिए कहानी वाचन सत्र आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। एक कहानीकार का उद्देश्य हमें यह बताना नहीं है कि

- **कक्षा-तीन व आठवीं के बच्चों को उनकी कहानियों की ओर किया आकर्षित**

कैसे सोचना है, बल्कि हमें सोचने के लिए प्रेरित करना है। 'श्रवण और पठन कौशल' को बढ़ावा देने के लिए जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में एक 'कहानी-वाचन' सत्र आयोजित किया गया। सत्र की मेजबान इंदु पुंज थीं। वे कहानियों



के माध्यम से पढ़ाती हैं और पढ़ने-पढ़ाने का आनंद बढ़ाती हैं। उनका मानना है कि 'कहानी-वाचन कौशल' ने इस तथ्य को उजागर किया है कि कहानी सुनाना, लोगों के बीच एक साझा अनुभव है जिसमें दर्शक भी कहानी कार के समान ही सक्रिय भागीदार होते हैं।

जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उनकी अनूठी कला ने कक्षा-तीन से आठवीं के बच्चों को उनकी कहानियों की ओर आकर्षित किया। जिससे वे मंत्रमुग्ध हो गए और इस गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र कहानी को ध्यान से सुनते हुए, उसकी नाटकीय गतिविधियों, आवाज में उतार चढ़ाव और कहानी कहने के लय की मूल बातों से अवगत हुए। उन्होंने 'शब्द-जाल' की एक गतिविधि भी शुरू की, जिसमें छात्रों ने कहानी से नए शब्द सीखे।

'संचार कौशल' विकसित करना और उनकी कल्पना के दायरे को विस्तृत करना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था। कुल मिलाकर, यह सीखने का एक बेहतरीन अनुभव था, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इस पूरी कार्यशाला में छात्रों की सहभागिता देखकर प्रधानाध्यापिका ने प्रशंसा की।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-एस.ए.आई01618 भूखण्ड संख्या-40, पाकेट ए, क्षेत्रफल-160 वर्ग मीटर श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री राजा लाल गुप्ता, निवासी- डब्लू0जेड0-बी-द्वितीय तल, नरायणा गाव, दिल्ली-110028 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री राजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री राजा लाल गुप्ता की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता, ऋषभ गुप्ता ना०बा० पुत्र स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता, ऋषिता गुप्ता ना0बा० पुत्री स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता सरक्षिका माता स्वयं श्रीमती रीता गुप्ता, निवासी डब्ल0जेड0-बी-द्वितीय तल, नरायणा गांव, दिल्ली-110028 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता, ऋषभ गुप्ता ना०बा० पुत्र स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता, ऋषिता गुप्ता ना०बा० पुत्री स्व० श्री राजीव कुमार गुप्ता संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती रीता गुप्ता, निवासी डब्लू0जेड०- बी-द्वितीय तल, नरायणा गांव, दिल्ली-110028 के पक्ष में सह आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 17 नवम्बर 2023
संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## घृणा और हिंसा का इज़हार क्यों ?

राजस्थान में एक चुनाव प्रचार सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिये किसी भी तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। बुधवार को राजस्थान के बायतु (बाड़मेर) में आयोजित सभा में मोदी ने हमेशा की तरह घिसे-पिटे मुद्दों पर वहां अशोक गहलोत के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने उस कथित 'लाल डायरी' का फिर से हवाला देते हुए मतदाताओं से अपील की कि वोट देने जाएं तो इतनी जोर से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं मानों उन्हें (कथित भ्रष्टाचारियों को) फांसी दे रहे हों। यह मोदी की विरोधियों के प्रति घृणा व हिंसक प्रवृत्ति दोनों की ही ओर संकेत करता है। यह भाषण मोदी के उन भाषणों की श्रृंखला की ही एक कड़ी माना जा सकता है जिनमें वे लोकतंत्र की उनकी समझ का आभास देते हैं; साथ ही यह भी दर्शा देते हैं कि उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का बिलकुल ख्याल नहीं है।

उनके इस भाषण में कई बातें बतलाई गयीं। मसलन, कि राजस्थान में बहुत भ्रष्टाचार है, कानून-व्यवस्था इतनी ध्वस्त हो चुकी है कि पिछले पांच साल से राजस्थान के लोग हंगामों, पत्थरबाजी, कर्फ्यू आदि के चलते कोई भी पर्व-त्यौहार शांति से नहीं मना सके हैं। आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया। फिर, उनके मुताबिक इस राज्य में महिलाएं इतनी असुरक्षित हैं कि रात को घर से निकल नहीं सकतीं, बच्चियां तक निरापद नहीं हैं। मोदी के अनुसार अपराधियों के हौसले इसलिये बुलन्द हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो बलात्कार को फर्जी बतला देते हैं। कांग्रेस को हटाना व भाजपा की सरकार को लाना उन्होंने इसलिये ज़रूरी बताया कि ऐसा करने से ही राजस्थान की संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने यह भी बतलाया कि उनके द्वारा दिल्ली से जो जल जीवन मिशन की राशि भेजी जाती है वह सरकार खा जाती है और इस तरह कांग्रेस सरकार पुण्य के काम में भी पैसे कमाने का व्यवसाय तथा भ्रष्टाचार करती है। इन दिनों मोदी का सबसे प्रिय विषय कथित लाल डायरी है जिसका उल्लेख वे राजस्थान के अपने हर दौरे पर अथवा उसका उल्लेख आने पर करते हैं। इस बार भी लाल डायरी का उल्लेख उनके भाषण में आया ही। उनका दावा था कि कांग्रेसी चाहे लाल डायरी को फर्जी बताते हैं, पर अब उसके पन्ने सामने आ गये हैं। मोदी ने कहा कि इस लाल डायरी के परिप्रेक्ष्य में अब एक भी कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं जीतना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान तक किया कि जब भी कोई कांग्रेसी उनके पास वोट मांगने आये तो उससे लाल डायरी के बारे में पूछा जाना चाहिये। उनके अनुसार 'राजस्थान के बैंक के लॉकरों में लूटा हुआ रुपया और सोना मिल रहा है।' जिस तरह से कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता रहा, उसी तर्ज़ पर मोदी ने भी बहुत हल्केपन से कहा कि 'यह सोना आलू से नहीं बना है। वरना कांग्रेसी कह देंगे कि हमने तो आलू से बनाया है।' ऐसे लॉकर और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह पहली कार्रवाई करें। मोदी का भाषण बतलाता है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिये न तो भाषायी मर्यादा की चिंता है और न ही तथ्यों के साथ बात करने की आवश्यकता है। वे चुनाव जीतने के लिए हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राजस्थान में बार-बार लाल डायरी की आधारहीन बात करना लगभग वैसा ही है जिस प्रकार वे छत्तीसगढ़ में आकर भूपेश बघेल की सरकार को बगैर तथ्यों या प्रमाणों के भ्रष्ट कहते हैं। बघेल पर उनका आरोप यह है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं व पार्टी के लिये एटीएम बनाकर रख दिया है। यानी यहां से खूब सा पैसा दिल्ली भेजा जाता है। हालांकि यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय व आयकर का मनमाना उपयोग विरोध को दबाने के लिए हुआ है, वह तो सामने है ही, उलटे यहां भाजपा ही भ्रष्टाचार के कई मामले में फंसी हुई दिख रही है। यहां के एक भाजपा प्रत्याशी के कथित वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि जब यहां भाजपा सरकार थी तो यहां से पैसा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उनकी पत्नी एवं अमित शाह तक जाता था। वैसे राजस्थान में जिस प्रकार से एक ईडी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है उससे ईडी की विश्वसनीयता तो घेरे में आई ही है, यह भी पता चल गया है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल मोदी एवं शाह के इशारों पर सिर्फ विरोधियों को परेशान करने के लिये किया जा रहा है। बघेल पर भी सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ लेने के आरोप लगाये गये पर पुष्टि एवं जांच के बिना।

इस बीच मध्यप्रदेश की मुरैना सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर के दो वीडियो पर भी मोदी मौन हैं जिनमें वे 500 करोड़ रुपयों के लेन-देन की बात कर रहे हैं। पहले इसे फर्जी बतलाकर बचने की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन कनाडा में बैठे उस व्यक्ति ने इसकी पुष्टि कर दी है जो देवेन्द्र सिंह से ये बातें कर रहा है। गहलोत-बघेल पर आरोप लगाने वाले मोदी और शाह के साथ ईडी, सीबीआई, आईटी आदि इस मामले पर एकदम चुप्पी साध लेते हैं।

# पटाखे, आस्था और संघ परिवार

वैसे तो प्रकृति से जुड़ी आपदाओं में से अधिकांश के पीछे किसी न किसी प्रकार से इंसानों की करनियों का हाथ रहता ही है। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाएं इसका जाना-माना उदाहरण हैं। फिर भी, आम तौर पर देश भर में और खासतौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को दीवाली की रात से वायु प्रदूषण के जिस संकट को झेलना पड़ रहा है, उसके पीछे जितने प्रत्यक्ष रूप से इंसानों की करनी है, उसका स्तर अलग ही है। वास्तव में इसे आत्मघाती करनी कहा जाए, तो भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। और जैसे खासतौर पर इसी सच्चाई को रेखांकित करने के लिए, इस बार की दीवाली से दो दिन पहले से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उससे भी व्यापक दायरे में, अप्रत्याशित बारिश ने वातावरण को असामान्य रूप से साफ कर दिया था। याद रहे कि इससे पहले, करीब हफ्तेभर से इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण 'खतरनाक' स्तर पर बना रहा था, जिस पर अंकुश लगाने की कोशिश में राजधानी दिल्ली समेत इस क्षेत्र की विभिन्न सरकारों ने अनेक आपात कदम उठाए थे, जिनमें निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लगाने, वाहनों के धुंए के प्रदूषण को कम करने से लेकर, स्कूलों को बंद करने तक के कदम शामिल थे।

यही नहीं, पिछले कुछ वर्षों की तरह, एक बार फिर पंजाब, हरियाणा आदि में किसानों के पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण का मुद्दा प्रमुखता से चर्चा आया था और सुप्रीम कोर्ट तक ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करना जरूरी समझा था। इसी संकट के पराली से जरा भिन्न संदर्भ में, दीवाली के गिर्द आतिशबाजी के सिलसिले में भी सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया था और उसने न सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर लगी पाबंदी को सही और जरूरी ठहराते हुए, इस पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज किया था, बल्कि इसे लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के तकाजों से जोड़ते हुए, हरित-इतर पटाखों पर पाबंदी का देशभर में विस्तार करना भी जरूरी समझा था। इस सब के बीच प्रकृति ने इस क्षेत्र में अचानक बेमौसमी बारिश के रूप में जो उदारता दिखाई थी, उसके बल पर इस बार दीवाली के दिन शाम तक वातावरण असाधारण रूप से साफ था और एक्यूआई सूचकांक, पिछली अनेक दीवालियों की शामों के मुकाबले, वायु प्रदूषण बहुत कम दिखा रहा था। लेकिन तभी तक, जब तक कि आम तौर पटाखे चलना शुरू नहीं हुआ था।

दीवाली पर देर शाम से पटाखे चलने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां तो खैर उड़ाईं सो उड़ाईं, बारिश के जरिए प्रकृति द्वारा दमघोंटू वातावरण से दिलाई गई राहत की भी धज्जियां उड़ा दीं। नतीजा यह हुआ कि दीवाली की अगली सुबह से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण, फिर से बारिश से पहले के 'खतरनाक' स्तर पर ही नहीं पहुंच गया, उस खतरनाक स्तर की भी एकाध सीढ़ी और चढ़ गया। इस क्षेत्र में एक्यूआई औसतन 500 अंक से ऊपर पहुंच गया।

बहरहाल, बात सिर्फ इतनी ही होती तब भी गनीमत थी। इसे अपने हाथों, अपने लिए मुसीबत खड़ी करने की मूर्खता का मामला कहकर, ऐसा करने वालों की नादानी पर रोया जा सकता था। वैसे, इस नादानी पर रोना भी, कुछ कारणों से साधारण रोना भर नहीं होता। एक तो इसलिए कि यह नादानी कोई अनजाने में नहीं की जा रही थी। कम से कम आम तौर पर सभी को इसका कुछ न कुछ अंदाजा जरूर हो चुका है कि गंगा-जमुना के मैदान की, सर्दियों में वातावरण के खराब होने की जो प्राकृतिक समस्या है, उसे दीवाली के गिर्द खतरनाक रूप से बढ़ाने में, जिस तरह मोटर वाहनों के धुंए का और पराली जलाने के धुंए का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी तरह समय विशेष पर पटाखों के धुंए का भी महत्वपूर्ण योगदान है। जब वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर से नीचे लाने के लिए दूसरे सभी उपाय आजमाए जा रहे हों या कम से कम उनके बारे में सोचा जा रहा हो, 'खुशी जताने' के लिए पटाखे चलाने से बचे जाने के लिए, सामान्य ज्ञान से ज्यादा की जरूरत नहीं होनी चाहिए।


इस सिलसिले में यह याद दिलाने की भी जरूरत नहीं होगी कि पटाखे चलाने से बचे जाने की यह मांग कोई अचानक नहीं आ गई थी। इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण के संकट पर चर्चा ने जब से जोर पकड़ा है, तभी से इस समस्या के एक हिस्से के तौर पर पटाखे चलाए जाने को हतोत्साहित करने के विवेक का भी प्रचार-प्रसार हुआ है। यहां तक कि सरकारों द्वारा और उच्चतर अदालतों द्वारा भी पटाखों पर बढ़ते पैमाने पर रोक भी लगाई जाती रही है। इसी सिलसिले की ताजातरीन कड़ी के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने गैर-हरित पटाखों पर पाबंदी को विस्तार कर, पूरे देश पर लागू कर दिया था। और यह विस्तार भी पूरी तरह से विवेकपूर्ण था क्योंकि दीवाली पर 'खुशी से पटाखे' चलाने का रिवाज, तेजी से देश के बड़े हिस्से में फैला है और उसका गंगा-यमुना के मैदानी इलाके के बाहर के अनेक प्रमुख शहरी केंद्रों में भी वायु प्रदूषण का संकट बढ़ाने में काफी योगदान रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि इस बार दीवाली की अगली सुबह, दुनिया के दस सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण के मारे महानगरों में, दिल्ली के अलावा मुंबई और कोलकाता भी शामिल हो चुके थे!

तो क्या सब के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हुए भी 'खुशी के पटाखे' चलाने की इस जिद को सिर्फ एक धार्मिक आस्था का और इस धार्मिक आस्था के विवेक के खिलाफ जाने से, इसे सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास का मामला माना जा सकता है। हर्गिज नहीं। बेशक, बड़े पैमाने तथा व्यापक स्तर पर पटाखे चलाए जाना, दीवाली से जुड़ा हुआ है, हालांकि खुशी में पटाखे चलाना न तो दीवाली तक सीमित है और न ही ऐसे धर्म से जुड़े त्यौहारों तक ही सीमित है। शादी-विवाह से लेकर, चुनावी जीत और राष्ट्रीय त्यौहारों तक के मौके पर, आतिशबाजी खुशी जताने का एक स्वीकृत साधन रही है। दूसरी ओर, पटाखों के औद्योगिक पैमाने पर उत्पादन के साथ आधुनिक दौर में दीवाली के मौके पर पटाखे चलाना आम जरूर हो गया है, लेकिन गंधक-बारूद के उपयोग से विस्फोटक बनाए जाने का इतिहास, इतना पुराना भी नहीं है कि पटाखों को, दीवाली से जुड़ी धार्मिक आस्था का जरूरी अंग या तत्व माना जा सके। दीवाली से जुड़े अनेक विश्वास, कम से कम सातवीं सदी में चीन से पटाखों के आने से पुराने जरूर होंगे। बेशक, धार्मिक आस्थावान, अपने विश्वासों को आसानी से छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है, इसके लिए उन्हें विवेक की कसौटी पर कसने से बचता भी है; लेकिन उन्हें अविवेकपूर्ण मानते हुए उनका बचाव शायद ही करता है। उल्टे अविवेकपूर्ण नजर आने की सूरत में धीरे-धीरे किंतु निश्चित रूप से उनका त्याग ही करता है।

लेकिन धार्मिक आस्था के विपरीत, धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था या सांप्रदायिकता का आचरण इससे बहुत भिन्न होता है। वह चूंकि धार्मिक आस्थाओं का सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ही उपयोग करती है, वहां धार्मिक आस्थाओं में काट-छांट तो खूब होती है, इतनी ज्यादा की धार्मिक आस्थाएं ही पहचान में नहीं आएं; लेकिन धर्म की दुहाई की यह राजनीति कथित 'आस्थाओं' में किसी भी तरह से, विवेक प्रवेश नहीं होने देती है। उल्टे, विवेक के विरुद्ध इन कथित आस्थाओं को अपना हथियार ही बनाती है। दीवाली से जोड़कर पटाखों के सवाल पर, संघ परिवार के औपचारिक नेतृत्व को छोड़कर, उसकी तमाम सेनाओं की जो हमलावर नकारात्मक भूमिका रही है, उसे महज धार्मिक आस्था से बहुत भिन्न, इस सांप्रदायिक राजनीति के रूप में ही समझा जा सकता है।

किसी को यह देखकर हैरानी होगी कि सारतः 'हिंदुओं के अपने त्योहार पर पटाखे चलाने के अधिकार' की पैरवी की यह दलील, दीवाली पर 'सुप्रीम कोर्ट की रोक' की धज्जियां उड़ने को, 'नागरिक अवज्ञा आंदोलन' बताकर गौरवान्वित करने पर ही नहीं रुक जाती है, उसे 'हिंदुओं की जीत' बताने की हद तक जाती है। जैसे वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है। धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था सिर्फ इसी मामले में नहीं, हरेक मामले में, जिस धार्मिक आस्था को छूती है, उसे आत्मघाती बनाने का काम जरूर करती है। सियाराम का जय श्रीराम में रूपांतरण इसी का एक और उदाहरण है। सांप्रदायिकता की राजनीति, जिस धर्म की दुहाई देती है, उसमें आस्था रखने वालों को ही सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**



राजेंद्र शर्मा

**वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है।**

# परमाणु-विरोधी आन्दोलन और विश्व संगठन तत्काल युद्धविराम के लिए काम करें

■ डॉ. अरुण मित्रा

मौजूदा सदी में सबसे खराब किस्म का संकट है गाजा में मानवीय त्रासदी। लगभग 11000 लोग, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, उनमें से 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र के बच्चे हैं, घनी आबादी वाले क्षेत्र में असंगत आक्रामकता और अभूतपूर्व बमबारी से मारे गये हैं। गाजा में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। अस्पतालों और शरणार्थी शिविरों सहित अधिकांश बुनियादी ढांचे मलबे में तब्दील हो गये हैं। इस विनाश से संतुष्ट न होकर इजराइल के हेरिटेज मंत्री अमीचाईएलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी।

हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटा दिया है, जो महज एक धोखा है और खुद को चौतरफा आलोचना से बचाने के लिए उठाया गया कदम है। यह मानना नादानी होगी कि मंत्री का बयान इजराइली सरकार के आंतरिक हलकों में बिना किसी चर्चा के आया है। न तो प्रधानमंत्री नेतन्याहू और न ही किसी अन्य अधिकारी ने इज़राइल के पास परमाणु हथियार होने से इनकार किया है। इससे पहले की अटकलों की पुष्टि हो गई है कि इजराइल एक परमाणु हथियार संपन्न देश है। गाजा पर इजराइली आक्रमण, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह 7अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद प्रेरित हुआ था, वस्तुतः फिलिस्तीनियों के जातीय सफाये में बदल गया है।

**संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है।**

संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है। आईएईए ने भी एक शब्द नहीं कहा है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जिसके पास नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराधों जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों के लिए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार है, अमेरिका के स्पष्ट समर्थन के साथ नेतन्याहू सरकार द्वारा हजारों बच्चों का नरसंहार देखने के बाद भी चुप है।

यह दुख की बात है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तत्काल युद्धविराम के जॉर्डन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। भारत का मतदान से अनुपस्थित रहना इजराइली सरकार द्वारा हत्याओं को उचित ठहराने के समान है। इजराइल के प्रधानमंत्री पहले ही भारत के रुख की तारीफ कर चुके हैं। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किये गये हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने बताया है कि 'इज़राइल पर हमास के हमले शून्य में नहीं हुए'। इज़राइल और अमेरिका ने एक कहानी बनाई है कि इज़राइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, जबकि इतिहास भरा पड़ा है ऐसी घटनाओं से जब इज़राइल ने न केवल फिलिस्तीनी भूमि पर कब्जा कर लिया है, बल्कि उन्हें बाहर धकेल दिया है और उन्हें राज्यविहीन नागरिक बना दिया है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय कानून और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के दो राष्ट्र सिद्धांत को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है, जैसा कि 1967 में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत रूस के हस्तक्षेप से इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच अपनाया गया था। अपने अपराधों को सही ठहराने के लिए हमलावरों द्वारा झूठी कहानियां गढ़ी जाती हैं। वे किसी न किसी बहाने से विपरीत का प्रदर्शन करते हैं। नाज़ियों ने जर्मनी की बुराइयों के लिए यहूदियों को दोषी ठहराया। उन्होंने यह मिथक फैलाया कि जर्मनी प्रथम विश्व युद्ध में युद्ध के मैदान पर नहीं, बल्कि घरेलू मोर्चे पर विश्वासघात के कारण हारा था। यहूदियों, सोशल डेमोक्रेट्स और कम्युनिस्टों को ज़िम्मेदार ठहराया गया। युद्ध में यहूदियों की भूमिका के बारे में पूर्वाग्रह झूठे थे। एक लाख से अधिक जर्मन और ऑस्ट्रियाई यहूदियों ने अपनी पितृभूमि के लिए लड़ाई लड़ी थी। हिटलर ने उपरोक्त तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और सामूहिक उन्माद पैदा करने और उनमें से 60 लाख से अधिक को खत्म करने के लिए यहूदियों के खिलाफ झूठी कहानी का इस्तेमाल किया।

ऐसे कट्टरपंथी अपनी श्रेष्ठ जाति होने की बात भी करते हैं और सबको अपने अधीन करने के अधिकार को उचित ठहराते हैं, यहां तक कि 'निचले लोगों' को खत्म भी कर देते हैं। चर्चिल के भी ऐसे ही विचार थे। 1937 में, उन्होंने फ़िलिस्तीन रॉयल कमीशन से कहा: 'उदाहरण के लिए, मैं यह स्वीकार नहीं करता कि अमेरिका के रेड इंडियंस या ऑस्ट्रेलिया के काले लोगों के साथ बहुत बड़ा गलत किया गया है। मैं यह स्वीकार नहीं करता कि इनके साथ कोई गलत काम किया गया है।' लोग इस तथ्य से सहमत हैं कि एक मजबूत जाति, एक उच्च श्रेणी की जाति, इसे इस तरह से कहें तो एक अधिक सांसारिक बुद्धिमान जाति ने आकर उनकी जगह ले ली है।'

1943 में, भारत, जो उस समय भी ब्रिटिश आधिपत्य में था, ने बंगाल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विनाशकारी अकाल का अनुभव किया। माना जाता है कि कम से कम तीस लाख लोग मारे गये थे। चर्चिल ने अकाल के लिए भारतीयों को दोषी ठहराया और दावा किया कि वे 'खरगोशों की तरह प्रजनन करते हैं'। हालांकि सच्चाई यह है कि बंगाल के लोगों के लिए जो भोजन उपलब्ध था उसे बर्मा में ब्रिटिश सेना को भेज दिया गया था। 1994 में रवांडा में हुतु शासक जनजातियों ने तुत्सी अल्पसंख्यक के खिलाफ नफरत फैलाई, जिससे केवल 100 दिनों में आठ लाख लोग मारे गये।

1947 में विभाजन के दौरान भारत को एक गंभीर मानवीय संकट का सामना करना पड़ा जिसमें कट्टरपंथियों द्वारा 25 लाख हिंदू, मुस्लिम और सिखों को मार डाला गया। दुर्भाग्य से अल्पसंख्यक विरोधी बयानबाजी वर्तमान में यहां फैल रहा है क्योंकि हम देख रहे हैं कि केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था के खुले समर्थन से हिंदू कट्टरपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को दानव की तरह पेश या वर्णित किया जा रहा है।

हमें समझना होगा कि ज़ायोनीवाद को यहूदियों से, नाज़ीवाद को जर्मनों से और हिंदुत्व (हिंदू कट्टरवाद) को हिंदुओं से अलग करना होगा। सभी मुसलमानों को आतंकवादी नहीं माना जा सकता। ऐसी विचारधारा विनाशकारी हो सकती है और केवल युद्ध फैलाने वालों के लिए उपयोगी हो सकती है। इसलिए इजराइली विरासत मंत्री के बयान को गंभीरता से लेना होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें दुनिया की प्रतिक्रिया देखने के लिए बोलने के लिए कहा गया था।

अमेरिका सैन्य औद्योगिक परिसर के निर्माण और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध पैदा करके अपने आर्थिक संकट को हल करने की कोशिश कर रहा है। नाटो पहले से ही एशिया के दरवाजे पर है। क्वैड और एयूसीकेयूएस जैसे संगठन एशिया प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए ख़तरा हैं।?

लोगों की आवाज शांति के लिए है। तत्काल युद्ध विराम के लिए दुनिया भर में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। तत्काल युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका की शांति योजनाएं बहुत उपयुक्त हैं और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस समय परमाणु-विरोधी आंदोलन को और अधिक मुखर होना होगा।

## पावन प्रसंग

### कठिन समय का सामना कैसे करें

यह जीवन एक अद्भुत ईश्वर प्रदत्त उपहार है, जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है, जिसमें कभी खुशी तो कभी गम, कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं, जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभले तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती। लेकिन क्या सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषम पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतर सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बने, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विकट घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है। इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निबाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन की कली को मुरझाने नहीं देता, इनका सहारा टूटने बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है। लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी, ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती। जीवन का सामना अंततः अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है।

इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है, ऐसे में अपने तन-मन व आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हल्का होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है साथ ही जीवन के अर्थ व उद्देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल के अनुदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रुचियों को स्थान दें।

ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इलके साथ स्वयं को सतत प्रेरित करते रहें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। साथ ही दूसरों को सरस- सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुनः इससे बाहर निकल जाएंगे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा

मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा। लैंगिक भूमिकाएं और अपेक्षाएं सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है।

आज भी लड़कियों को परिवार में आर्थिक और सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाता है। एक कारण के रूप में, एक युवा लड़की के सपनों को अक्सर छोटा कर दिया जाता है, और उसे कम उम्र में ही दूसरे परिवार पर बोझ के रूप में निपटा दिया जाता है। यह सिर्फ विकासशील या गरीब देशों की घटना नहीं है, बल्कि अच्छे मानव सूचकांक वाले विकसित देशों में भी बाल विवाह में वृद्धि देखी जा रही है। जब एक युवा लड़की, जिसके पास बच्चों को जन्म देने और घरेलू काम करने के अलावा जीवन में कोई संभावना नहीं होती, की शादी एक परिवार में कर दी जाती है, तो वहां भी उसे बोझ के रूप में या सबसे खराब स्थिति में पति की संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे मामलों में, जिन महिलाओं के पास किसी भी आर्थिक एजेंसी का अभाव होता है। वे घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, वैवाहिक बलात्कार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों आदि का शिकार बन जाती हैं। महिलाओं की भूमिका को व्यवस्थित रूप से घर की चार दीवारों तक सीमित कर दिया गया है और समाज में उनकी जो भी भूमिका हो सकती थी, उसे विनम्रता के नाम पर छीन लिया गया है। महिलाओं की शिक्षा रोक दी गई है और उन्हें अच्छे धार्मिक प्रथाओं के नाम पर दासता का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। पितृसत्ता का सार हमारे दिमाग में इस तरह अंतर्निहित हो गया है कि हमें अक्सर इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम इसे कब और कैसे व्यवहार में लाते हैं। प्रतिबंधों का लड़कियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। जब लड़कियों को लगातार बताया जाता है कि वे क्या नहीं कर सकती हैं या उन्हें क्या नहीं करना चाहिए, तो वे यह मानने लगती हैं कि वे अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। इससे महत्वाकांक्षा की कमी और जोखिम लेने का डर पैदा हो सकता है। वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है।

**-प्रियंका सौरभ**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## द. कोरिया में गैस रिसाव से विस्फोट, पांच लोग घायल

**सोल।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र के एक रेस्तरां में गुरुवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। सोल से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में चांगवोन में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित रेस्तरां में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:33 मिनट पर विस्फोट हुआ। रेस्तरां का मालिक भी जलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। गैस विस्फोट के बाद आग लगने से बगल के एक अन्य रेस्तरां के कर्मचारियों और राहगीरों सहित चार अन्य लोग भी घायल हुए।

# अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमत

■ बाइडेन ने शी जिनपिंग के साथ की बैठक



**कैलिफोर्निया,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनके देश और चीन ने बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास तहत सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद श्री बाइडेन ने कहा, हम सीधे, खुले, स्पष्ट संचार की ओर लौट आए हैं। यह पहला मौका है जब इस जोड़ी ने एक वर्ष से अधिक समय में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी , हालांकि दोनों के बीच अभी भी तनाव के संकेत मिले है। श्री बाइडेन ने अपना विचार दोहराया कि श्री शी एक तानाशाह हैं। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बाद में इन टिप्पणियों की आलोचना की , लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोनों पक्षों द्वारा इसे काफी हद तक सफल बैठक के रूप में चित्रित किया जा रहा है। श्री बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों नेता एक दूसरे के साथ संचार की सीधी रेखा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को के पास एक ऐतिहासिक कंट्री में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संचार की कमी के कारण दुर्घटनाएं कैसे होती हैं और कहा कि दोनों राष्ट्रपति अब फोन उठा सकते हैं और तुरंत सीधे बात सुनी जा सकती है। पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन ने सैन्य-से-सैन्य संचार बंद कर दिया था।

## अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है : चीन

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक बैठक में कहा कि चीन की अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने बैठक में श्री शी जिनपिंग के हवाले से कहा, जब चीन की अमेरिका को लेकर ऐसी कोई योजना नहीं है, तब अमेरिका को भी चीन को दबाने या नियंत्रित करने की कोई योजना बनानी चाहिए।' यह चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में मित्रवत संगठनों के स्वागत रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति के हवाले से कहा, मुझे विश्वास है कि एक बार बीतचीत शुरू होने के बाद चीन-अमेरिका संबंध अच्छे हो जाएंग। हमारे लोगों की दोस्ती की जड़ें बहुत मजबूत और प्रगाढ हो गई हैं और यह निश्चित रूप से किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका के बढ़ते विकास और समृद्धि से खुश है और अमेरिका-चीनी संबंधों का भविष्य उनके लोगों, विशेषकर युवाओं पर निर्भर करता है और इसीलिए देशों को अपने राष्ट्रों के बीच संबंधों एवम आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए।

# गजा से इलाज के लिए तुर्की पहुंच रहे मरीज

**अंकारा,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। गजा पट्टी से राफा सीमा पार कर मिस्त्र जाने वाले गाजा के 27 मरीज और उनके 13 परिचारक गुरुवार को तुर्की की राजधानी अंकारा पहुंचे। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने अंकारा में हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, गाजा के 27 मरीज, इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी हैं, जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है, हमारे देश में हैं। मंत्री ने कहा, हमने अपने देश में रोगियों, विशेषकर कैंसर रोगियों को लाने के लिए तकनीकी समितियों से युक्त एक स्वास्थ्य समन्वय टीम की स्थापना की। शि?न्हुआ समाचार एजेंसी ने कोका के हवाले से कहा कि तुर्की ने गाजा को सहायता प्रदान की है, इसमें गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति और उपकरण शामिल हैं। मिस्त्र के एल अरिश हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले विमान आधी रात को अंकारा एसेनबोगा हवाई अड्डे पर उतरे। सरकारी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि कोका कुछ मरीजों के साथ




मिस्त्र से अंकारा गया था। कोका ने बुधवार को मिस्त्र में संवाददाताओं से कहा, ये मरीज इलाज के लिए मिस्त्र से दूसरे देश की यात्रा करने वाले पहले गाजावासी होंगे। 2 से 13 नवंबर के बीच, गाजा से लगभग 135 घायल लोगों को राफा के माध्यम से मिस्त्र में चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। मंगलवार को, लगभग 600 विदेशी नागरिकों और दोहरे नागरिकों और चार घायल लोगों को निकालने के लिए मिस्त्र की सीमा खोली गई।

**इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी**

पश्चिमी देशों ने हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी

# किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : क्रेमलिन



■ किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की थी मुलाकात

**मास्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। श्री किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी।

डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। मॉस्को ने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। साथ ही उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा तथा एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। श्री किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा, हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं। व्यापार और उद्योग मंत्री मंटुरोव ने कहा, तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के लिए हमारे देशों के सामने आने वाले कार्यों को प्राप्त करने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। रूस ने बिना कोई निश्चित समय सीमा बताए कहा है कि श्री किम अगले कई दिनों तक अपनी यात्रा जारी रखेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 17 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। अत: क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन - आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या - आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा।अधिक परिश्रम के बावजूद कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होंगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन - नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1525-मुग़ल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।

1869-इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।

1900-प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ श्रीमती सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू का जन्म। जिन्होंने अपना सारा जीवन भारत के हितों के लिए समर्पित कर दिया था।

1932-तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।

1933-अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।

1966-भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।

1970-रानी लक्ष्मीबाई का एक महत्त्वपूर्ण पत्र जो की उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी को लिखा था लन्दन में ब्रिटिश लाइब्रेरी के आर्काइव्स में मिला हैं।

1993-अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।

1995-ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन शुरू।

1999-अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।

2004-रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।

2005-श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न।

2006-अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।

2007-जाफना प्रायद्वीप में श्रीलंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये।

2008-चन्द्रयान-1 की सफलता के बाद केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान-2 की मंजूरी दी।

## आइसलैंड प्रायद्वीप में 'दशकों' में ज्वालामुखी अस्थिता आईएमओ की चेतावनी

**रेक्याविक,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। आइसलैंड मौसम कार्यालय (आईएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप को दशकों तक ज्वालामुखीय अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। आईएमओ के अधिकारी मैथ्यू रॉबर्ट्स का कहना है कि 800 साल के अंतराल के बाद, रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर 2021 में फिर से विस्फोट शुरू हुआ, जो एक नए विस्फोट चक्र को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि भूकंप और आसन्न विस्फोट की आशंका के कारण ग्रिंडाविक शहर को खाली कराना पड़ा है। डॉ रॉबर्ट्स का कहना है कि यहाँ कर्मचारी 24 घंटे भूकंपीय गतिविधि की गहन निगरानी करते हैं । बीते शुक्रवार को टीम यह जानकर हैरान रह गई कि 15 किमी (नौ मील) की दूरी तक चट्टान को तोड़ता हुआ मैग्मा जमीन में बह रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया।

## अमेरिकी रिपब्लिकन ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस किया लॉन्च

**वाशिंगटन,** 16 नवम्बर (एजेंसियां) । अमेरिकी रिपब्लिकन सांसदों ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस लॉन्च किया है, जो हिंदू अमेरिकियों के समुदाय से संबंधित मुद्दों की वकालत करने वाला दूसरा लेकिन अब तक का सबसे बड़ा कॉकस होगा। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेतृत्व की चौथी रैंकिंग सदस्य एलिस स्टेफनिक ने बुधवार को शलभ शल्ली कुमार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज मैं अमेरिकी कांग्रेस में कांग्रेसनल हिंदू कॉकस की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं। शल्ली कुमार पार्टी और विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए धन जुटाने वाले एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी हैं।

यह कॉकस उनकी पहल है और कुछ समय से इस पर काम चल रहा है। यह हिंदू अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुरू किया गया दूसरा कांग्रेसी कॉकस है, जो बड़े पैमाने पर भारतीय मूल के अमेरिकी हैं, जो तेजी से अपने मूल देश के बजाय अपने धर्म के आधार पर अपनी पहचान बनाना पसंद कर रहे हैं। लेकिन यह खुद को सिख, जैन और बौद्ध समुदायों का प्रतिनिधि भी बताता है। कॉकस, जिसकी अध्यक्षता प्रथम-अवधि के डेमोक्रेटिक कांग्रेसी श्री थानेदार कर रहे हैं, उस समय विवादों में घिर गया जब सिख अमेरिकियों, जो अपने स्वयं के एक अच्छी तरह से वित्त पोषित लॉबिंग प्रयास चलाते हैं, ने उनका प्रतिनिधित्व करने के इसके दावे को चुनौती दी।

# इजरायल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को किया खारिज



**यरूशलम,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष में विस्तारित मानवीय विराम के संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के आह्वान को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने एक बयान में कहा, जब तक 239 अपहृत लोग हमास के हाथों में हैं, तब तक विस्तारित मानवीय रोक अस्थिर है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हुए हमले के लिए ' स्पष्ट रूप से हमास की निंदा करने' का आह्वान किया। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को गाजा पट्टी में तत्काल एवम् विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, ताकि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों तक तत्काल आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, गाजा में इजरायली हमलों में करीब 11,500 लोग मारे गए हैं। इनमें 4,710 बच्चे और 3,003 महिलाएं शामिल हैं जबकि 29 हजार से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

## चीन में इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत

**बीजिंग,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में आग लगने से गुरुवार को कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने नेशनल माइन रेजिडेंस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से बताया कि ल्यूलियांग शहर के लिशी जिले में पांच मंजिलों की इमारत की दूसरी मंजिल पर घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं। 60 से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। यह इमारत निजी योंगजू कोयला खदान कंपनी की है, जिसकी उत्पादन क्षमता 120 टन प्रति वर्ष है।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 17.11.2023 से 19.11.2023 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| विशेष रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 17.11.2023 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04060 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल) | 00:10 | सीतामढ़ी जं. | 23:30 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा | 04:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन |
| 04048 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 15:30 | पूर्णिया जं. | 16:05 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन |
| 04052 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | सामान्य | हापुड, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | पूर्णियाँ जं. | 02:40 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी क्लास | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., प. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., न्यू बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, बनमनखी जं. एवं पूर्णियाँ कोर्ट स्टेशन |
| 02262 | नई दिल्ली | 23:55 | दरभंगा जं. | 18:15 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी क्लास | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ्फ़रपुर जं., और समस्तीपुर स्टेशन |
| **दिनांक 18.11.2023 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04488 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती स्टेशन |
| 03576 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:55 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं.दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशन |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा जं. | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04146 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | शयनयान, सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा | 13:20 | 3 टियर वाता, शयनयान, सामान्य | दिल्ली शाहदरा, गाज़ियाबाद, हापुर, अमरोहा, मुरादाबाद, चन्दौसी, आँवला, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, केराकत, डोभी, औंड़िहार, गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर और बलिया स्टेशन |
| **दिनांक 19.11.2023 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

**उत्तराखंड में फिर आया भूकंप, किसी बड़े खतरे का संकेत तो नहीं?**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के सीमांत जिलों में बार-बार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इस बार उत्तरकाशी में धरती कांप गई। एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप 16 नवंबर, बुधवार रात 2.02 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। बीती रात जब लोग घरों में चैन की नींद सो रहे थे, तभी धरती अचानक हिलने लगी। जिसके बाद डरे हुए लोग घरों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने तो पूरी रात जागकर ही बिताई। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र मोरी अन्तर्गत सांकरी के सिंगतूर रेंज के वन क्षेत्र में जमीन से पांच किमी नीचे था।

## मुख्यमंत्री ने दिए सौर ऊर्जा स्थापित करने की योजना की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश

**शिमला,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आज यहां आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की और प्रदेश में सौर ऊर्जा योजनाओं की रूपरेखा जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 100 किलोवाट से लेकर एक मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना पर युवाओं को 40 प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा की है तथा विभाग इस योजना को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने के दृष्टिगत इसकी रूपरेखा शीघ्र तैयार करे।

**मुख्यमंत्री ने की ऊर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता**

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना से जहां हिमाचली युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं हिमाचल को हरित राज्य बनाने के वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों को भी इससे बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि यहां के पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। राज्य सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्थापित इकाइयों से 25 वर्ष के लिए बिजली की खरीद करेगी, जिससे युवाओं को आय के स्थाई स्रोत प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा इकाइयां स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, 'नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति राज्य सरकार का यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देगा, बल्कि विकास और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा, जिससे हिमाचल देश में स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में अग्रणी बनेगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा के दोहन को बढ़ावा दे रही है और वर्ष 2023-24 में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस दिशा में अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं और वर्तमान राज्य सरकार ने अपना पहला बजट भी हरित बजट के रूप में प्रस्तुत किया है।



**इस योजना से जहां हिमाचली युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं हिमाचल को हरित राज्य बनाने के वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों को भी इससे बल मिलेगा: ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने और प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा का उत्पादन महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार ई-वाहनों के संचालन को भी बढ़ावा दे रही है तथा आने वाले समय में इससे प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ेगी। उन्होंने 21 नवंबर को भी ऊर्जा विभाग की दोबारा बैठक बुलाई है।

बैठक में मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड हरिकेश मीणा, हिमऊर्जा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभ करण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत: धामी

**देहरादून,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में मिलेट बेकरी आउटलेट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। राज्य के मोटे अनाजों पर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि करने के उद्देश्य से सचिवालय परिसर में मिलेट बेकरी का आउटलेट शुभारंभ किया गया है। राज्य में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय मंडुआ, झंगोरा, ज्वार, चैलाई इत्यादि अनाजों के उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए जनपद देहरादून के रायपुर ब्लॉक तथा जनपद पौड़ी के पौड़ी ब्लॉक में 2 मिलेट उत्पादों की बेकरी प्रारम्भ की गयी है। मिलेट बेकरी में मंडुआ तथा झंगोरा का प्रसंस्करण कर बिस्किट, ब्रेड तथा पिज्जा बेस व अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहें है। अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अन्तर्गत स्थानीय मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं।



■ मुख्यमंत्री ने मिलेट बेकरी आउटलेट का किया उद्घाटन

राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 2025 तक सवा लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 40 हजार 270 महिलायें लखपति दीदी बनायी जा चुकी है।

चयनित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बेकरी विशेषज्ञ के माध्यम से बेकरी उत्पाद हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे अधिक संख्या में समूहों द्वारा बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता तथा पोषण से युक्त बेकरी उत्पाद तैयार कर लोगों को उपलब्ध करा सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्रीमती राधिका झा एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में चल रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कमिश्नर गढ़वाल, आईजी गढ़वाल एवं राहत एवं बचाव में लगी एजेंसियों से सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन तथा टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में लगी सभी टेक्निकल एजेंसियों को हर संभव सहयोग दिया जाय। गढ़वाल कमिश्नर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में किसी भी प्रकार से विलंब न हो, मौके पर कार्य कर रही एजेंसियों को राज्य की तरफ से सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये। मुख्यमंत्री बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों और जिलाधिकारी उत्तरकाशी से भी समय-समय पर अपडेट ले रहे हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चमोली।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीती 15 नवम्बर को पीड़ित व्यक्ति ने थाना नन्दानगर पर तहरीर देकर बताया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री जो दिनांक 14 नवम्बर को पांडव लीला देखने गांव में गई थी लेकिन घर वापस नहीं आयी तथा जिसे अजीत पुत्र कलम सिंह निवासी ग्राम घुनी अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों के बाद आरोपी अजीत पुत्र कलम सिंह निवासी ग्राम घुनी को आज थाना नन्दानगर घाट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**देहरादून।** तीर्थनगरी के श्यामपुर क्षेत्र में फांसी लगाकर महिला ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है। गुरुवार को पुलिस का सूचना मिली थी कि रामेश्वर कॉलोनी श्यामपुर में एक महिला द्वारा फांसी लगा ली है। सूचना पर चैकी प्रभारी श्यामपुर मौके पर पहुँचे। मौके पर श्रीमती पूजा उम्र पत्नी संजू खड़का हाल निवासी रामेश्वर पुरम श्यामपुर कोतवाली ऋषिकेश जनपद देहरादून द्वारा पंखे पर चुन्नी के फंदे से फांसी लगा कर आत्महत्या की गई थी तथा मृतका की मां श्रीमती दीपा देवी एवं मृतका के दो बच्चे मौजूद थे। मृतका का पति संजू ड्राइवरी करता है, जिसका घनसाली टिहरी में होना बताया गया है। मृतका के परिजनों से जानकारी करने पर प्रथमदृष्टया मृतका द्वारा पारिवारिक विवाद के कारण आत्महत्या किया जाना प्रकाश में आया है। मौके पर 108 एम्बुलेंस को बुलवाकर शव को जिला अस्पताल ऋषिकेश भेजा गया है। चूंकि मृतका की शादी को लगभग 5 वर्ष हुए हैं, जिसका पंचायत नामा भरने हेतु मजिस्ट्रेट से पत्राचार किया जा रहा है। घटना में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### घरेलू झगड़ों से तंग आकर पत्नी को रास्ते से हटाया

**हरिद्वार।** पूछताछ में आरोपी अजय ने पुलिस को बताया कि उसने गैर समुदाय की युवती से शादी कर ली थी। दोनों बदायूं में ही रहे थे, लेकिन इसी बीच उसकी पत्नी रिश्तेदारी में जाने का बहाना बनाकर गायब हो गई। अजय तभी से अपनी पत्नी की तलाश कर रहा था, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। इस दौरान अजय भी जब रोजगार के लिए हरिद्वार लौटा तो उसे दोस्तों से पता कि उसकी पत्नी किसी लड़के के साथ रह रही है।

### सुडोकू 6378 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

## अमृतसर-शिमला के बीच में पहली हवाई उड़ान शुरू हुई, 24 यात्रियों ने यात्रा की

**शिमला,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। शिमला से अमृतसर के लिए एलायंस एयर की उड़ान वीरवार से शुरू हुई। पहले दिन दोनों स्थानों के बीच हुई पहली उड़ान में कुल चौबीस यात्रियों ने यात्रा की। अमृतसर से शिमला अट्ठारह यात्री पहुंचे और शिमला से अमृतसर के लिए छह यात्री गए। उड़ान सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार और शनिवार को हुआ करेगी। इससे पर्यटकों के साथ अन्य लोगों को भी लाभ होगा। सड़क से लगभग सात घंटे में तय होने वाला सफर अब लगभग एक घंटे में हो जाएगा। पहले जहाज अमृतसर से सुबह 8.20 बजे शिमला पहुंचेगा और सुबह 8.45 बजे शिमला से अमृतसर के लिए उड़ान भरेगा। प्रति यात्री रियायती दर पर किराया 1990 रुपए और जीएसटी मिलाकर 2400 रुपए चुकाना पड़ेगा। फिलहाल कुछ दिनों तक व्यवसायिक सीटों का कोई प्रविधान नहीं किया गया है। आमतौर पर शिमला, सोलन जिला के लोग स्वर्ण मंदिर जाने के लिए बस से यात्रा करते थे, अब उन्हें बस में थका देने वाली यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मुश्किल से आधा घंटे की हवाई यात्रा करके अमृतसर पहुंच सकेंगे।

■ शिमला-अमृतसर के बीच उड़ान आज से
■ सप्ताह में तीन दिन उड़ान होगी, जीएसटी मिलाकर 2400 रुपए किराया



**सरकार ने भुंतर के लिए अलायंस एयर की उड़ान बंद की**

सरकार ने अक्टूबर माह से शिमला से भुंतर के लिए सप्ताह में तीन दिन होने वाली उड़ान को बंद कर दिया था। भुंतर के लिए जाने वाली हवाई उड़ानों को कांगड़ा के लिए किया गया था, यानि पहले सप्ताह में कांगड़ा के लिए चार दिन उड़ान होती थी। अब कांगड़ा के लिए सप्ताह भर उड़ान होती है।

**48 सीटर जहाज उतरा**

अमृतसर से शिमला के लिए एलायंस एयर का 48 सीटर जहाज यात्रियों को लेकर उतरा। अक्टूबर माह से भुंतर हवाई अड्डे पर एलायंस एयर का जहाज अमृतसर से 40 से अधिक यात्रियों को लेकर पहुंचा था और यहां से हवा के दबाव को देखते हुए अधिकतम 30 यात्रियों को अमृतसर लेकर जाने की व्यवस्था रहती है। सामान्य तौर पर अमृतसर के लिए होने वाली हवाई उड़ान में रोजाना 25 से 30 यात्री जा सकेंगे।

शिमला और अमृतसर के बीच में हवाई उड़ान सेवा शुरू हो गई है। इस हवाई उड़ान के शुरू होने से पंजाब से पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। इसी तरह से शिमला और इसके आसपास से अमृतसर जाने वाले लोगों के लिए सस्ती हवाई सेवा का लाभ प्राप्त होगा। दोनों स्थानों के बीच में सप्ताह में तीन दिन हवाई उड़ान सेवा रहेगी।

**धनपाल सिंह, निदेशक भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण।**

## झूठ बोल रहे मुकेश अग्निहोत्री : बिंदल

**शिमला,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। मुकेश अग्निहोत्री उप-मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने कहा कि मुकेश जी का बयान झूठ का पुलिंदा है जिसमें उन्होंने गारंटियां पूरी करने की बात कही है। 2022 के चुनाव में गारंटियों पर गारंटियां देते चले गए और बोलते समय सांस भी नहीं लिया कि कितनी गारंटियां दी जा चुकी है। डॉ0 बिन्दल ने कहा कि पूरे हिमाचल प्रदेश के हर गांव, हर गली, हर गूचे की दीवारों को गारंटियों के लेखों से भर दिया गया और चिल्ला चिल्लाकर कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में गारंटियां पूरी करेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गारंटियों पर भाषण देते समय प्रियंका गांधी से लेकर हर छोटे बड़े नेता कहते नहीं थकते थे कि बस सरकार कांग्रेस की बने और पहली कैबिनेट में सब कुछ कर दिया जाएगा परन्तु सरकार बनने के बाद जो नेता दिल्ली से आये थे, दूसरे प्रांतों से आए थे वो तो अपना भाषण झाड़ कर चले गए और जिनके हाथ में सत्ता की चाबी आई वो गारंटियां पूरी करने के मामले में फिर दोबारा से हिमाचल की जनता को धोखा देने में जुट गए है।



डॉ0 बिन्दल ने कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी कांग्रेस के सभी नेताओं ने दी जिसके वीडियो घर घर पहुंचाए गए। आज लगभग एक साल सरकार को बने हुए हो गया एक भी व्यक्ति को नौकरी नहीं दी गई अपितु दस हजार के आस पास लोगों को जिन्हे पूर्व भाजपा सरकार ने नौकरी दी थी, नौकरी से निकाला गया। भारतीय जनता पार्टी पूछना चाहती है कि कांग्रेस पार्टी स्थाई नौकरी देने की बात करती रही और अब दोबारा से ठेके पर नौकरियां देने के प्रस्ताव पारित हो रहे हैं और वन विभाग में जो कर्मचारी लगाने का प्रस्ताव है उनके लिए तो न अनुबंध नीति है और न ही कोई अन्य नीति है। बेरोजगारों के अलावा महिलाओं को, किसानो को, गरीबों को, युवाओं को, कर्मचारियों को जो गारंटियां दी गई वो सब लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने उत्तरकाशी टनल रेस्क्यू पर उठाए सवाल

**महारा बोले-सरकार का मुखिया चुनावों में व्यस्त और मंत्री अपने में मस्त**

**श्रीनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस की पूरी कोशिश है कि वो लोकसभा और निकाय चुनाव में बीजेपी व अन्य पार्टियों की चित करें और अपना खोया हुआ जनाधार पाएं। इन्हीं तमाम कोशिशों के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा इन दिनों गढवाल मंडल के दौरे पर है, जहां वो पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुनावी रणनीति बना रहे हैं। साथ ही बीजेपी सरकार की खामियों को भी जनता के बीच ला रहे हैं। इसी क्रम में करण माहरा गुरुवार को श्रीनगर गढ़वाल पहुंचे, जहां उन्होंने बीजेपी को आड़े हाथों लिया। श्रीनगर गढ़वाल पहुंचने पर करण माहरा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बूथ को मजबूती से लड़ने पर चर्चा की। इसके साथ ही उत्तरकाशी टनल में फंसे 40 मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर करण माहरा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना है कि उत्तरकाशी टनल में 40 फंसे हुए हैं, लेकिन प्रभारी मंत्री अभी तक उस जगह पर नहीं पहुंचे हैं।



करण माहरा का कहना है कि सरकार ने रैणी की घटना से कोई सबक नहीं लिया है। सरकार के मुखिया मध्य प्रदेश चुनाव में व्यस्त हैं और कैबिनेट मंत्री मस्त हैं। इस सरकार को आम जनता की परेशानियों से कुछ लेना देना नहीं है। घटना के पांच दिन बाद भी 40 मजदूरों का रेस्क्यू नहीं हो पाया।करण माहरा ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में नकली सोने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पहले तो बदरी-केदार मंदिर समीति के अध्यक्ष ने खूब वाहवाही लूटी और फिर जब सोना नकली होने की बात सामने आई तो चुप्पी साध ली।

## मार्च के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी उत्तराखण्ड की बोर्ड परीक्षा

**रामनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद इस बार 10वीं और 12वीं के बोर्ड का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करेगा। शासन से जारी हुए शासनादेश के बाद ये जानकारी दी गई। इस बार फरवरी अंतिम सप्ताह या मार्च प्रथम सप्ताह में बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। बता दें कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद को शासन से समय पर बोर्ड परीक्षाएं कराने और उनके परिणाम 30 अप्रैल तक जारी करने का आदेश प्राप्त हुआ है। दरअसल शिक्षा परिषद के लिए बोर्ड का परिणाम समय पर घोषित करना एक बड़ी चुनौती रहा है। अब विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 30 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने के आदेश के बाद समय पर परीक्षाएं कराने और फिर उनका परिणाम घोषित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा समय पर बोर्ड परीक्षाएं और उसके परिणाम जारी ना होने के कारण इसका असर उच्च शिक्षा पर भी पड़ता है। उच्च शिक्षा में भी समय से सत्र शुरू नहीं हो पाते थे। इसी को देखते हुए उत्तराखंड शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल तक 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का शासनादेश जारी कर दिया है। फिलहाल शैक्षिक सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी और मार्च में कराकर 30 अप्रैल तक दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम घोषित करने की तैयारियां उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड ने शुरू कर दी हैं।




■ शासनादेश किया गया जारी
■ 30 अप्रैल को आएगा परीक्षा का परिणाम

**सत्र नियमित करने की कवायद हुई तेज**

इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए शिक्षा बोर्ड सचिव नीता तिवारी ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि शाशन से हमें निर्देश प्राप्त हुआ है कि इस बार परिषदीय परीक्षा का परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित किया जाएगा। इसी क्रम में हम जल्द ही निर्णय लेकर परीक्षा कार्यक्रमों को तय करते हुए यथासमय परीक्षा परिणाम भी घोषित करेंगे।

## हिमाचल प्रदेश में वीआईपी नंबर लेने की लोगों में होड़ मची

**शिमला,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में वीआईपी नम्बर लेने की होड़ लोगों में मची हुई है। इसका खुलासा इस बात से हुआ है कि परिवहन विभाग ने वीआईपी नंबर बेचकर 7 करोड़ रुपए की कमाई कर दी है। ऐसे में अब सरकार ने निर्णय लिया है कि जो 0001 नम्बर अधिकारियों, मंत्रियों को दिया जाता था उसे भी बेचा जाएगा। इसके लिए विभाग की और से 5 लाख रुपए न्यूनतम मूल्य रखा गया है। जल्द ही पोर्टल पर इसकी बोली शुरू हो जाएगी। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर बोलते हुए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी में शुरू हुई लगेज पॉलिसी भी कमाई का साधन बन रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोग फ्री में ही सामान भेजते थेए जबसे यह लगेज पॉलिसी शुरू की गई है तबसे अभी तक 1 करोड़ की कमाई एचआरटीसी को हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चिंतापूर्णी मंदिर में भी शुरू किए दर्शन शुल्क से सरकार को कमाई हो रही है। इससे अभी तक सरकार के खाते में 2 करोड़ रुपए आ चुके हैं। इसके अलावा यहां पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ई-रिक्शा भी शुरू की गई है। वहीं लिफ्ट और भक्तों के बैठने का भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में दर्शन शुल्क शुरू होने के बाद केदरनाथ व बदरीनाथ में भी यह शुल्क लेना शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि साउथ के मंदिरों में यह शुल्क पहले से ही लिया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने हेड कॉन्स्टेबल और एआरटीओ को पावर सौंप दी है कि वह मौके पर ही चालान का भुगतान कर सकें ताकि लोगों को कोर्ट के चक्कर ना काटने पड़े। ट्रांसपोर्ट विभाग 1 हजार करोड़ को जा रहा है।

■ परिवहन विभाग ने वीआईपी नंबर बेचकर 7 करोड़ रुपए की कमाई की

**केंद्र ने नहीं दिया कोई पैकेज**

डिप्टी सीएम ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि अभी तक केंद्र ने हिमाचल को कोई भी आर्थिक पैकेज नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र ने कोई पैकेज नहीं देना है तो वह क्लेम ही दे दे। उन्होंने कहा कि हिमाचल का 5 हजार करोड़ का क्लैम बनता है। नियमों के तहत सारे कागजात भी पूरे कर दिए गए हैं। ऐसे में केंद्र को यह तो दे देना चाहिए।

**ड्रग सप्लायरों से भरी हिमाचल की जेलें**

डिप्टी सीएम ने कहा कि हिमाचल में ड्रग्स तेजी से फैलता जा रहा है। इसे रोकने में सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी तक 14 किलो चिट्टा बरामद किया जा चुका है। चिट्टा तस्करों से हिमाचल की जेलें भर चुकी है। 2200 से ज्यादा गिरफ्तारियां भी हो चुकी है। लगातार चिट्टे का जाल फैलता जा रहा है। डिप्टी सीएम ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सभी पत्रकारों को बधाई संदेश भी दिया।

## टनल हादसे से सबक, अब सुरंग निर्माण कार्यों की समीक्षा खुद करेगी सरकार

**देहरादून,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में हुए भूधंसाव के चलते पिछले 5 दिनों से मजदूर टनल में फंसे हुए हैं। मजदूरों को टनल से बाहर निकलने के लिए आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार प्राथमिकता के आधार पर टनल में फंसे लोगों को निकलने की कवायद में जुटी हुई है। इसी बीच अब उत्तराखंड सरकार ने इस हादसे से सबक लेते हुए बड़ा निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत भविष्य में होने वाले टनल निर्माण कार्यों की सरकार खुद समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में लगातार फ्रेश मलबा आ रहा है। इसके चलते राहत बचाव कार्यों में काफी दिक्कतें भी आ रही हैं। हालांकि अब नई तकनीकी की मशीन वायुसेना के माध्यम से वहां पहुंचाई गयी है, जो मलबे में ड्रिल करने का काम शुरू कर चुकी है। यह अत्याधुनिक मशीन 5 से 7 मीटर तक ड्रिल कर चुकी है और हर घंटे 5 से 10 मीटर तक ड्रिल करेगी। वर्तमान समय में तकनीकी विशेषज्ञ, तकनीकी चीजों पर भी विशेष ध्यान देते हुए तमाम जरूरी दिशा निर्देश दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि टनल में जो लोग फंसे हुए हैं, उनके लिए शासन-प्रशासन की ओर से खाने पीने समेत तमाम जरूरी सामानों की व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं। ताकि उनको किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खुद राहत और बचाव कार्यों की जानकारियां लेने के साथ ही समीक्षा कर रहे हैं। पीएमओ स्तर से भी लगातार सभी को निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि जो सभी एजेंसियां और तकनीकी विशेषज्ञ रेस्क्यू के कार्य में लगे हैं, वो जरा भी लापरवाही न करें।

# प्रादेशिकी

## 25 हजार का इनामी हिस्टीशीटर गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**फर्रुखाबाद,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना मऊदरवाजा पुलिस ने 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर शिवम उर्फ छुआरा को गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर तमंचा बरामद किया है। दरोगा दिलीप कंचन ने काशीराम कॉलोनी निवासी शिवम उर्फ छुआरा को चिलसरा चुंगी के निकट गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर छुआरा ने जनवरी 2020 में अपने साथी गगन दुबे, ऋषभ दुबे, सागर आदि के साथ मिलकर किन्नर शबाब उर्फ अंजली की सरेशाम तमंचो से ताबड़ तोड़ गोलिया चलाकर हत्या कर सनसनी फैला दी थी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में छुआरा को साथियो के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिला कारागार फतेहगढ़ में कारावास के दौरान एक बंदी की इलाज की दौरान मृत्यु होने के उपरान्त छुआरा ने साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से जेल में ही उपद्रव करके पुलिस कर्मियों पर हमला करके भागने का प्रयास किया था।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में देश में नंबर वन बना उत्तर प्रदेश

■ रतिभान त्रिपाठी

- चार करोड़ 39 लाख पात्र लाभार्थियों के बनाए आयुष्मान कार्ड
- 3662 अस्पताल इस योजना से जोड़े
- इलाज में अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च
- 31 दिसम्बर तक चलेगा कार्ड बनाने का विशेष अभियान, लाभार्थी बनवाएं कार्ड : संगीता सिंह

**लखनऊ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश केंद्र और प्रदेश की योजनाएं लागू करने में लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। उज्जवला योजना के साथ ही आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को पक्के मकान देने में नंबर वन होने के साथ ही अब आयुष्मान कार्ड बनाने में भी नंबर वन हो गया है। 4 करोड़ 39 लाख पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश दूसरे और छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। जबकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। इसी के साथ ही इस योजना के लाभार्थियों को जिन अस्पतालों में इलाज मिलना है, उन अस्पतालों की संख्या में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। इस योजना का लाभ दिलाने के लिए 3662 अस्पताल जोड़े गए हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने का जिम्मा स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) का है।

साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भावना के अनुरूप उत्तर प्रदेश के गरीबों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड धारकों को अपने या अपने परिवार के पांच लाख रुपए तक के इलाज के अपने पास से एक पैसा भी खर्च नहीं करना है। वह अपने मनचाहे अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करा सकते हैं। साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिंह ने बताया कि प्रदेश में कुल पात्र लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इलाज के लिए लाभार्थियों को भटकना न पड़े इसके लिए अब तक प्रदेश के 3,662 अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जा चुका है।

इसमें 1118 सरकारी और 2544 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 27,62,262 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से कई ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दो से तीन बार इलाज कराया है। अति गंभीर बीमारी किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, हार्ट डिजीज़, कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण और कैंसर के इलाज के साथ सर्जरी कराने वाले 4,37,290 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके लिए अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसमें से 1502 करोड़ की धनराशि अति गंभीर बीमारी के इलाज में खर्च की गई है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि पात्र लाभार्थियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान भी चलाया गया है। प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार युद्धस्तर पर काम कर रही है।

### अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवारों के बने आयुष्मान कार्ड

उत्तर प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इनमें से 1 करोड़ 31 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं और 56 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश पूरे देश में 4 करोड़ 39 लाख आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले पायदान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां अब तक 3 करोड़ 70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ है, जहां 2 करोड़ 3 लाख कार्ड धारक हैं, जबकि चौथे स्थान पर कर्नाटक और पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है। कर्नाटक में 1 करोड़ 51 लाख और आंध्र प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख आयुष्मान कार्ड धारक हैं।

# 490 करोड़ के निवेश से बदलेगी नौ ऐतिहासिक धरोहरों की सूरत

**उप्र की चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू**

**लखनऊ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य कर रही योगी सरकार ने प्रदेश की 9 चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था जिसको अमलीजामा पहनाने का दायित्व उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपा गया है। इस क्रम में जो खाका खींचा गया है उसके अनुसार कुल 490 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए इन ऐतिहासिक धरोहरों की रूपरेखा तय की गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कार्य योजना के अनुसार, लखनऊ के छतरमंजिल में 100 करोड़ रुपए के निवेश से कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, मिर्जापुर के चुनार फोर्ट व झांसी के बरुआ सागर फोर्ट में भी 100-100 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, लखनऊ की कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्-दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप, मथुरा के बरसाना स्थित जल महल समेत कानपुर देहात के शुक्ला तलाब व कानपुर नगर स्थित टिकैत राय बारादरी को भी 30-30 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश को विरासत पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय डेस्टीनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उसका मौजूदा कदम इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की स्थिति को और पुख्ता करेगा। सीएम योगी के मार्गदर्शन में निजी क्षेत्रों के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को उनका प्राचीन गौरव लौटाने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में, इन स्थानों को वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, लग्जरी रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, बुटीके रेस्तरां, मैरिज डेस्टिनेशन व वेडिंग वेन्यू, एडवेंचर टूरिज्म स्पॉट, होमस्टे, थीमपार्क तथा अन्य पर्यटक व अतिथि इकाइयों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सार संक्षेप

### अभी बस व यूपीएसआरटीसी ने की साझेदारी

**मेरठ।** भारत के प्रमुख ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म अभी बस ने देश के सबसे बड़े सार्वजनिक सड़क परिवहन निगम उत्तर प्रदेश स्टोट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (यूपीएसआरटीसी) के साथ साझेदारी की है। अभी बस के चीफकमर्शल अफसर शशांक कूना ने कहा कि हम यूपी एसआरटीसी के साथ साझेदारी कर बेहद उत्साहित हैं। यूपी एसआरटीसी पब्लिक ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। इस साझेदारी से हमें उत्तर प्रदेश में अपनी पहुंच और मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### मिर्गी व दिमाग की बीमारियों के बारे में दी जानकारी

**मेरठ।** न्यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं में मिर्गी एक ऐसी बीमारी है जो लाखों लोगों के जीवन पर प्रभाव डालती है। मिर्गी और दिमाग से जुड़ी अन्य बीमारियों, जैसे ब्रेन ट्यूमर और धमनी शिरापरक विकृतियों (एवीएम) के बीच एक कॉम्प्लेक्स अंतःक्रिया होती है. इस कनेक्शन से पर्दा उठाना न सिर्फ ऐसी स्थितियों की गहरी समझ के लिए जरूरी है, बल्कि जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भी ये महत्वपूर्ण. इससे ज्यादा असरदार तरीके से इलाज की रणनीति बनाई जा सकती है. आर्टेमिस अस्पताल गुरुग्राम में न्यूरो सर्जरी व साइबरनाइफके डायरेक्टर डॉक्टर आदित्य गुप्ता मिर्गी व दिमाग से जुड़ी समस्याओं के कनेक्शन के बारे में जानकारी देने के साथ ही बता रहे हैं कि ऐसी स्थितियों को कैसे कंट्रोल किया जाए व इसका सबसे प्रभावी इलाज क्या हो सकता है।

### कैंट बोर्ड में सीबीआई ने की छापेमारी, हड़कंप

**मेरठ।** गुरुवार को कैंट बोर्ड का दफ्तर खुलते ही सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। जैसे ही कैंट बोर्ड ऑफिस में सीबीआई की टीम पहुंची तो कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई, सीबीआई को जांच के दौरान सफाई अनुभाग के अफसर सफाई अधीक्षक वीके त्यागी, योगेश यादव, अभिषेक गंगवार व अन्य ऑफिस में नहीं मिले। यह बड़ी कार्रवाई स्वास्थ्य एवं सफाई अनुभाग में हुई है। सीबीआई की टीम में लगभग एक दर्जन लोग शामिल हैं। सफाई निरीक्षक वीके त्यागी और योगेश यादव के कंप्यूटर को भी सीबीआई की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। जांच पड़ताल के दौरान सीबीआई अफसरों ने सफाई विभाग में प्रवेश करते ही दरवाजा बंद कर दिया। मीडिया ने बात करने की कोशिश की तो अफसरों ने कुछ बताने से इंकार कर दिया। अफसरों ने जांच के दौरान कमरे की खिड़कियों को स्पर्श करते हुए बहार की ओर झांक कर देखा। दोपहर करीब 12 बजे से सीबीआई की टीम लगातार कैंट बोर्ड सीईओ ज्योति कुमार व अन्य अधिकारियों से संबंधित नदारद कर्मचारियों के बारे में पूछताछ करती रही। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी सीबीआई की टीम ने कब्जे में लिए है। उधर, कैंट बोर्ड ऑफिस में भी हड़कंप मचा हुआ है। प्रत्येक कर्मचारी दहशत में है। बताया गया है कि योगेश यादव किसी मामले में बड़ी रिश्वत मांग रहे थे। इसके प्रमाण सीबीआई तलाश कर रही है। हालांकि विभाग द्वारा सीबीआई किस मामले में जांच को पहुंची है अभी तक विभाग की ओर से कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। कार्यालय अधीक्षक जयपाल तोमर ने बताया इस मामले में सीईओ ज्योति कुमार जांच पूरी होने के बाद अपना वक्तव्य प्रेस को देंगे।



## सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस आयोजित

**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के दौर में मीडिया' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन अपने विचारों को साझा किया और उनके प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धि के उपयोग से मीडिया को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी और पाठकों तक सही और पुख्ता सूचना पहुंच सकेगी। प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को अपने पत्रकारिता के अनुभव शेयर करते हुए कहा गया कि मीडिया में तथ्यपरक जानकारी होना जरूरी है तभी पत्रकार और पत्रकारिता की साख बन सकेगी। प्रमोद कुमार ने कहा कि एआई के बढ़ते चलन के बीच युवा और वरिष्ठ पत्रकारों को नई तकनीकों को भी सीखना चाहिए।

# निराश्रित गोवंश का करें शत प्रतिशत संरक्षण : सेल्वा कुमारी

■ 37 विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा की

**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. की अध्यक्षता में गत बैठक से वर्तमान तक जारी शासनादेश तथा उनकी प्रगति पर चर्चा, 37 विकास प्राथमिकता कार्यक्रम एवं 50 लाख से अधिक की लागत की परियोजनाओ, मुख्यमंत्री की घोषणाओ की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में शासनादेश एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रम तथा 50 लाख से अधिक की लागत की परियोजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये आयुक्त ने कहा कि समस्त मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय निर्माणाधीन योजना एवं लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओ में और अधिक प्रगति लाए जाने हेतु प्लानिंग के तहत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं कार्यों की रैंकिंग की समीक्षा कर रैंकिंग को और बेहतर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एंबुलेंस, डायलिसिस, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए सेवाओं में और सुधार लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों का निरीक्षण, एमडीएम, प्रोजेक्ट अलंकार आदि की समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के अंतर्गत धान की कम उत्पादकता वाली ग्राम पंचायत में किए गए प्रयास का परिणाम, डिजिटल क्रॉप सर्वे, कृषि निवेश, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम योजना, उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति, जीआई टैग, एकीकृत बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मधुमक्खी पालन हाईटेक नर्सरी आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : सेल्वा कुमारी जे

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। एक परिवार की दीपावली की खुशियों को हादसों का ग्रहण लग गया। दीपावली से पहले परिवार के सबसे बड़े सदस्य पिता की मौत हो गई। पिता की मौत को 10 दिन हुए थे कि बेटा भी सड़क हादसे में गुजर गया। दर्दनाक हादसे में बेटे की मौत हो गई।

नेशनल हाइवे-119 स्थित मवाना रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। इंचौली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उधर, परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जबकि इसी महीने युवक के पिता की हार्ट अटैक से मौत हुई थी। इंचौली थाना क्षेत्र के बना गांव निवासी अनु कुमार उम्र 35 साल, पुत्र स्व. ओमपाल सिंह। बुधवार रात 9: 30 बजे अनु बना गांव के लिए आ रहा था। अनु गंगानगर के दादा, दादी वृद्धाश्रम में काम करता था। रात ड्यूटी खत्म कर घर जा रहा था।

# कंबल व रैनबसेरे की करें व्यवस्था : आयुक्त

- कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा बैठक
- संगठित अपराध के विरुद्ध की जाए सख्त कार्रवाई : आईजी



**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. व आईजी नचिकेता झा द्वारा समस्त जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नए बनाए गए मतदान केंद्र ध्मतदान बूथ तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभी से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी जाए उन्होंने शीत ऋतु के दृष्टिगत शेल्टर होम बनाने, कंबल वितरण, पशुओं को ठंड से बचाव आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईजी ने गंगा मेला एवं छठ पूजा के दृष्टिगत कहा कि घाट पर प्रवेश, निकास, यातायात तथा सूचना संकलन आदि की समुचित व्यवस्था की जाए तथा छोटी से छोटी घटना पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन इस बात का ध्यान रखे कि गंगा मेला व छठ पूजा के दौरान कोई भी दुर्घटना ना होने पाए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद पर निष्पक्ष व ससमय कार्यवाही करते हुए जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संगठित अपराध के विरुद्ध सख्त कार्रवाही अमल में लाई जाए।

उन्होंने गोतस्करी, अवैध शराब आदि के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुंडा एक्ट, गैंगस्टर अधिनियम, हत्या, लूट, डकैती, महिलाओ के विरूद्ध अपराध यथा-अपहरण, पॉक्सो एक्ट, अनुसूचित जाति जनजाति के विरूद्ध अपराध आदि की मंडलीय समीक्षा की।

## खिलाड़ियों को मिलेगा सस्ता इलाज

**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज सहित यूपी के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर खोले जाएंगे। इन मेडिकल कॉलेजों में खिलाड़ियों को हर प्रकार की इंजरी का इलाज मिलेगा। प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर खोलने की मांग को अनुमति दी है। मेरठ मेडिकल कालेज में भी यह सेंटर शुरू होगा।

जहां खिलाड़ियों को उनकी हर इंजरी का सस्ता इलाज मिलेगा। डिप्टी ब्ड ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में स्पोर्ट्स इंजरी विभाग खोलने पर जोर दिया हैं। मेरठ, हापुड़ सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने पिछले दिनों सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर मेरठ मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर खोले जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री जी ने आज उसकी स्वीकृति दे दी है।

# अमेठी में आठ हजार गरीबों को मुफ्त रजाई होगी वितरित

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के हाथों से अमेठी के आठ हजार गरीबों को मुफ्त रजाई मिलेगी। अमेठी के रामलीला मैदान में शुक्रवार को होने वाले रजाई वितरण समारोह के आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला है। अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला ने बताया कि पहले की तरह इस बार भी गरीबों को रजाई दी जाएगी। रजाई वितरण समारोह की मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी है। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हैं। बाकी प्रभारी मंत्री गिरीश यादव, पूर्व मंत्री विनोद सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासी, विधायक शैलेंद्र सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी आदि है। उन्होंने बताया कि 27 साल से अमेठी में गरीबों को रजाई वितरण करते हैं। अब तक करीब सवा लाख विधवा, दिव्यांग, बेसहारा और गरीबों को रजाई वितरण कर चुके हैं। राघवराम सेवा संस्थान की तरफ से गरीबों को दवाई, रजाई, पढ़ाई-लिखाई, शादी विवाह, आपातकालीन सेवाएं, कोरोना काल और आगजनी से पीड़ित परिवारों की मदद की जाती हैं। मसाला उधोग के डायरेक्टर हिमांशु अग्रहरि ने बताया कि हर साल रजाई वितरण के एक महीने पहले से ग्राम पंचायत स्तर पर विधवा, दिव्यांग,बेसहारा, निर्धन और गरीबों का चयन किया जाता है। इसके बाद ठंड से बचने के लिए डबल बेड की अच्छी रजाई दी जाती है। ब्रजेश पाठक के अमेठी कार्यक्रम की खबर आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। पाठक उप मुख्यमंत्री हैं। लेकिन जमीन से जुड़े नेता हैं।

**योजना** — पश्चिमांचल विद्युत निगम द्वारा आठ नवम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगी एकमुश्त समाधान योजना

# बिजली उपभोक्ताओं को सरचार्ज में मिलेगी भरपूर छूट

- घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को विशेष छूट की पेशकश
- योजना का लाभ उठाने के लिए प्रबन्ध निदेशक ने की अपील


**मेरठ,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। बिजली विभाग द्वारा घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान एवं निजी नलकूप के बकायदारों को योजना चलाकर विशेष छूट दी जा रही है। इसके लिए उप्र पावर कारपोरेशन लि. द्वारा एकमुश्त समाधान योजना 8 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत कोई भी बकायदार अपना पंजीकरण कराकर, सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकता हैं। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. द्वारा अपील की गयी है कि सभी उपभोक्ता सरचार्ज माफी का लाभ उठाने के लिए आगे आएं।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा इस योजना को लेकर घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके तहत समस्त विद्युत भार के एलएमवी-1 (घरेलू), एलएमवी-2 (वाणिज्यिक), एलएमवी-4बी (निजी संस्थान), एलएमवी-5 (निजी नलकूप) एवं एलएमवी-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 प्रतिशत की छूट की पेशकश की है। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बकाये पर किश्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया। योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में सम्मिलित व्यक्तियों को एकमुश्त भुगतान या किश्तों के माध्यम से अपने जुर्माने की राशि के निस्तारण पर छूट भी दी गई है। एक किलोवाट तक भार वाले उपभोक्ता द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज राशि में 100 प्रतिशत की छूट व तीसरे चरण में 80 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय चरण में 12 किश्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत तथा तृतीय चरण में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 किवा से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं को प्रथम अवधि में पूर्ण भुगतान पर 90 प्रतिशत, द्वितीय अवधि में 80 प्रतिशत तथा तृतीय अवधि में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को अपने बिलों को किश्तों में भुगतान का भी विकल्प दिया गया है। किश्तों को नियत अवधि में जमा न करने पर 12 किश्तों के मामले में अधिकतम कुल 3 डिफाल्ट की अनुमति होगी। किसी भी उपभोक्त लगातार 2 डिफाल्ट की अनुमति नही होगी।

इसी प्रकार 6 किश्तों के प्रकरण में केवल एक डिफाल्ट की अनुमति होगी तथा 6 किश्तों से कम के मामलों में कोई डिफाल्ट की अनुमति नही होगी। बता दें कि अब तक मेरठ क्षेत्र से 6472, सहारनपुर क्षेत्र से 9524, मुरादाबाद क्षेत्र से 16586, नोएडा क्षेत्र से 995, बुलन्दशहर क्षेत्र से 4330, गाजियाबाद क्षेत्र से 3532 उपभोक्ता योजना में पंजीकरण कराकर, लाभ उठा चुके हैं।

### कैंप का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

जनपद मेरठ के रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित ओटीएस कैम्प में एसके पुरवार निदेशक (का.एवं प्रब.) एवं धीरज सिन्हा मुख्य अभियन्ता निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं के बिल संशोधन आदि समस्याओं का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए जिससे उपभोक्ता बकाया बिल जमा कराकर योजना का लाभ उठा सके। उधर संजय जैन निदेशक एवं राजीव कुमार गुप्ता मुख्य अभियन्ता (वितरण) गाजियाबाद क्षेत्र-द्वितीय द्वारा ग्राम बखरवा मोदीनगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा उपभोक्ताओं से वार्तालाप कर, योजना का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया। अवर अभियन्ता, लाईनमैन आदि को दिशा-निर्देश दिए गए कि एकमुश्त समाधान योजना का लाभ दिलाने के लिए योजना व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। वहीं एनके मिश्रा निदेशक द्वारा ग्राम सनपुर कल्लन अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम गजरौला में आयोजित ओटीएस कैम्प का निरीक्षण किया गया।



देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## डिज़्नी और हॉटस्टार 'द फ्रीलांसर-द कन्क्लूजन' प्रदर्शित करेंगे

**नई दिल्ली।** डिज्नी और हॉटस्टार ने गुरुवार को 15 दिसम्बर, 2023 को प्रसारित होने वाले नये धारावाहिक 'द फ्रीलांसर-द कन्क्लूजन' की घोषणा की। शिरीष थोराट की किताब 'ए टिकट टू सीरिया' पर आधारित यह सीरीज भाव धूलिया द्वारा निर्देशित और शीतल भाटिया द्वारा निर्मित है। यह शो आलिया को मौत से बचाने की यात्रा को दर्शाता है, इस धारावाहिक में मोहित रैना, अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और कश्मीरा परदेशी ने अभिनय किया है। श्रृंखला में सुशांत सिंह, जॉन कोकक्केन, गौरी बालाजी, नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस और सारा जेन डायस जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं। निर्माता शीतल भाटिया ने शो की सफलता आशा व्यक्त करते हुए कहा कि पहले चार एपिसोड को उनके पैमाने और प्रदर्शन के लिए काफी सराहना मिली।

## 'अटल' में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मां का किरदार निभाएंगी नेहा जोशी



**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नेहा जोशी को नए शो 'अटल' में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मां कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। यह टेलीविजन शो दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनकहे पहलुओं की पड़ताल करता है। भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के बैकड्रॉप पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की जटिलताओं को उजागर करेगा, उन घटनाओं, विश्वासों और चुनौतियों पर प्रकाश डालेगा, जिन्होंने उन्हें एक ऐसा नेता बनाया, जो वे बने।

इस न्यूज पर प्रतिक्रिया देते हुए नेहा ने कहा कि युवा अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर मैं कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं, इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इतिहास और राजनीति के प्रति कृष्णा देवी के जुनून के बावजूद, वह शालीनता से अपने पति, कृष्ण बिहारी वाजपेयी की समर्पित समर्थक बन गईं।


उनके जीवन का मिशन अपने परिवार के भीतर सद्भाव बनाए रखना है, अपने पति की पसंद के पीछे दृढ़ता से खड़ा होना है। दृढ़ संकल्प और गहरी धार्मिक प्रतिबद्धता के साथ, वह चुपचाप ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध करती हैं, और उत्साहपूर्वक भारत की मुक्ति की कामना करती है।

## सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से शुरू

**सूर्य** देव से अपनी संतान और परिवार के सुख शांति के लिए कामना करती हैं व्रती

### सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पुत्र मनोकामना के लिए

**ग्रेटर नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। सनातन धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है और विधि विधान से किया गया पूजन जीवन में समृद्धि के लिए किया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों के साथ सेक्टर में छठ पर्व मनाने की तादाद अधिक है। छठ पर्व आते ही शहर का माहौल बदल जाता है। आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा का अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरु होगा,जिसकी तैयारी ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ग्रेटर नोएडा आईईसी कॉलेज पार्क, डेल्टा-1, नवादा शिव मंदिर में तैयारी पूरी कर ली गई है। छठ पूजा को लेकर बाजारों में पूजा के लिए सामान की खरीदारी शुरू हो गई है। शहर में पूर्वांचल व बिहार के लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर सोसायटियों के आसपास कृत्रिम तालाबों का भी निर्माण कराया है। जहां गुरुवार को टैंकरों की मदद से पानी भी भर दिया गया। शहर में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। छठी मैया के गीतों से पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी पूरी तैयारियां की हुई है। सेक्टरों में कृत्रिम तालाब बनाकर उसे छठ घाट में तब्दील किया है। कई सोसायटियों में स्वीमिंग पूल को छठ घाट का स्वरूप दिया गया है। गौर सिटी स्थित पार्क एवेन्यू में झील व एक मूर्ति गोलचक्कर के समीप छठ पूजा का स्थल बनाया गया है। पूजा करने वाले स्थलों को चिह्नित कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं की गई है। नेफोवा फाउंडेशन एवं पूर्वांचल एकता मंच के अध्यक्ष अभिषेक कुमार व सदस्य दीपांकर कुमार ने बताया कि नहाय खाय के बाद छठ पर्व की शुरुआत होती है। छठ पूजा के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। जिसमें महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। खरना के बाद संध्याकाल में सूर्य की पूजा होती है। अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। खरना के दिन गुड़ से बनी खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। रात में व्रती पूजन कर गुड़ मिश्रित चावल की खीर, गेहूं की रोटी व पका केला का भोग लगाती है। स्वयं प्रसाद ग्रहण कर घर के सदस्यों और आस पड़ोस में प्रसाद का वितरण किया जाता है।





### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन

पुत्र मनोकामना और उसके दीर्घायु तथा कुशलता के लिए चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ पूजा (सूर्योपासाना) 17 नवम्बर से शुरू कर 20 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा। सूर्योपासना के इस पवित्र चार दिवसीय पर्व के पहले दिन परवातिन (व्रत करने वाले) श्रद्धालु अंत:करण की शुद्धि के लिए कल नहाय-खाय के संकल्प के साथ नदियों-तालाबों के स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर व्रत को शुरू करेंगे। उसके बाद और चौथे दिन उगते सूर्य को गंगा में खड़े होकर अर्घ्य देकर व्रत समाप्त किया जाता है। यही एक ऐसा पर्व है जिसमें मूर्ति की पूजा नहीं होती और अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य दिया जाता है अन्यथा उगते सूर्य को ही अर्घ्य देकर उन्हें प्रणाम किया जाता है। छठ पर्व के दूसरे दिन को खरना के रूप में जाना जाता है। हालांकि इसी दिन से छठ व्रती का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है।

## 2023 में भारतीयों के बीच '123456' रहा सबसे आम पासवर्ड




**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया कि 2023 में, '123456' भारतीयों और दुनिया भर में सबसे आम पासवर्ड था। पासवर्ड प्रबंधन समाधान कंपनी नॉर्डपास के अनुसार, लोगों ने 2023 में अपने स्ट्रीमिंग खातों के लिए सबसे कमजोर पासवर्ड का उपयोग किया। लोगों के पासवर्ड में ऐसे शब्द भी पाए गए, जो किसी विशिष्ट स्थान को संदर्भित करते हैं। विश्व स्तर पर इंटरनेट उपयोगकर्ता अक्सर देश या शहर के नाम खोजते हैं, और भारत कोई अपवाद नहीं है, 'Indiaएटदरेट123' देश की सूची में उच्च स्थान पर है। रिपोर्ट में पाया गया कि 'एडमिन' शब्द, जो संभवत: उन पासवर्डों में से एक है, जिन्हें लोग बदलने से नहीं घबराते, इस साल भारत और कई अन्य देशों में सबसे आम पासवर्डों में से एक बन गया है। पिछले साल के वैश्विक विजेता 'पासवर्ड' ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड को नहीं छोड़ा। भारत में, 'पासवर्ड', 'पासएटदरेट123', 'पासवर्डएटदरेट123', और इसी तरह की विविधताएं इस साल सबसे आम पासवर्ड में दिखाई दीं। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्लेटफार्मों के लिए उपयोग किए जाने वाले पासवर्ड के बारे में पता लगाने के लिए, शोधकर्ताओं ने विभिन्न चोरी करने वाले मैलवेयर द्वारा उजागर किए गए पासवर्ड के 6.6 टीबी डेटाबेस का विश्लेषण किया, जिसे विशेषज्ञ लोगों की साइबर सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि पीड़ितों को यह एहसास भी नहीं हो सकता है कि उनका कंप्यूटर संक्रमित है। दुनिया के लगभग एक तिहाई (31 प्रतिशत) सबसे लोकप्रिय पासवर्ड पूरी तरह से संख्यात्मक अनुक्रमों से बने होते हैं, जैसे '123456789', '12345', '000000' और अन्य। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की वैश्विक सूची में 70 फीसदी पासवर्ड एक सेकंड से भी कम समय में क्रैक किए जा सकते हैं।

## माधुरी ने टीम इंडिया की जीत का मनाया जश्न

### रजनीकांत, अनुष्का के साथ खिंचवाई सेल्फी

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने भी टीम इंडिया की विश्व कप सेमीफाइनल जीत से बेहद खुश हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देने के लिए एक नोट लिखा है। बुधवार को मुंबई में भारत बनाम न्यूजीलैंड विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान माधुरी वानखेड़े स्टेडियम में थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी क्योंकि उन्होंने अपना 50वां वनडे शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था।

उन्होंने मैच का एक वीडियो शेयर किया। इसमें उनके पति श्रीराम नेने, अनुष्का शर्मा, विक्की कौशल और कुणाल खेमू भी हैं। उन्होंने रजनीकांत के साथ भी पोज दिया। माधुरी ने फुटबॉल के दिग्गज डेविड बेकहम के साथ एक सेल्फी भी साझा की।



कैप्शन के लिए उसने लिखा कि टीम इंडिया को बधाई। ब्लू में हमारे लड़कों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। माधुरी ने आगे कहा कि विराट कोहली को लगातार दो शतक और कुल मिलाकर 50 वनडे शतक लगाने और मास्टरब्लास्टर (सचिन तेंदुलकर) का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बधाई। हमें आज का खेल बहुत पसंद आया, जादुई अनुभव के लिए धन्यवाद।

## विराट के 50वें वनडे शतक के बाद यूपी जिले में बिरयानी के लिए लगी भीड़



**बहराईच (यूपी),** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बहराईच में जब एक भोजनालय के मालिक ने क्रिकेटर विराट कोहली द्वारा बनाए गए रनों के बराबर छूट की घोषणा की, तो जाहिर तौर पर उन्हें उम्मीद नहीं थी कि क्रिकेटर विश्व कप में 100 रन बनाएंगे। बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में विराट के 50वें शतक के कारण देहात पुलिस के तिकोनी बाग इलाके में बिरयानी बेचने वाले भोजनालय में भगदड़ मच गई। कोहली के शतक के साथ, छूट 100 प्रतिशत हो गई, जिसका मतलब था कि चिकन और मटन बिरयानी की प्लेट मुफ्त में आई, जिससे इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही ऑफर के दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हुए, कतार बढ़ती गई और लोगों को बिरयानी की एक प्लेट लेने के लिए कतार में आगे बढ़ने के लिए धक्का-मुक्की करते देखा गया। इससे पहले कि रेस्तरां मालिक का सामान खत्म हो जाए, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कतार में इंतजार कर रहे लोग रेस्तरां मालिक से और बिरयानी की व्यवस्था करने की मांग करने लगे। आखिरकार, किसी भी तरह की बर्बरता से बचने के लिए मालिक को अपने रेस्तरां को बंद करना पड़ा। थाना प्रभारी, कोतवाली देहात, मनोज कुमार पांडे ने कहा कि चूंकि भोजनालय के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, इसलिए किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए एक पुलिस टीम भेजी गई थी।

## पवेलियन में इनोवेटिव सरफेस प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी के साथ केरल पहला राज्य

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। केरल ने सतह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी को अपनाने वाले पहले भारतीय राज्य के रूप में खुद को स्थापित किया है, जो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में अपने मंडप में आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। जिनान-सीबी, बीनू हरिदास और जिगिश सीबी के नेतृत्व में 30 कलाकारों की एक टीम द्वारा कुशलतापूर्वक तैयार किया गया केरल मंडप उन आगंतुकों के लिए एक केंद्र बिंदु बन गया है जो राज्य के समृद्ध वाणिज्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास का पता लगाने के लिए उत्सुक हैं। केरल के पर्यटन, उद्योग, आईटी और बुनियादी ढांचे के आर्थिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार स्तंभों के ऊपर प्रदर्शित सतह प्रक्षेपण ने मंडप को वसुधैवकुटुंबकम की एक जीवित टेपेस्ट्री में बदल दिया है, जो व्यापार के माध्यम से लोगों को एकजुट करने वाली अवधारणा है।



अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

यह केरल के प्रसिद्ध मसालों की खोज में विविध वैश्विक समुदायों के साथ जुड़ते हुए, दुनिया भर में व्यापार करने वाले केरलवासियों के इतिहास का वर्णन करता है। क्योंकि सतह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन केरल द्वारा पहली बार किया गया है इसलिए इस अभिनव दृष्टिकोण ने आगंतुकों को केरल के विकास के सार को तेजी से समझने की अनुमति दी है। जिसमें एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर सदियों की वाणिज्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को शामिल किया गया है।

## मौनी रॉय ने स्टारडम की अपनी यात्रा के हर कदम को 'सीखने का अनुभव' बताया

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री मौनी रॉय ने मनोरंजन की दुनिया में काफी पहचान बनाई है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पाने वाली अभिनेत्री ने स्टार बनने की अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की।

अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, 'ब्रह्मास्त्र' अभिनेत्री ने कहा कि इस यात्रा का हर कदम एक सीखने का अनुभव रहा है, जो प्यार और समर्थन से भरा है। मैं स्नेह से अभिभूत हूं और गहराई से आभारी हूं। नयनतारा गंगोपाध्याय की भूमिका निभाते हुए, अभिनेत्री को क्राइम-थ्रिलर श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए बहुत प्रशंसा मिली है, बावजूद इसके कि शो को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

पर्दे पर मौनी रॉय अगली बार %द वर्जिन ट्री% में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह बंगाली भाषा के रियलिटी शो 'डांस बांग्ला डांस 12' में नजर आएंगी।




फिलहाल वह रियलिटी-टीवी शो 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की होस्ट भी हैं।

## युवाओं को मधुमेह का खतरा ज्यादा

### 35 फीसदी व्यक्तियों में 'फास्टिंग' में असामान्य 'ब्लड शुगर लेवल'

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चालीस वर्ष से कम उम्र के 26 फीसदी लोगों में 'फास्टिंग ब्लड शुगर' का स्तर 'बॉर्डरलाइन' पर पाया गया जिसका कारण जरूरत से ज्यादा तनाव, खान-पान की गलत आदतें, व्यायाम नहीं करना और सोने का कोई निश्चित समय नहीं होना तथा असामान्य नींद है।

हाल में किए गए एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन लोगों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) असामान्य है और जो मोटापे के शिकार हैं उनमें से 35 फीसदी व्यक्तियों में 'फास्टिंग' में असामान्य 'ब्लड शुगर लेवल' देखा गया। महिलाओं में ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करने और 'टाइप टू डायबिटीज' होने के खतरे को तय करने वाले महत्वपूर्ण कारक के रूप में रजोनिवृत्ति है। सर्वेक्षण में 25 हजार लोगों को शामिल किया गया और यह अप्रैल 2021 से मार्च 2023 के बीच गया। इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस की मुख्य विषय वस्तु 'मधुमेह के रोगियों को बेहतर देखभाल तक पहुंच दिलाना' है। इसका लक्ष्य सामूहिक स्तर पर मधुमेह पर लगाम और रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए जरूरी कदम उठाना है। भारत को मधुमेह का वैश्विक केंद्र माना जाता है।




सर्वेक्षण में कहा गया है कि मधुमेह की जल्दी जांच कराने और इसका जल्द से जल्द इलाज शुरू करने पर खास जोर दिया जाना चाहिए। निष्क्रिय जीवन शैली मधुमेह के खतरे को और बढ़ाती है। जो व्यक्ति मधुमेह के रोग से जूझ रहे हैं, वह प्रतिरोधात्मक कदम, जैसे स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर, खान-पान और जीवनशैली में बदलाव कर इस स्थिति को उलट सकते हैं। जिन लोगों में मधुमेह का ज्यादा खतरा है, उनमें वह व्यक्ति शामिल हैं, जिनके शरीर का वजन ज्यादा है, जिनके परिवार में लोगों को मधुमेह होने का इतिहास रहा है या जो सुस्त जीवन बिता रहे हैं। उन्हें नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच कराना चाहिए। गलत जीवनशैली के कारण होने वाले मधुमेह को रोकने के लिए बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए।

## गर्भवती के लिए प्रदूषण खतरनाक, रहें सावधान

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा, दिल्ली यहां तक कि पूरा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में है। दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के ऊपर पहुंच गया है, जो बहुत ही खतरनाक स्तर है। ऐसे में आम-स्वस्थ लोगों को सांस की दिक्कत, आंखों में जलन, दिल में भारीपन की शिकायत हो रही है। यह परिस्थितियां गर्भवती और उनके गर्भस्थ शिशु के लिए और भी खतरनाक साबित हो सकती हैं, इसलिए उन्हें बहुत ही सावधानी बरतने की जरूरत है।

यह बात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित कुमार (आरसीएच) ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर गुरुवार को कही। जनपद में हर माह एक, नौ, 16 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है, जिसमें सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच की जाती है और उन्हें स्वास्थ्य देखभाल संबंधित सलाह दी जाती है। डॉ. ललित का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान प्रदूषण का काफी खराब असर मां और होने वाले बच्चे पर पड़ सकता है, क्यों कि प्रदूषण एनीमिया को बढ़ाता है जो गर्भवती के लिए और भी खतरनाक साबित होता है। इसलिए हर गर्भवती को कोशिश करनी चाहिए कि वह प्रदूषण से बचे। प्रदूषण सांस, आंखों मे जलन, हृदय सहित अन्य कई बीमारियों को पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण में तरल व ठोस रूप में कई विषैले तत्व मौजूद होते हैं, जिससे यह हो सकती हैं।



- बाहर जाने से बचें, मास्क लगाएं
- घर में प्रदूषण का प्रभाव न हो इसके लिए करें इंतजाम

मां जब प्रदूषण युक्त वातावरण में सांस लेती है तो होने वाले शिशु को जन्म के साथ ही कार्डियोवस्कुलर रोग व सांस से जुड़ी समस्या सहित कई अन्य रोग हो सकते हैं, क्योंकि गर्भस्थ शिशु मां के शरीर के माध्यम से ही ऑक्सीजन ग्रहण करता है। प्रदूषण गर्भावस्था में शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। शुद्ध वायु की कमी के कारण तनाव, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन जैसी समस्या हो सकती हैं।

### गर्भावस्था में प्रदूषण से होने वाले नुकसान

डॉ. ललित ने बताया गर्भावस्था के दौरान महिला यदि प्रदूषित वातावरण में ज्यादा समय रहती है, तो तीसरी तिमाही में गर्भस्थ शिशु को ऑटिज्म होने का खतरा रहता है। ऑटिज्म एक तरह की न्यूरो-डेवलपमेंट डिसऑर्डर (मानसिक बीमारी) है। इसके अलावा प्रदूषण में ज्यादा समय बिताने से गर्भ गिरने की आशंका बढ़ भी जाती है, क्योंकि गर्भस्थ शिशु ठीक तरह से ऑक्सीजन ग्रहण नहीं कर पाता है। इसी कारण लो बर्थ वेट, प्रीमैच्योर जन्म आदि का खतरा भी रहता है।

### अस्थमा पीड़ित गर्भवती को ज्यादा खतरा

गर्भवती यदि अस्थमा से पीड़ित है तो उसे प्रदूषण से सांस लेने की दिक्कत के अलावा ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ सकती है, जो आगे चलकर दिल किडनी व लिवर पर विपरीत असर डाल सकती है। ऐसी स्थित में गर्भस्थ शिशु का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।


डॉ. ललित ने बताया कि वातावरण में पीएम 2.5 कणों (पार्टिकुलेट मैटर) की मात्रा बढ़ने से हवा प्रदूषित हो जाती है। यह कण इतने छोटे होते हैं कि सांस के साथ कब फेफड़ों तक पहुंच जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। टीबी रोगियों के लिए यह स्थिति परेशानी बढ़ा सकती है। इसके साथ ही श्वसन और हृदय रोगियों के लिए भी बढ़ता प्रदूषण खतरनाक है।

### ऐसे कर सकते हैं बचाव

यदि बाहर जाना ज्यादा जरूरी नहीं तो घर में ही रहें। बाहर जाना ही पड़े तो मास्क लगाकर ही निकलें, मल्टी लेयर गीले कपड़े का मास्क लगायें। घर के अंदर की वायु को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पौधे घर में लगाएं।

हवा साफ रखने के लिए घर में एयर प्यूरीफायर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## नाना पाटेकर ने वाराणसी के किशोर की पिटाई करने को लेकर मांगी माफी



**मुंबई/वाराणसी,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। नाना पाटेकर द्वारा सेल्फी लेने आए एक किशोर की पिटाई मामले में अभिनेता ने माफी मांगी है। हालांकि यह कथित कृत्य उनकी आगामी फिल्म 'जर्नी' के सीक्वेंस का हिस्सा था।

अभिनेता को उनके साथ सेल्फी लेने आए एक लड़के की पिटाई करते हुए देखा गया। जिसके लिए उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। इसको लेकर नाना पाटेकर ने कहा कि वायरल वीडियो का दृश्य वास्तव में फिल्म सीन का हिस्सा था। पाटेकर ने कहा कि हमने एक टेक किया ही था कि एक व्यक्ति पीछे से आता है और पूछता है, क्या तुम मुझे अपनी टोपी बेचोगे, और मैंने उसे झटका देते हुए कहा कि ऐसी बकवास बंद करो और उसे धक्का दे दिया। बाद में फिल्म निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा कि उसी दृश्य का एक और टेक होना चाहिए और जब इसे शूट किया जा रहा था, तो अज्ञात किशोर ने अचानक पीछे से कदम रखा, जैसा कि फिल्म अनुक्रम में इरादा था। पाटेकर ने शर्मिंदा होते हुए बताया कि मुझे लगा कि वह हमारा लड़का है, इसलिए मैंने उसे मारा और कहा कि ऐसी बकवास बंद करो, यहां से चले जाओ और घबराया हुआ लड़का भाग गया। एक दिन बाद पाटेकर ने उस अज्ञात लड़के से कम से कम तीन बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने प्रशंसकों से प्यार करता हूं और कभी भी ऐसी हरकत करने के बारे में नहीं सोचूंगा। वाराणसी के लोगों की प्रशंसा करते हुए नाना ने कहा कि शूटिंग के दौरान वहां से इतना प्यार और स्नेह मिला।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# त्रुटिपूर्ण भुगतान सामने आने पर यूको बैंक ने ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर रोका

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकारी स्वामित्व वाले यूको बैंक ने अस्थायी रूप से ऑनलाइन तत्काल भुगतान प्रणाली (आईएमपीएस) हस्तांतरण बंद कर दिया है, क्योंकि अन्य बैंकों के ग्राहकों द्वारा शुरू किए गए

**■ घटनाएं 10 से 13 नवम्बर के बीच हुईं और यह सुविधा बुधवार को बंद कर दी गई**

लेनदेन से धनराशि यूको बैंक के खाताधारकों को जमा की गई थी, लेकिन बैंक को धन प्राप्त नहीं हुआ। यूको बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि घटनाएं 10 से 13 नवम्बर के बीच हुईं और यह सुविधा बुधवार को बंद कर दी गई। यूको बैंक कहा, 'बैंक ने एहतियात के तौर पर आईएमपीएस चैनल को ऑफ़लाइन कर दिया है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने और आईएमपीएस सेवाओं को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। मामले को कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को




सूचित कर दिया गया है।' इसमें कहा गया है, 'वित्तीय प्रभाव का अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है और बैंक पता लगने पर इसकी जानकारी देने का प्रयास करेगा।'

हालांकि, दूसरी फाइलिंग में यूको बैंक ने दावा किया कि यह एक 'आंतरिक तकनीकी मुद्दा है, जिसके परिणामस्वरूप बैंक ग्राहकों को आईएमपीएस के माध्यम से कुछ गलत क्रेडिट प्राप्त हुए।' कुछ बैंकरों का मानना है कि यह यूको बैंक प्रणाली पर साइबर हमला हो सकता है। गौरतलब है कि आईएमपीएस एक रियल-टाइम इंटरबैंक इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सिस्टम है जो यूपीआई से जुड़ा हुआ है। आईएमपीएस के तहत दैनिक लेनदेन की सीमा 5 लाख रुपए है।

### यूको बैंक ने 820 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फंड ट्रांसफर मामले में सीबीआई के पास केस दर्ज कराया

यूको बैंक ने तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) में तकनीकी खराबी के कारण विभिन्न ग्राहकों के खातों में 820 करोड़ रुपये के हस्तांतरण के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि ये पैसे बैंक को नहीं मिले हैं। यूको बैंक ने गुरुवार को एक नियामक बयान में शेयर बाजार को बताया, 'हम आगे सूचित करते हैं कि विभिन्न सक्रिय कदम उठाकर, बैंक ने प्राप्तकर्ताओं के खातों को ब्लॉक कर दिया और 820 करोड़ रुपए में से लगभग 649 करोड़ रुपये को बनाए रखने और पुनर्प्राप्त करने में सक्षम रहा, जो कि राशि का लगभग 79 प्रतिशत है।' ये घटनाएं 10 नवम्बर से 13 नवम्बर के बीच हुईं और बुधवार को यह सुविधा बंद कर दी गई। बयान में कहा गया है, 'बैंक ने एहतियात के तौर पर आईएमपीएस चैनल को ऑफ़लाइन कर दिया है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने और आईएमपीएस सेवाओं को बहाल करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है।' यूको बैंक ने दावा किया कि यह एक 'आंतरिक तकनीकी समस्या है जिसके परिणामस्वरूप बैंक ग्राहकों को आईएमपीएस के माध्यम से कुछ गलत क्रेडिट प्राप्त हुए'।

# तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी विकास दर बढ़ने की उम्मीद : आरबीआई बुलेटिन

**मुंबई,** 16 नवम्बर (आईएएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर मौजूद वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बढ़ने होने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक के बुलेटिन में इसकी वजह 'त्योहारी मांग में तेजी' बताई गई है। नवम्बर के आरबीआई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर खर्च, निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी, स्वचालन, डिजिटलीकरण और स्वदेशीकरण को बढ़ावा मिलने से निवेश मांग लचीली दिख रही है। ओवरऑल मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2022-23 के 6.7 प्रतिशत और जुलाई-अगस्त 2023 के 7.1 प्रतिशत के औसत से घटकर अक्टूबर में 4.9 प्रतिशत रह गई। हालाँकि, साथ ही चेतावनी भी दी गई है, 'हम अभी तक संकट से बाहर नहीं निकले हैं और हमें मीलों चलना है, लेकिन सितंबर और अक्टूबर में क्रमश: लगभग पांच प्रतिशत और 4.9 प्रतिशत के आंकड़े स्वागत योग्य राहत हैं।'

लेख में कहा गया है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति कार्रवाई और आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप के संयोजन से मुद्रास्फीति कम हुई है। इसमें कहा गया है, 'शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता उपकरणों की मजबूत मांग है, खासकर मध्य और प्रीमियम सेगमेंट में। ग्राहक भावना बेहतरीन है।'




लेखकों की राय में लचीले पूंजी प्रवाह, भारतीय मुद्रा की स्थिरता और विदेशी मुद्रा भंडार के उच्च स्तर द्वारा वित्तपोषित मामूली चालू खाता घाटा (सीएडी) के साथ भारत का बाहरी क्षेत्र व्यवहार्य बना हुआ है। विकास की गति तेज हो गई है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) महामारी-पूर्व के स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और बाजार विनिमय दरों पर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस लेख के लेखकों में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा और केंद्रीय बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

## सरकार द्वारा कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर में कटौती से ओएनजीसी व ऑयल इंडिया लिमिटेड को होगा फायदा

**नई दिल्ली**, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने गुरुवार को अपनी पाक्षिक समीक्षा में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 9,800 रुपये से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया। इससे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड सहित अपस्ट्रीम तेल कंपनियों को फायदा होगा। 31 अक्टूबर को पिछली पाक्षिक समीक्षा में, सरकार ने तेल की कीमतें बढ़ने के कारण कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 1 नवम्बर से 9,050 रुपए से बढ़ाकर 9,800 रुपए प्रति टन कर दिया था। अप्रत्याशित कर में वृद्धि से सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए एलपीजी और सीएनजी पर सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलती है। हालांकि, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों को नुकसान होता है, क्योंकि उन्हें अपने कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी 2 रुपए प्रति लीटर से आधा कर 1 रुपए कर दिया गया। सरकार ने पहली बार पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर लगाया और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी, जब निजी रिफाइनरों ने घरेलू बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना शुरू कर दिया।

# जापान और भारत एशिया, उभरते बाजार इक्विटी का नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मॉर्गन स्टेनली को उम्मीद है कि 2024 में जीडीपी और ईपीएस वृद्धि फिर से जापान और भारत में उम्मीदों से बेहतर रहेगी और चीन तथा उभरते बाजारों (ईएम) में कमजोर रहेगी। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में कहा गया, 'हमने अपने एमएससीआई ईएम लक्ष्य को फिर से घटाकर 1,000 (4 प्रतिशत अधिक) कर दिया है, 2023-25 के लिए हमारे पहले के आम सहमति आय पूर्वानुमानों को 5 प्रतिशत कम कर दिया गया है। प्रमुख विपरीत परिस्थितियों में धीमी वैश्विक विकास पृष्ठभूमि, उच्च ब्याज व्यय का बोझ और यूएसडी-मूल्य सूचकांक के मुकाबले प्रमुख ईएम विनिमय दरों में और कमजोरी शामिल है।' मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य विपरीत परिस्थितियों में धीमी वैश्विक



ग्रोथ बैकड्रॉप, उच्च ब्याज व्यय का बोझ और यूएसडी-मूल्य इंडेक्स के मुकाबले प्रमुख ईएम विनिमय दरों में और कमजोरी शामिल है। चीन के ऋण-अपस्फीति की चुनौतियों से जूझते रहने की संभावना है। हमारे अर्थशास्त्री जीडीपी वृद्धि (2024 में 4.2 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी और 4.8 प्रतिशत नाममात्र जीडीपी वृद्धि) पर आम सहमति से नीचे है, जबकि हमारी एफएक्स टीम को उम्मीद है कि सीएनवाई/यूएसडी 1एच24 में 7.5 तक कमजोर हो जाएगा। यह हमें लगातार चौथे वर्ष ईपीएस वृद्धि पर आम सहमति से काफी नीचे रखता है और हम 2024 में एमएससीआई चीन के लिए 5 प्रतिशत और सीएसआई 300 के लिए 7 प्रतिशत के कम रिटर्न की उम्मीद करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इसके बिल्कुल विपरीत, 'हमारी टीम ने 2024 में भारतीय नाममात्र जीडीपी वृद्धि 11.6 प्रतिशत और 2025 में 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जिसमें युवा जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक संरेखण से प्रवाह बढ़ेगा और इक्विटी की लागत कम होगी।' जापान तीन दशकों के आर्थिक ठहराव से स्पष्ट रूप से उभरा है (हालांकि, यह 2013 में अपस्फीति से बाहर निकल गया, ग्रोथ में कमी थी), जबकि कॉर्पोरेट सुधार में तेजी देखी जा रही है।

### सार संक्षेप

## सीतारमण की करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर देते हुए आज कहा कि आंध्र प्रदेश के लिए जीएसटी सेवा केंद्रों के माध्यम से बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण की मंजूरी दे दी गई है। श्रीमती सीतारमण ने आज जीएसटी भवन, तिरूपति सीजीएसटी आयुक्तालय के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह के अवसर पर वर्चुअल संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नया जीएसटी भवन कर प्रशासन में बुनियादी ढांचे और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन एवं पट्टिका का अनावरण किया। श्रीमती सीतारमण ने भूमि पूजा और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीजीएसटी और सीमा शुल्क विजाग जोन को बधाई दी और जोन को राजस्व कमाई में सकारात्मक रुझान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## रुपया 13 पैसे लुढ़का

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 13 पैसे लुढ़ककर 83.22 रुपए प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.09 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.12 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर रहा। वहीं सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 83.27 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.09 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले 13 पैसे लुढ़ककर 83.22 रुपए प्रति डॉलर रह गया।


## सरकार द्वारा कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर में कटौती से ओएनजीसी व ऑयल इंडिया लिमिटेड को होगा फायदा

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को अपनी पाक्षिक समीक्षा में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 9,800 रुपये से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया। इससे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड सहित अपस्ट्रीम तेल कंपनियों को फायदा होगा। 31 अक्टूबर को पिछली पाक्षिक समीक्षा में, सरकार ने तेल की कीमतें बढ़ने के कारण कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 1 नवम्बर से 9,050 रुपए से बढ़ाकर 9,800 रुपए प्रति टन कर दिया था। अप्रत्याशित कर में वृद्धि से सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए एलपीजी और सीएनजी पर सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलती है। हालांकि, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों को नुकसान होता है, क्योंकि उन्हें अपने कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी 2 रुपए प्रति लीटर से आधा कर 1 रुपए कर दिया गया।

# आईटी और टेक समूह में दमदार लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बरकरार रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 306.55 अंक की तेजी के साथ 65982.48 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.75 अंक चढ़कर 19765.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 33,290.40 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत बढ़कर 39,455.87 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3874 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में लिवाली जबकि 1740 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 18 में गिरावट रही। बीएसई में एफएमसीजी, बैंकिंग और धातु समूह की 0.27 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों के शेयरों ने लाभ कमाया। इस दौरान आईटी 2.59, टेक 2.13, कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.38, वित्तीय सेवाएं 0.06, हेल्थकेयर 0.98, इंडस्ट्रियल्स 0.19, दूरसंचार 0.68, यूटिलिटीज 0.32, ऑटो 0.94, कैपिटल गुड्स 0.03, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.01, तेल एवं गैस 0.84, पावर 0.25, रियल्टी 0.98 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का




रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जापान का निक्केई 0.28, हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जर्मनी के डैक्स में 0.33 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 10 अंक फिसलकर 65,665.87 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में 65,507.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,358.37 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,675.93 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,982.48 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 19,674.70 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,627.00 अंक के निचले जबकि 19,875.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,675.45 अंक की तुलना में 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,765.20 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 2.90, एचसीएल टेक 2.81, टेक महिंद्रा 2.77, इंफोसिस 2.32, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.78, विप्रो 1.32, टाटा मोटर्स 1.26, टाटा स्टील 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.27, रिलायंस 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.04 और भारती एयरटेल 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 1.51, पावर ग्रिड 1.45, आईटीसी 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, एलटी 0.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, नेस्ले इंडिया 0.37 और एसबीआई के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# केवल 26 प्रतिशत भारतीय कंपनियां एआई का लाभ उठाने के लिए तैयार

**बेंगलुरु,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में केवल 26 प्रतिशत कंपनियां ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित प्रौद्योगिकियों को इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। सिस्को के 'एआई रेडीनेस इंडेक्स' के अनुसार, 'भारतीय कंपनियां समय के खिलाफ दौड़ रही हैं क्योंकि सर्वेक्षण में शामिल 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनके पास अपनी एआई रणनीति को लागू करने के लिए अधिकतम एक वर्ष का समय है अन्यथा इसका व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।' शोध में पाया गया कि दशकों से एआई अपनाने में धीरे-धीरे प्रगति हो रही है, पिछले वर्ष में सार्वजनिक उपलब्धता के साथ जेनरेटिव एआई में प्रगति प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों, बदलावों और नई संभावनाओं पर अधिक ध्यान दे रही है। सिस्को के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक, एप्लिकेशन और मुख्य रणनीति अधिकारी, लिज सेंटोनी ने कहा, 'जैसे-जैसे कंपनियां एआई समाधानों को तैनात करने के लिए दौड़ती हैं, उन्हें यह आकलन करना चाहिए कि कहां निवेश की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि

**■ 26 प्रतिशत कंपनियां ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित प्रौद्योगिकियों को इस्तेमाल करने के लिए तैयार**

उनका बुनियादी ढांचा एआई वर्कलोड की मांगों का सर्वोत्तम समर्थन कर सके।' सेंटोनी ने कहा, 'संगठनों को यह भी देखने में सक्षम होना चाहिए कि आरओआई, सुरक्षा और विशेष रूप से जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए एआई का उपयोग कैसे किया जा रहा है।' हालांकि, कुछ सकारात्मक खबरें भी हैं। जब एआई रणनीतियों के निर्माण की बात आती है, तो भारत में 95 प्रतिशत संगठनों के पास पहले से ही एक मजबूत एआई रणनीति मौजूद है या इसे विकसित करने की प्रक्रिया में है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव में नरमी की वजह से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और अनाज के भाव में मिलजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3871 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट फिसलकर 52.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये और मूंगफली तेल 146 रुपए प्रति क्विटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल में 66 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# माइक्रोसॉफ्ट ने एआई नवाचारों को बढ़ावा देने को कस्टम-डिज़ाइन किए गए दो चिप्स का किया अनावरण

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एआई की दौड़ को तेज करते हुए माइक्रोसॉफ्ट ने दो इन-हाउस, कस्टम-डिज़ाइन किए गए चिप्स और एकीकृत सिस्टम का अनावरण किया है, जिनका उपयोग बड़े भाषा मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। माइक्रोसाफ्ट एज्योर माया एआई एक्सीलिरेटर को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कार्यों और जेनरेटिव एआई के लिए अनुकूलित किया गया है, और माइक्रोसाफ्ट एज्योर कोबाल्ट सीपीयू, एक आर्म-आधारित प्रोसेसर, माइक्रोसाफ्ट क्लाउड पर सामान्य प्रयोजन गणना वर्कलोड चलाने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने बुधवार देर रात अपने 'माइक्रोसॉफ्ट इग्नाइट' कार्यक्रम में कहा, चिप्स अगले साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट के डेटा केंद्रों में आना शुरू हो जाएंगे, जो शुरुआत में कंपनी की सेवाओं जैसे माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट या एज़्योर ओपनएआई सर्विस को सशक्त बनाएंगे।

माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड प्लस एआई ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष स्कॉट गुथरी ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट एआई नवाचार का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, और हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने डेटा केंद्रों के हर पहलू की फिर से कल्पना कर रहे हैं।' माइक्रोसॉफ्ट घरेलू चिप्स को जोड़ने को यह सुनिश्चित करने के तरीके के रूप में देखता है कि प्रत्येक तत्व माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड और एआई वर्कलोड के लिए तैयार किया गया है। एज़्योर हार्डवेयर सिस्टम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर (एएचएसआई) की कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष रानी बोरकर ने




कहा,अंतिम लक्ष्य एक एज़्योर हार्डवेयर सिस्टम है, जो अधिकतम लचीलापन प्रदान करता है और इसे शक्ति, प्रदर्शन, स्थिरता या लागत के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है।

'सॉफ्टवेयर हमारी मुख्य ताकत है, लेकिन सच कहूं तो, हम एक सिस्टम कंपनी हैं। बोरकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट में हम हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को एक साथ मिलकर डिजाइन और अनुकूलित कर रहे हैं, ताकि एक प्लस एक दो से बड़ा हो। उन्होंने आगे कहा, 'हमारे पास पूरे स्टैक की दृश्यता है और सिलिकॉन सिर्फ एक सामग्री है।' माइक्रोसॉफ्ट इग्नाइट में, कंपनी ने उन प्रमुख सामग्रियों में से एक की सामान्य उपलब्धता की भी घोषणा की, एज़्योर बूस्ट, एक प्रणाली जो होस्ट सर्वर से उन प्रक्रियाओं को उद्देश्य-निर्मित हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर पर ले जाकर स्टोरेज और नेटवर्किंग को तेज़ बनाती है। अपने कस्टम सिलिकॉन प्रयासों को पूरा करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट ने यह भी घोषणा की कि वह ग्राहकों के लिए अधिक बुनियादी ढांचे के विकल्प प्रदान करने के लिए उद्योग साझेदारी का विस्तार कर रहा है। बोरकर ने कहा, उद्योग भागीदारों से चिप्स और हार्डवेयर के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र में प्रथम पक्ष सिलिकॉन जोड़कर, माइक्रोसॉफ्ट अपने ग्राहकों के लिए कीमत और प्रदर्शन में अधिक विकल्प प्रदान करने में सक्षम होगा।

# खेल जगत


## रोहित शर्मा पहले 10 ओवरों में मैच पलट देते हैं : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा की है और वह उनके विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 10 ओवरों में मैच की शुरुआत करने के इरादे से काफी प्रभावित हुए। रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रनों की धमाकेदार शुरुआत करते हुए भारतीय बल्लेबाजी की नींव रखी। इस तेज शुरुआत का पूरा फायदा उठाते हुए गिल, विराट और अय्यर ने 50 ओवरों में 397/4 का विशाल स्कोर बनाया। जियो सिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी की मेजबानी करते हुए आकाश चोपड़ा ने विश्व कप में अब तक कप्तान रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के प्रभाव के बारे में बात की। चोपड़ा ने कहा, आपको रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के महत्व का एहसास होता है जब मैच में करीबी मामला बनने लगता है। वह एक मकसद के साथ भारतीय पारी की शुरुआत कर रहे हैं।

# सचिन और अनुष्का की मौजूदगी में अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय वन डे शतक जड़ना सपने की तरह था : विराट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के धुंरधर बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप कप के सेमीफाइनल में न्शूजीलैंड के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रि केट में दुनिया में सबसे पहले शतकों के 'अर्द्धशतक' पूरा अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर (49 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सोने पर सुहागा यह है कि विराट के इस शतक और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी(7/57) के गेंद से कहर से भारत ने न्यूजीलैंड पर 70 रन से जीत के साथ उससे 2019 के सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुकता कर 12 बरस फिर कुल चौथी बार वन डे विश्व कप के फाइनल में स्थान बनाया। विराट मौजूदा वन डे विश्व कप में अपना तीसरा शतक पूरा करने के साथ क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट-वन डे, टी-20 और टेस्ट - में मिलाकर अपना 80 वां अंतर्राष्ट्रीय शतक पूरा किया। साथ ही विराट (10 मैच कुल, 711 रन) ने सचिन एक वन डे विश्व कप में 2003 के संस्करण में सचिन तेंडुलकर (कुल 11 मैच,673 रन) में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। विराट ने यह उपलब्धि अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर के घरेलू मैदान पर हासिल की। सचिन भी विराट की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को देखने के लिए मैदान मौजूद थे। सचिन ने विराट को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके लिए इससे ज्यादा खुशी कि बात नहीं हो सकती उनका रिकॉर्ड किसी भारतीय ने तोड़ा और ऐसा करने के लिए वन डे विश्व कप सेमीफाइनल का सा सबसे बड़ा चुना।

विराट ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, सचिन पाजी और अनुष्का की दर्शक दीर्घा में मौजूदगी में अपना 50वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक जडऩा सपने की तरह था। सच तो यह है कि मेरे लिए इस उपलब्धि को बयां करना बहुत मुश्किल है। यदि मैं इसकी तस्वीर बना कर बयां करना चाहूं तो वाकई एकदम सही तस्वीर है। मेरे लिए इससे बेहतर और क्या हो सकता है मेरे इस उपलब्धि को हासिल करने वक्त मेरी सबसे प्रिय, मेरी जीवनसंगिनी अनुष्कामैदान पर मौजूद थी। साथ ही मेरे हीरो सचिन तेंडुलकर मेरे इस उपलब्धि को मैदान पर देखने के लिए मौजूद थे। मेरे लिए इन सभी के सामने वानखेड़े स्टेडियम में अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक पूरा करना वाकई खास है। मैंने जब कोलकाता में सचिन तेंडुलकर के 49 अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक की बराबरी की थी तो उन्होंने मुझे बधाई दी थी। यह सब सपने के सच होने की तरह लगता है। मैंने अपने करियर में कभी नहीं सोच था कि मैं इस मुकाम तक पहुंच पाउंगा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल बड़ा मैच था और मैं इसमें बड़ी पारी खेल कर टीम को जिताने के लिए फिर योगदान करना चाहता था। मैं मैदान पर उतर कर बड़ी पारी खेलना था। मैं खुश हूं कि सभी कुछ मनमाफिक रहा और हम बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रहे। मैं बराबर कहा है कि मेरे लिए सबसे अहम है अपनी टीम को जिताना और इसके लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। मुझे इस वन डे विश्व कप में जो रोल दिया गया है कि मैं उसे अपनी पूरी क्षमता से निभाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं आखिर तक बल्लेबाजी करना चाहता हूं, जिससे कि बाकी बल्लेबाज मेरे साथ बल्लेबाजी कर सके। मुझे यह विश्वास है कि मैं बाद के ओवर में खुल कर बल्लेबाजी कर सकता हूं। इसी लिए मैं अब तक बराबर अच्छी बल्लेबाजी कर पाया। मैं मच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर पा रहा हूं।' विराट ने बुधवार को सेमीफाइनल न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर दो रन दौड़ कर जैसे ही वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 50 शतक पूरा किया मैदान पर मौजूद सचिन तेंडुलकर और दुनिया के महान फुटबॉलर इंग्लैंड के डेविड बैकहम ने अपनी सीट से उठकर तालियां बजा कर उनका अभिवादन किया भारत की पारी के बाद दोनों ने मैदान पर आकर उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। जैसे ही विराट ने अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पूरा किया तो दर्शक दीर्घा में मौजूद उनकी पत्नी अनुष्का के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। विराट ने शतक पूरा करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा की ओर जैसे ही अपना बल्ला दिखाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। विराट कोहली अब मौजूदा वन डे विश्व कप में दस मैचों में कुल 711 रन बनाकर सचिन तेंडुलक र (11 मैच कुल 673 रन) के 2003 के वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ खुद शीर्ष पर पहुंच गए। विराट, सचिन और मैथ्यू हेडन के बाद कप्तान रोहित शर्मा 2019 के वन डे में पांच शतकों सहित बनाए (कुल 64 रन) के साथ चौथे और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर (10 मैच, कुल 647 रन) पांचवें स्थान पर है।

### एक विश्वकप में बल्लेबाज के सर्वाधिक रन

| बल्लेबाज | साल | पारी | रन | औसत | शतक | अर्द्धशतक | सर्वोच्च |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 2023 | 10 | 711 | 101.57 | 3 | 5 | 117 |
| सचिन तेंडुलकर | 2003 | 11 | 673 | 61.18 | 1 | 6 | 152 |
| मैथ्यू हेडन | 2007 | 10 | 659 | 73.22 | 3 | 1 | 158 |
| रोहित शर्मा | 2019 | 9 | 648 | 81.00 | 5 | 1 | 140 |
| डेविड वॉर्नर | 2019 | 11 | 647 | 71.88 | 3 | 3 | 166 |

**नोट : 5 में 3 विराट, रोहित और डेविड वॉर्नर ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे है**

### तीनों फॉर्मेट मिलाकर अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक

| बल्लेबाज | शतक | रन | औसत | पारी |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंडुलकर | 100 | 34357 | 48.52 | 782 |
| विराट कोहली | 80 | 26478 | 54.36 | 573 |
| रिकी पॉन्टिंग | 71 | 27483 | 45.95 | 668 |

**नोट : तीनों विराट कोहली अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं**

## विराट के 50 वें अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पर बोले दिग्गज....

### मेरे लिए बड़ी खुशी की बात किसी भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा : सचिन

मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात नहीं हो सकती कि किसी भारतीय (विराट कोहली ) ने मेरे वन डे में 49 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा। इससे भी बड़ी खुशी की बात यह कि सी भारतीय ने वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल जैसे बड़े मंच पर मेरे घरेलू मैदान वानखेड़े पर मेरा यह रिकॉर्ड तोड़ा। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार विराट से भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला तो टीम के साथियों ने जब मजाक में उनकी खिंचाई करते हुए मेरे पांव छूने को कहा था तब मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया लेकिन क्रिकेट के लिए अपने जुनून और कौशल से आपने मेरा दिल जीत लिया। मुझे बेहद खुशी है कि तब का नौजवान लड़का आज %विराट' खिलाड़ी बन गया है।'

### विराट की उपलब्धि पर उनके स्वर्गीय पिता को भी गर्व हो रहा होगा : युवराज

विराट कोहली को 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड को तोडऩे की बड़ी उपलब्धि हासिल करने की बधाई। मुझे पूरा विश्वास है कि विराट के स्वर्गीय पिता भी आज बहुत गर्व हो रहा होगा और स्वर्ग से अपने सुपुत्र की इस उपलब्धि मुस्कुरा रहे होंगे। विराट की यह उपलब्धि उनकी इस पीढ़ी की सबसे महान उपलब्धि है।'

# सचिन के 100 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं विराट : रवि शास्त्री



**मुंबई,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की 70 रनों की जीत में 117 रनों की शानदार पारी खेलकर विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों की लंबे समय से चली आ रही संख्या को पीछे छोड़ दिया, जिसके बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इस करिश्माई बल्लेबाज में महान बल्लेबाज सचिन के सौ शतकों के आंकड़े की बराबरी करने की क्षमता है।

किसने सोचा होगा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे तो कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय खेल में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। अवास्तविक। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी, जब शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, तो वे बहुत तेज़ी से शतक बना लेते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में आपको पांच और शतक देखने को मिल सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा है। यह सोचना कि उसके पास अभी भी तीन या चार साल का क्रिकेट बाकी है, दिमाग चकराने वाला है।

कोहली अब विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और शास्त्री का मानना है कि कोहली ने अच्छी तैयारी की है और पूरे टूर्नामेंट में नियंत्रण में दिखे। मुझे लगता है कि उनका संयम, उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति (बता रही थी)। मैंने उसे पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह कुछ घबराए हुए दिखते थे। वह तुरंत इस पर काम करना चाहता है। यहाँ ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने बचाव पर ध्यान दिया है, दबाव झेला है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह बहुत ही अद्भुत रहा है। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री बताते हैं कि कोहली को हर मैच से पहले अपनी सावधानीपूर्वक तैयारी का लाभ मिल रहा है, खासकर विकेटों के बीच दौड़ने में कुशल होने का।

यह तीनों (मानसिक बदलाव, तकनीकी बदलाव और फिटनेस पर जोर) का मिश्रण है। (यह) उसे पारी की शुरुआत में शांत रहने के लिए कुछ समय देता है। पहले 10, 15 रनों में उनके शॉट चयन के कारण वह अतिरिक्त जोखिम नहीं लेते। वह गेंद को छोड़ने, गेंद को चारों ओर से घुमाने के लिए काफी तैयार है। उनकी बल्लेबाजी की एक विशेषता विकेटों के बीच उनकी दौड़ रही है। तथ्य यह है कि उसे चौके और छक्के नहीं लगाने पड़ते, वह अपनी शारीरिक फिटनेस के कारण विकेटों के बीच कड़ी मेहनत कर सकता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इससे उस पर से दबाव कम हो जाता है। यहां तक कि जब उसे बाउंड्री नहीं मिल रही होती, तब भी वह स्ट्राइक रोटेट कर रहा होता है और उसके पास हमेशा पारी के अंत तक पहुंचने की अदभुत क्षमता होती है।

# मैदान पर फील्डिंग में थोड़ा खराब होने के बाद भी हम शांत थे : रोहित



**मुम्बई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने विश्व कप में 10 में से 10 मैच जीते हैं। वे शानदार दिखे हैं, वे बल्ले और गेंद से हावी दिखे लेकिन बुधवार को मुंबई में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ सेमीफ़ाइनल में ऐसा नहीं था फरि यदि जीत का अंतर 70 रन हो। कप्तान रोहित शर्मा इस बात को मानते हैं कि इस विश्व कप में यह उनका सबसे मुश्किल मैच था, टूर्नामेंट में बने रहने और जीत हासिल करने के लिए उनकी टीम को एकत्रित रहना था और सेमीफ़ाइनल के समीकरण को दूर रखना था।

रोहित ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, जिस तरह से हमारे गेंदबाज़ों ने आगे आकर नई गेंद से गेंदबाज़ी की, विकेट लिए, जब आपके पास ऐसा लक्ष्य हो तो आपको शुरू में विकेट लेने होते हैं और हमने ऐसा ही किया। आज सेमीफ़ाइनल था तो मैं यह नहीं कहना चाहता कि दबाव नहीं था। जब भी आप मैच खेलते हो तो दबाव होता है और सेमीफ़ाइनल में थोड़ा और दबाव आ जाता है। लेकिन मुझे लगता है लड़के अपना काम कर रहे थे। सच कहूं तो हम सेमीफ़ाइनल के समीकरण को बाहर रखना चाहते थे, अधिक सोचना नहीं चाहते थे। हम बस वही करना चाहते थे जो हमने पहले नौ मैचों में किया था और चीज़ें दूसरे हाफ़ में भी हमारे लिए अच्छी रही।

बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी डेरिल मिचेल और केन विलियमसन ने टीम पर दबाव बनाया और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 149 गेंद में 181 रनों की साझेदारी की, जिससे वानखेड़े में दर्शक शांत हो गए। मिचेल ने 85 गेंद में शतक लगाया तो विलिमयसन ने अर्धशतक लगाया।

भारत ने विलियमसन का कैच भी छोड़ा जहां मोहम्मद शमी मिडऑन पर यह कैच नहीं लपक पाए थे और इसी साझेदारी में एक रन आउट का मौक़ा भी गंवाया। उस समय न्यूज़ीलैंड की टीम चेज़ करते हुए संतुलन में थी, लेकिन पहले दो विकेट लेने वाले शमी वापस आए और 33वें ओवर में विलयिमसन का विकेट लिया।

रोहित ने कहा, जब स्कोरिंग रेट नौ के ऊपर हर समय था, तो आपको चांस लेने होते हैं। कई बार आप क़ामयाब होते हैं और कई बार ऐसा नहीं होता। उन्होंने हमें मौक़ा दिया, हम उसका फ़ायदा नहीं उठा पाए। लेकिन श्रेय मिचेल और विलियमसन को भी देना होगा जो बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहे थे।

दोबारा कहता हूं हमारे लिए शांत रहना अहम था। एक समय पर दर्शक पूरी तरह से शांत हो गए थे, यही मैच की प्रकृति है। लेकिन हम जानते थे कि हमें कुछ मैजिक दिखाना होगा, चाहे एक अच्छा कैच या एक बेहतर रन आउट या हो सकता है एक अच्छी गेंद। लेकिन हमने सब किया लेकिन क़ामयाब नहीं हुए, लेकिन हां शमी शानदार थे।

रोहित ने कहा, मैंने यहां पर काफ़ी क्रिकेट खेला है तो मैं जानता हूं कि इस मैदान पर कुछ भी स्कोर बनाकर आप आराम नहीं फ़रमा सकते, आप को चाहिए कि काम जल्द से जल्द हो और आप मैच में बने रहें। हम जानते थे कि उस साझेदारी के समय हम पर दबाव था, हम बस एकत्रित रहे। हम तब भी शांत थे जब हम थोड़ी ख़राब फ़ील्डिंग कर रहे थे। लेकिन यह हो सकता है। हमने नौ सटीक मैच खेले हैं तो यह चीज़ें हो सकती हैं, लेकिन मैं खुश हूं हमने अंत में काम कर लिया। वानखेड़े की पिच बल्लेबाज़ी के मुफ़ीद होती है और यह इस दिन भी अलग नहीं थी।

भारत ने रोहित और शुभमन गिल के दम पर तेज़ शुरुआत की और 50 गेंद में 75 रन बना डाले। कोहली ने रिकॉर्ड 50वां शतक लगाया और श्रेयस ने भी 70 गेंद में 105 रन की पारी खेली। भारत ने आख़िरी 10 ओवर में 110 रन बना डाले, जिससे वे टूर्नामेंट में तीसरी बार 350 से अधिक रन बना पाए।

रोहित ने कहा, शीर्ष पांच-छह बल्लेबाज़ों को जब भी मौक़ा मिलता है वे उसको भुनाते हैं। मैं इस बात से बहुत खुश हूं जो अय्यर ने हमारे लिए इस टूर्नामेंट में किया है। वह बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर रहे हैं। शुभमन ने भी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की लेकिन बदकिस्मती से उन्हें क्रैंप आ गया और उन्हें वापस जाना पड़ा। कोहली हमेशा की तरह शानदार थे, उन्हें बेहतरीन पारी खेली और रिकॉर्ड बनाया। कुल मिलाकर बल्लेबाज़ी शानदार थी और हम इसी तरह के इरादे के साथ बल्लेबाज़ी में आगे बढ़ना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### बिग बैश लीग से हटे इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते अपने बढ़ते कार्यभार के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सीजन से हट गए हैं। हैरी ब्रूक को इस साल सितंबर में एक विदेशी ड्राफ्ट के माध्यम से क्लब ने अपनी दूसरी पसंद के रूप में शामिल किया था। दिसंबर में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा बनने के बाद ब्रूक सात बीबीएल मैचों के लिए स्टार्स में शामिल होने के लिए तैयार थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, स्वाभाविक रूप से हम निराश हैं कि हैरी ने बीबीएल से नाम वापस ले लिया है। लेकिन, हम उसके बढ़े हुए कार्यभार के कारण उसके फैसले को समझते हैं। हम स्पष्ट रूप से हैरी को बहुत अधिक रेटिंग देते हैं और हम उसे इस गर्मी में ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस के साथ एमसीजी में देखना पसंद करते। हम उनकी आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। बीबीएल 2023-24 सीजन 7 दिसंबर से शुरू होगा और 24 जनवरी को समाप्त होगा।

### शुरुआती विकेट लेने में विश्वास रखता हूं : शमी

**मुंबई।** जहां दुनिया गेंदबाजी में विविधता लाने की कसम खाती है, वहीं भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी भी इसे बेहतर बनाने और नई गेंद से विकेट लेने में विश्वास रखते हैं। रिप्लेसमेंट के तौर पर वर्ल्ड कप 2023 में प्लेइंग-11 में जगह बनाने वाले मोहम्मद शमी ने अपने दमदार प्रदर्शन से भारत को फाइनल में पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में एक नहीं, बल्कि कई धमाल किए और सात विकेट चटकाते हुए न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। वानखेड़े की पिच पर जो धीमी, सूखी और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी। इस गेंदबाज ने शुरुआती ओवरों में टीम को सफलता दिलाई। फिर, एक पल ऐसा लगा कि भारत के हाथ से मैच फिसल रहा है, तो वो शमी ही थे जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। प्लेयर ऑफ द मैच शमी जो बांग्लादेश के खिलाफ भारत के चौथे मैच में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद प्लेइंग-11 में शामिल हुए थे। उन्होंने केन विलियमसन (69) और डेरिल मिशेल (134) के बीच 163 रन की साझेदारी को तोड़कर दो विकेट लिए। शमी ने मैच के बाद कहा, मैं अपने मौके का इंतजार कर रहा था। मैंने ज्यादा सफेद गेंद वाली क्रिकेट नहीं खेली। मेरी वापसी न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में शुरू हुई। हम बहुत सारी विविधताओं के बारे में बात करते हैं, लेकिन मैं अभी भी इसे आगे बढ़ाने और विकेट हासिल करने में विश्वास रखता हूं। शमी अब इस विश्व कप में केवल छह मैचों में 23 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा को पछाड़कर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

# मिलर के शतक के बावजूद द. अफ्रीका 212 पर सिमटा



**कोलकाता,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर (101) के पहले विश्व कप शतक के बावजूद द.अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां ईडन गार्डन्स में गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में 49.4 ओवर में 212 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन, उसका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ और उसने 24 रन तक जाते-जाते अपने चार विकेट गंवा दिए जबकि, मैच के दौरान बारिश से कुछ बाधा पड़ी और खेल थोड़ी देर के लिए रुका भी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को जमने का कोई मौका नहीं दिया।

बारिश का अनुमान था, आसमान में काले बादल छाये हुए थे। ऐसे में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला काफ़ी रिस्की था। ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज़ों ने परिस्थितियों का फ़ायदा उठाते हुए धारदार गेंदबाज़ी की और गेंद को काफ़ी मूव कराया। मिलर का शतक अगर नहीं आता तो दक्षिण अफ़्रीका और भी ज़्यादा मुश्किल में होता।

मिलर ने एक छोर संभाल कर खेलते हुए 116 गेंदों पर 8 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। उनकी इसी पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 200 का स्कोर पार करने में कामयाब रही। छठे नंबर के बल्लेबाज मिलर ने हेनरिक क्लासेन (47) के साथ पांचवे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। लेकिन पार्ट टाइम स्पिनर ट्रेविस हेड ने 31वें ओवर में क्लासेन और मार्को यानसन के विकेट लगातार गेंदों पर लेकर दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष समाप्त कर दिया।

मिलर ने गेराल्ड कोएट्ज़ी (19) के साथ सातवें विकेट के लिए 53 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका की लड़ने लायक स्कोर बनाने की उम्मीदों को कायम रखा। लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी को सिमटने में ज्यादा समय नहीं लगा।

बांए हाथ के बल्लेबाज मिलर ने छक्का मारकर अपना पहला विश्व कप शतक पूरा किया। लेकिन विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर वह हेड के हाथों लपके गए। कमिंस ने केगिसो रबाडा को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी 212 रन पर समेट दी।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत ही खराब रही और कप्तान तेंबा बावुमा खाता खोले बिना पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक ने निर्णायक मुकाबले में निराश किया और तीन रन बनाकर जोश हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए। रैसी वान डेर डुसेन ने 31 गेंदें खेली लेकिन 6 रन ही बना पाए। एडन मार्करम 10 रन बनाकर मिशेल स्टार्क का दूसरा शिकार बने। अपने चार विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करती रही।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क और कमिंस ने क्रमश- 34 और 51 रन पर तीन-तीन विकेट लिए। हेजलवुड और हेड को 2-2 विकेट मिले।

# अहमदाबाद में फाइनल खेलने के लिए फिट हूं : शुभमन गिल

मुम्बई, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। डेंगू की वजह से शुभमन गिल विश्व कप की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे और बुधवार को मुंबई में हुए सेमीफ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ रिटायर हर्ट होना इसकी ही वजह थी। भारत की पारी के 23वें ओवर में गिल 79 रन पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे, जब उन्हें बाहर जाना पड़ा था। उन्होंने मैच के बाद पुष्टि की कि वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में होने वाले फ़ाइनल में खेलने के लिए फ़टि हैं। शुभमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शुरुआत क्रैंप से हुई थी और इसके बाद मुझे थोड़ी हैमस्ट्रिंग भी हो गई थी। एक तो गर्मी बहुत थी और दूसरा यह डेंगू के बाद का प्रभाव भी था। पहले दो लीग मुक़ाबले नहीं खेलने के बाद गिल टीम में वापस लौटे थे और तब से वह आठ मैच खेल चुके हैं। जहां उन्होंने बताया कि इससे उनके गेम पर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन उनका वजन जरूर थोड़ा घटा है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपनी बल्लेबाज़ी के मामले में वास्तव में कुछ भी बदलाव नहीं किया है, लेकिन क्योंकि मेरी मांसपेशियां थोड़ी कमजोर हो गई हैं, मुझे लगता है कि डेंगू से पहले मेरे पास जो रिजर्व था वह थोड़ा कम हो गया है। जब आप गर्मी में खेलते हैं तो आपको क्रैंप आते हैं लेकिन मुझे यह लंबे समय बाद हुआ है। लेकिन क्योंकि मेरी मासपेशियां थोड़ी कमजोर हुई हैं तो इससे दिक्कत हुई। भारत ने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के शतकों की वजह से चार विकेट पर 397 रन बनाए वहीं क्रैंप के बाद शुभमन अंत में बल्लेबाज़ी करने आए और एक रन बनाकर 80 रन पर नाबाद रहे। शुभमन सेमीफ़ाइनल में जीत में योगदान देने पर खुश दिखे। शुभमन ने कहा, यदि मुझे क्रैंप नहीं आता तो हो सकता है मैं शतक बना पाता।